वाराणसी, सोमवार 23 दिसम्बर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 13, अंक 315, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00
किसान दिवस
परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित
डाक/नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# बिजली के निजीकरण के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का किया ऐलान

## बिडिंग प्रक्रिया शुरू होते ही 'करो या मरो' के नारे के बीच अनिश्चितकालीन आंदोलन तय

**विद्युतकर्मियों की हुंकार**

**लखनऊ में बिजली पंचायत में जुटे प्रदेश से हजारों कर्मचारी पूर्वांचल की जबर्दस्त भागीदारी**

**लखनऊ/वाराणसी।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगमों के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ विद्युतकर्मियों ने कमर कस ली है। लखनऊ में रविवार को आयोजित 'बिजली पंचायत' में प्रदेश भर से जुटे विद्युतकर्मियों ने हुंकार भरते हुए निजीकरण के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का ऐलान करदिया। कहा कि बिडिंग प्रक्रिया शुरू होते ही 'करो या मरो' के नारे के बीच समस्त विद्युतकर्मी बेमियादी आंदोलन पर चले जायेंगे। लखनऊ में हुए 'बिजली पंचायत' में पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में जबर्दस्त भागीदारी रही।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले आयोजित 'बिजली पंचायत' में बनारस के हजारों बिजलीकर्मी बसों, चार पहिया वाहनों के अलावा ट्रेन से लखनऊ पहुंचे और यह निर्णय लिया गया कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण वापस नहीं लिया गया तो 'करो या मरो' की भावना से निर्णायक संघर्ष किया जायेगा। बिजली पंचायत ने ऐलान किया कि बिडिंग प्रक्रिया शुरू होते ही समस्त ऊर्जा निगमों को तमाम बिजली कर्मचारी और अभियंता उसी समय अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारम्भ कर देंगे, जो बिजली का निजीकरण वापस होने तक जारी रहेगा। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रदेश के समस्त जनपदों एवं परियोजनाओं पर बिजली पंचायत आयोजित की जायेगी। बिजली पंचायत में प्रदेश सरकार से यह मांग की गयी कि बिजली व्यवस्था सुधारने को वर्ष 2000 के समझौते का पालन करते हुए यूपीएसईबी लि. का पुर्नगठन किया जाये और मार्च 2023 के हड़ताल के दौरान ऊर्जा मंत्री के आदेश, जिसमे समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस लेने का था, उसका पालन करने प्रस्ताव पास हुआ। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों एवं परियोजनाओं पर चरणबद्ध बिजली पंचायत आयोजित करने का निर्णय हुआ।

बिजली पंचायत में ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे, ऑल इण्डिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, ऑल इण्डिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाईज के सेक्रेटरी जनरल मोहन शर्मा एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा आदि के अलावा बनारस से आरके वाही, ओपी सिंह, अविनास कुमार, नरेंद्र वर्मा, राजेन्द्र सिंह, मदन श्रीवास्तव, संतोष कुमार, अंकुर पांडेय, रमाशंकर पाल, अभिषेक सिंह समेत हजारों विद्युतकर्मियों ने भागीदारी की।




### मुख्यमंत्री से प्रभावी हस्तक्षेप की अपील

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बिजली पंचायत में एक प्रस्ताव पारित करके बिजली कर्मचारियों और उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे 42 जनपदों के बिजली के निजीकरण जैसे लोक महत्व के अत्यन्त गंभीर सवाल पर प्रभावी हस्तक्षेप करने की कृपा करें, जिससे अरबों-खरबों रुपये की परिसम्पत्तियों को चंद कारपोरेट घरानों के हाथ बेचने की यूपीपीसीएल प्रबंधन की साजिश कामयाब न हो सके। संघर्ष समिति सीएम के प्रति पूर्ण विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में बिजली कर्मियों ने वर्ष 2016-17 में 41 प्रतिशत एटी एंड सी हॉनियों को कम करके वर्ष 2023-24 में 17 प्रतिशत तक कर दिया है। बिजलीकर्मी सीएम से अपील करते हैं कि वे निजीकरण की जा रही एकतरफा प्रक्रिया को रोकें, जिससे बिजलीकर्मी पूरे मनोयोग से अपने काम में जुटे रहे। संघर्ष समिति ने विश्वास दिलाया कि जब सात साल में 24 प्रतिशत लाइन हानियां कम की जा सकती हैं तो अगले एक वर्ष में निश्चय ही लाइन हानियां 12 प्रतिशत तक ले आने में बिजलीकर्मी पूर्णतया समर्थ हैं।

### श्रम संघों व उपभोक्ता परिषद का समर्थन

बिजली पंचायत में शामिल श्रम संघ नेताओं ने एक स्वर में कहा कि बिजली के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के संघर्ष का वे पूरी तरह समर्थन करते हैं।

श्रम संघों ने चेतावनी दी कि यदि निजीकरण का विरोध कर रहे एक भी बिजली कर्मचारी का किसी प्रकर का उत्पीड़न किया गया तो प्रदेश के लाखों कर्मचारी और श्रमिक चुप नहीं रहेंगे और बिजली कर्मियों के साथ आन्दोलन में कूद पड़ेंगे।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने संघर्ष समिति के प्रस्ताव का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस कराने को बिजली उपभोक्ता, बिजली कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेंगे। यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक बिजली का निजीकरण वापस न ले लिया जाये।

### प्रदेश के 27 लाख कर्मचारी होंगे सड़क पर

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एण्ड इंजीनियर्स के संयोजक प्रशांत चौधरी ने कहा कि यदि उप्र में बिजली के निजीकरण का फैसला वापस न लिया गया और बिजली कर्मियों को आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ा तो पूरे देश के 27 लाख बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और अभियन्ता मूक दर्शक नहीं रहेंगे और सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। इतना ही नहीं, देश भर में बिजली कर्मचारी भी अनिश्चितकालीन आन्दोलन पर चले जायेंगे, जो बिजली का निजीकरण वापस होने तक जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उप्र के किसी भी बिजली कर्मचारी का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न करने की कोशिश की गयी तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी।

# कुवैत में पीएम मोदी को मिला सर्वोच्च सम्मान



**सम्मानित**

**'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से नवाजे गए प्रधानमंत्री**

**खाड़ी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत कर रहे पीएम, कुवैत सरकार ने की थी स्थापना**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत यात्रा पर हैं। वहीं पीएम मोदी की कुवैत यात्रा के अंतिम दिन उन्हें वहां के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। कुवैत ने पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया। पीएम मोदी को किसी देश की ओर से यह 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है।

कुवैत का सर्वोच्च सम्मान विदेशी देश के राष्ट्रध्यक्षों और शाही परिवारों के सदस्यों को दिया जाता है। कुवैत अपना सर्वोच्च सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश को भी दे चुका है। पीएम मोदी लगातार खाड़ी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कुवैत के प्रधानमंत्री अमीर शेख मेशाल अल अहमद अल-जबर अल-सबा के साथ मुलाकात की। उनकी मुलाकात के दौरान विशेष रूप से व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्र में भागीदारी जारी रखने पर चर्चा हुई। पीएम मोदी को कुवैत दौरे का निमंत्रण वहां के प्रधानमंत्री ने ही दिया था। 21 दिसंबर को पीएम मोदी कुवैत पहुंचे थे। पिछले 43 साल में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली कुवैत यात्रा है। पीएम मोदी ने शनिवार को भारतीय प्रवासियों को भी संबोधित किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने एक श्रमिक शिविर का भी दौरा किया था। कुवैत के सर्वोच्च सम्मान की स्थापना 16 जुलाई 1974 को कुवैत सरकार ने की थी। यह सम्मान कुवैत के शेख माने जाने वाले मुबारक अल सबाह की स्मृति में की गई थी। मुबारक अल सबाह ने 1897 में कुवैत को ओटोमन साम्राज्य से एक अलग स्वतंत्र देश के रूप में स्थापित किया था। पीएम मोदी ने अमीर शेख मेशाल से मुलाकात के बाद एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशल अल अहमद अल जबर अल सबा के साथ शानदार मुलाकात हुई।

# फिल्म स्टार अल्लू अर्जुन के घर पर हमला

**हैदराबाद।** उस्मानिया विश्वविद्यालय के कई सदस्यों ने रविवार को हैदराबाद में तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन के जुबली हिल्स स्थित आवास पर धावा बोल दिया और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इस हमले के बाद 8 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने हस्तक्षेप किया और विश्वविद्यालय की संयुक्त कार्रवाई समिति के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें बाद में जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन ले जाया गया।



उस्मानिया विश्वविद्यालय जैक के कई नेताओं वाले समूह ने अभिनेता के घर में जबरन घुसने का प्रयास किया और 35 वर्षीय महिला के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की। आपको बता दें कि 4 दिसंबर को हैदराबाद के एक सिनेमा हॉल में भगदड़ जैसी स्थिति के दौरान महिला की मृत्यु हो गई थी। अल्लू अर्जुन यहां अपनी हालिया रिलीज पुष्पा 2 के प्रीमियर के लिए पहुंचे थे। इससे पहले आज ही तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जितेंद्र ने कहा कि फिल्मी हस्तियों और अन्य सभी को यह समझना चाहिए कि नागरिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और उन्हें उसी के अनुसार आचरण करना चाहिए। वह इस महीने की शुरूआत में पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत और तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन की कुछ टिप्पणियों के मुद्दे पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# वाम दलों ने 35 सालों में किया त्रिपुरा का बंटाधार

**त्रिपुरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को वामदलों पर 35 साल के अपने शासन के दौरान त्रिपुरा को पिछड़ा राज्य बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य की सत्ता में आने के बाद ही यहां प्रगति हो सकी। शाह ने विस्थापित ब्रू आदिवासियों के पुनर्वास वाले एक गांव का दौरा करने के बाद यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कम्युनिस्ट शासन के दौरान त्रिपुरा विकास के सभी मानदंडों पर पीछे रह गया था, लेकिन अब प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

अमित शाह ने कहा कि 35 साल तक कम्युनिस्टों ने त्रिपुरा पर शासन किया। कम्युनिस्टों ने दावा किया कि उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए काम किया। कांग्रेस ने भी काफी समय तक त्रिपुरा पर शासन किया, लेकिन राज्य के लोग हमेशा गरीब ही रहे। जब भाजपा सत्ता में आई तब त्रिपुरा में विकास हुआ। शाह ने कहा कि जब वह 2017 में भाजपा अध्यक्ष के तौर पर त्रिपुरा आए थे और पांच दिन रुके थे, उस समय केवल 11 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली थी। धीरे-धीरे हमने अपना काम शुरू किया। हमने कड़ी मेहनत की और सालों की मेहनत के बाद कम्युनिस्टों को सत्ता से बाहर कर पाए।

**साधा निशाना**

**बोले, भाजपा ने किया विकास अमित शाह ने 2028 को लेकर की बड़ी भविष्यवाणी**



गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी शासन के दौरान सिर्फ 21.5 प्रतिशत लोगों को नल से पीने का पानी मिलता था और अब 85 प्रतिशत लोगों को पीने योग्य पानी मिलता है। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट शासन के तहत गरीबों को मुफ्त अनाज नहीं मिलता था, लेकिन अब प्रत्येक व्यक्ति को पांच किलोग्राम चावल मिलता है और सभी को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। शाह ने कहा कि त्रिपुरा में निवेश आया है और लोगों को मुफ्त बिजली और एलपीजी कनेक्शन मिल रहे हैं।

### भाजपा ने किया विस्थापित लोगों के पुनर्वास का फैसला

शरणार्थियों के पुनर्वास का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने 40,000 विस्थापित लोगों के पुनर्वास का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि ब्रू लोग अमानवीय परिस्थितियों में रह रहे थे, लेकिन वामपंथी सरकार ने उनकी स्थिति सुधारने के लिए कभी कोई कदम नहीं उठाया। अब हम इस पर काम कर रहे हैं और पहले ही 11 गांव बसाए जा चुके हैं, जबकि एक और गांव बसाने का काम जारी है। शाह ने कहा कि ब्रू लोगों को अब वे सभी स्वतंत्रताएं मिल रही हैं, जो किसी अन्य भारतीय नागरिक को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि अब उनके पास आधार कार्ड है, वे मतदाता सूची में नामांकित हैं, उनके पास राशन कार्ड हैं और ये सब मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुनर्वासित लोगों को उनके मकान बनाने के लिए 1.5 लाख रुपये, सावधि जमा के रूप में चार लाख रुपये और 24 महीने के लिए 5000 रुपये मासिक किस्त के रूप में दिए गए।

## सांसद जियाउर्रहमान बर्क के नाम नोटिस जारी

**संभल।** दिवंगत पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क व उनके पोते सांसद जियाउर्रहमान बर्क के नाम से लगे दो मीटर बिजली विभाग ने जांच के लिए विद्युत परीक्षणशाला भेजे हैं। इस विद्युत परीक्षणशाला के एक्सईएन सुप्रीत सिंह ने दिवंगत पूर्व सांसद और सांसद के नाम से नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में कहा गया है कि 19 दिसंबर को विद्युत परीक्षणशाला में मीटर की जांच के लिए सांसद व पूर्व सांसद के प्रतिनिधि को बुलाया गया था लेकिन वह कुछ समय के बाद चले गए और बार-बार फोन करने के बाद भी नहीं आए। इसलिए जांच नहीं हो सकी। इसलिए अब मीटर के परीक्षण के लिए 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे का समय निर्धारित किया गया है। इसमें कहा है कि आप स्वयं अथवा आपके अधिकृत प्रतिनिधि विद्युत परीक्षणशाला संभल में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जिससे आपके मीटर की अंतिम जांच आपके समक्ष की जा सके। इसके बाद अंतिम जांच में पाए गए परिणाम आपके समक्ष ही घोषित किये जा सके।

सपा के संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क के दीपा सराय में स्थित घर में बिजली चोरी का मामला पकड़े जाने पर बिजली विभाग ने 1.91 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। सांसद को नोटिस जारी कर 15 दिन का समय दिया गया है। यदि तय समय पर सांसद की ओर से जवाब नहीं दिया जाता है तो राजस्व वसूली की कार्रवाई आगे बढ़ेगी। अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि जुर्माना तय होने के बाद सांसद को नोटिस जारी किया गया है। तय समय सीमा में सांसद को जवाब देना है। यदि वह तय समय सीमा में जवाब नहीं देते हैं तो आगे की कार्रवाई होगी।

# 'तहरीक-ए-मुजाहिदीन'का संदिग्ध कोलकाता से अरेस्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की अलीपुर कोर्ट ने कश्मीर में प्रतिबंधित संगठन 'तहरीक-ए-मुजाहिदीन' के संदिग्ध सदस्य जावेद मुंशी को 31 दिसंबर तक ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया, जैसा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मांगा था। कोलकात के दक्षिण 24 परगना में जम्मू-कश्मीर पुलिस और पश्चिम बंगाल एसटीएफ द्वारा संयुक्त अभियान में जावेद मुंशी को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने बताया कि कश्मीर घाटी में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-मुजाहिदीन का संदिग्ध सदस्य जावेद मुंशी को जम्मू-कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस की संयुक्त टीम ने कैनिंग अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि जावेद ने दावा किया कि वह निजी कारणों से कैनिंग शहर में अपने एक रिश्तेदार के घर गया था। वह घाटी में विध्वंसक गतिविधियों में कथित रूप से शामिल था और जम्मू-कश्मीर पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।

**धराया**

**जावेद मुंशी को कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड पर भेजा**

# जस्टिस लोकुर संयुक्त राष्ट्र न्याय परिषद के बने अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन बी लोकुर को संयुक्त राष्ट्र की आंतरिक न्याय परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने जस्टिस लोकुर को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी। पत्र में बताया गया है कि जस्टिस लोकुर का कार्यकाल 12 नवंबर, 2028 तक रहेगा।

यूएन की आंतरिक न्याय परिषद में दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित जज सदस्य हैं। ऐसे में जस्टिस लोकुर को परिषद का अध्यक्ष बनाया जाना पूरे देश के लिए गौरव की बात है। यूएन महासचिव गुटेरेस ने 19 दिसंबर को जस्टिस मदन लोकुर को पत्र भेजा, जिसमें कहा गया है कि 'आंतरिक न्याय परिषद के सदस्य और अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए खुशी हो रही है।' इसमें कहा गया है, 'परिषद के अन्य सदस्य कारमेन आर्टिगॉस (उरुग्वे), रोजली बाल्किन (ऑस्ट्रेलिया), स्टीफन ब्रेजिना (ऑस्ट्रिया), जे पॉजेनल (संयुक्त राज्य अमेरिका) शामिल हैं। 1953 में जन्मे न्यायमूर्ति मदन लोकुर को 4 जून, 2012 को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। 30 दिसंबर, 2018 को जस्टिस लोकुर सुप्रीम कोर्ट से बतौर जज सेवानिवृत्त हुए। साल 2019 में जस्टिस लोकुर को फिजी के सुप्रीम कोर्ट में गैर-निवासी पैनल के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।



# छात्रों ने ही दी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**अजब हाल**

**सामूहिक रूप से भेजे गए मेल में इनके हाथ, 21 दिसंबर को भी मिली थी बम की धमकी**

**नई दिल्ली।** राजधानी में लगातार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल आ रहे हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि दिल्ली के कुछ स्कूलों में उसी स्कूल के छात्रों ने बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजा।

रोहिणी सेक्टर 13 स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल सहित तीन स्कूलों में भेजे गए ई-मेल की जांच में पता चला कि स्कूल के छात्रों ने ही धमकी भरे ई-मेल भेजे थे। 29 नवंबर को प्रशांत विहार स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल में आए धमकी भरे ई-मेल की रोहिणी जिला साइबर सेल जांच की। पुलिस ने इसी स्कूल के सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र और उसकी बहन से पूछताछ की। पता चला कि परीक्षा की तैयारी ठीक नहीं होने के कारण इन लोगों ने स्कूल में धमकी भरे ई-मेल भेजे थे। पुलिस ने दोनों छात्रों की काउंसलिंग कराई और उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए परिवार को सौंप दिया।

# हमारे फैसलों पर दूसरे वीटो नहीं लगा सकते

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुनिया को दिया बड़ा संदेश

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा, वह करेगा। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि भारत बिना किसी डर के अपने राष्ट्रीय हितों का पालन करेगा।

एस जयशंकर मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जयशंकर ने कहा कि स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। हम अपने राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा, वह करेंगे, बिना किसी डर के। भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता। उन्होंने कहा कि बहुत समय से हमें प्रगति और आधुनिकता को अपनी विरासत और परंपराओं की अस्वीकृति के रूप में देखने के लिए सिखाया गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अवश्य ही प्रगति करेगा, लेकिन उसे अपनी भारतीयता खोए बिना ऐसा करना होगा। तभी हम बहुध्रुवीय विश्व में वास्तव में एक अग्रणी शक्ति के रूप में उभर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के युग में प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ चलना होगा। जयशंकर ने कहा कि भारत एक असाधारण राष्ट्र है, क्योंकि यह एक सभ्यता वाला देश है। उन्होंने कहा कि ऐसा देश तभी प्रभाव डालेगा जब वह वैश्विक क्षेत्र में अपनी सांस्कृतिक ताकत का पूरा लाभ उठाएगा। जयशंकर को 27वें एसआईईएस श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार चार क्षेत्रों में दिए जाते हैं सार्वजनिक नेतृत्व, सामुदायिक नेतृत्व, मानव प्रयास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा सामाजिक नेतृत्व जिसमें अध्यात्मवाद को प्राथमिकता दी जाती है। पुरस्कारों का नाम कांची कामकोटि पीठम के 68वें द्रष्टा स्वर्गीय श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती के नाम पर रखा गया है। विदेश मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए, लेकिन उन्होंने अपना वीडियो संदेश भेजा। अपने वीडियो संदेश में जयशंकर ने कहा कि जब भारत वैश्विक चेतना में अधिक गहराई से अंकित होता है, तो इसके परिणाम वास्तव में बहुत गहरे होते हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं। यह देश प्रक्रियात्मक फैसलों को छोड़कर किसी भी फैसले पर अपना वीटो दे सकते हैं। यूएनएससी की स्थापना साल 1945 में हुई थी। इसमें कुल 15 सदस्य हैं। पांच स्थायी सदस्यों को छोड़कर बाकी 10 अस्थायी सदस्य दो साल के लिए चुने जाते हैं। इन 10 अस्थायी सदस्यों के पास वीटो पावर नहीं होता है।

**सख्त रुख**

**एस. जयशंकर को मुंबई में सम्मानित किया गया**



# पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के काफिले का वाहन पलटा

**हादसा**

**बाइक सवार को बचाने में हुआ हादसा, सात पुलिसकर्मी घायल राजे ने की घायलों की मदद**

**जयपुर।** पाली जिले के बाली में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के काफिले में शामिल पुलिस की बोलेरो गाड़ी पलट गई। हादसा एक बाइक सवार को बचाने की कोशिश में हुआ। हादसे में 7 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें से 3 को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंत्री ओटा राम देवासी की माता के निधन पर संवेदना व्यक्त करने के बाद जोधपुर लौट रही थीं। इस दौरान एक बाइक सवार को बचान के प्रयास में काफिले में शामिल पुलिस की बोलेरो पलट गई। हादसे में 7 पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें बाली हॉस्पिटल भर्ती कराया गया है। हादसे में तीन पुलिसकर्मियों को ज्यादा चोटें आई है।



# सतीश तिवारी अध्यक्ष, शशांक महामंत्री

**दी बनारस बार चुनाव**

### परिणाम आते ही अधिवक्तओं ने दी बधाई



**वाराणसी।** बनारस बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर सतीश तिवारी विजयी घोषित हुए और महामंत्री पद पर शशांक श्रीवास्तव ने कब्जा जमाया। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कांटे के टक्कर में कृष्णकांत दीक्षित ने जीत दर्ज की। इसके पहले एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने रविवार को मतगणना समाप्त होने के बाद विजयी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई। इस दौरान विजयी प्रत्याशियों के समर्थक परिसर में जश्न मनाते दिखे।

बनारस बार के चुनाव में शुक्रवार को सात पदों के लिए 31प्रत्याशियों के लिए मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जिसके बाद रविवार को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया गया। इसमें लगभग 74.49 फीसदी वोट पड़े थे। कुल 5363 मतदाताओं में से 3998 अधिवक्ताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया था। रविवार की सुबह नौ बजे से मतगणना शुरू हुई। अध्यक्ष पद पर शुरू से ही सतीश तिवारी अपनी बढ़त बनाए हुए थे। जबकि प्रतिष्ठापरक महामंत्री पद पर भी शशांक श्रीवास्तव ने भी शुरूआत से बढ़त बनाए रखा। इसी तरह सभी पदों पर जो भी प्रत्याशी बढ़ाए हुए थे वो सब गिनती के अंत तक विजय हासिल किए है। उपाध्यक्ष पद पर राघवेन्द्र नारायण दुबे निर्वाचित हुए है। वही कोषाध्यक्ष के पद पर दिलीप कुमार श्रीवास्तव निर्वाचित हुए। संयुक्त मंत्री प्रशासन पद शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा संयुक्त मंत्री प्रकाशन व पुस्तकालय पद पर जितेन्द्र प्रसाद निर्वाचित हुए। प्रबंध समिति के 15 वर्ष से ऊपर अनुभव पद पर अजीत कुमार ओझा, अखिलेश कुमार पाण्डेय, आनन्द कुमार , अनुराग द्विवेदी,ध्रुव नारायण पाण्डेय व विरेन्द्र सिंह यादव और प्रबंध समिति सदस्य 15 वर्ष से कम अनुभव पद पर अजय कुमार पाण्डेय , अविनाश कुमार दीक्षित, गौतम कुमार सिंह, कौशलेंद्र त्रिपाठी, राघवेन्द्र प्रताप सिंह व विजेन्द्र सिंह जबकि आय व्यय निरीक्षक पद पर अश्वनी कुमार यादव निर्विरोध निर्वाचन घोषित किए गए। इसके पहले बनारस बार सभागार में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अशफाक अहमद , वरिष्ठ समिति सदस्यगण क्षत्रधारी सिंह अवधेश कुशवाहा, राधे मोहन त्रिपाठी , धर्मेंद्र नाथ शर्मा गुड्डू के अलावा प्रदीप सिंह , अजय बरनवाल आदि के अलावा सौरभ श्रीवास्तव , दीनानाथ सिंह, राधेश्याम चौबे, आदि अधिवक्ताओं ने मतगणना में सहयोग दिया। साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### बोले नवनिर्वाचित अध्यक्ष

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतीश तिवारी वकीलों की चैंबर समस्या, पेयजल की समस्या के साथ वकील भाइयों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहूंगा सेवा का अवसर लंबे संघर्ष के बाद मिला है कोर्ट और कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त कर बार का तेवर कायम रखूंगा।

कचहरी परिसर में पेयजल, साफ-सफाई के साथ-साथ लाइब्रेरी की व्यवस्था में सुधार लाएंगे। वकीलों के हितों के लिए हर समय तत्पर रहेंगे और वकील पेंशन पर संघर्ष करेंगे। साथ ही भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाया जाएगा।

### बोले नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष

नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष के के दीक्षित ने बताया कि बार के विकास व अधिवक्ताओं के गरिमा के अनुरूप कार्य करूंगा। अधिवक्ता हित में व उनकी समस्यायों के उचित निराकरण कराने का कार्य करूंगा। बार - बेंच में सामंजस्य बनाकर न्यायिक कार्य को सुचारू रूप से कार्य करने का प्रयास करूंगा।

## लाइट एंड साउंड शो का प्रोजेक्टर खराब

**वाराणसी।** सारनाथ पुरातात्विक उत्खनित स्थल परिसर स्थित धमेख स्तूप पर लाइट एंड साउंड शो का संचालन लगभग एक सप्ताह से बंद है। इसका मुख्य कारण लाइट एंड साउंड का प्रोजेक्टर खराब है। विभागीय लापरवाही की वजह से शो देखने वाल पर्यटकों को खासी परेशानी हो रही है। इसके साथ ही सरकार को प्रतिदिन हजारों रुपया का नुकसान भी हो रहा है। सारनाथ में प्रतिदिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए आते, वह लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से बुद्ध से संबंधित ऐतिहासिकता को भी जानना चाहते। विगत एक सप्ताह से लाइट एंड साउंड शो का संचालन बंद है। पर्यटन विभाग की लापरवाही की वजह से प्रोजेक्टर की रिपेयरिंग नहीं हो पा रही है। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक पर्यटन आर के रावत ने बताया कि लाइट एंड साउंड शो का प्रोजेक्टर खराब हो गया है। यह बंगलुरू बनने के लिए गया है। सोमवार से लाइट एंड साउंड शो का संचालन सुचारू रूप से संचालन शुरू हो जाएगा।

**संक्षेप**

## ट्रक में भिड़े तीन बाइकर्स, आधा दर्जन घायल



**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह ट्रक में तीन बाइकों पर सवार आधा दर्जन लोग भिड़ कर घायल हो गये। जौनपुर जिले से वाराणसी पीसीएस की परीक्षा देने तीन बाइक पर सवार होकर आ रहे आधा दर्जन अभ्यर्थी कोहरे के चलते क्षेत्र में खड़े ट्रक से भिड़ गये, हादसे के बाद क्षेत्र में चीखपुकार मच गयी। लोगों के चिल्लाने की आवाज सुन ग्रामीण मौके पर पहुंच स्थानीय थाने को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को एम्बुलेंस से पीएचसी पिंडरा में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। कोहरे के वजह से खड़ी ट्रक में एक के एक बाद तीन बाइक घुस गई। जिससे उसपर सवार कुल 7 लोग घायल हो गए। जिसमे कुछ लोग को हल्की चोटें आईं और वह गतंव्य को रवाना हो गए। वही घटना के बाद ट्रक भाग गई। सड़क दुर्घटना में दो बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हेलमेट के चलते बाइक चालकों को हल्की चोटे आई। पीछे बैठी महिला अभ्यर्थियों को ज्यादा चोटे आई। घायलों अतुल चौहान (24), सपना चौहान (26), नईगंज जौनपुर, तथा रागिनी सिंह (26), अरुण कुमार सिंह (52), निवासी नदी रामपुर थाना मड़ियाहूं जौनपुर शामिल हैं।

### महामना की जयंती के उपलक्ष्य में रुद्राभिषेक आज

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत सोमवार को सुबह नौ बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्रीविश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी व छात्र–छात्राएं शामिल होंगी।

### अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**लोहता।** पुलिस ने अवैध गांजा बेचते हुते तस्कर बाबू खान को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि रविवार को दोपहर बाद पुलिस गस्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिलती है, कि सिटकहवा बाबा मंदिर के पास एक युवक झोले में गांजा लेकर आ जा रहे राहगीरों को बेच रहे हैं सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर वह युवक भागने लगा शक होने पर दौड़ाकर पकड़ लिये तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो एक सौ पचास ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ पकड़े गये तस्कर का नाम बाबू खान पुत्र स्व निजामुद्दीन निवासी धमरिया के बताया गया है।

### चोरी के सामान के साथ पांच गिरफ्तार

**लोहता।** पुलिस ने चोरी के सामान के साथ पांच अभियुक्त को मुखबिर की सूचना से गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि रविवार को दोपहर में पुलिस गस्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिलती थाने से पंजीकृत फरार शातिर चोर दयालपुर नक ईपुर खण्डर नुमा फैक्ट्री के खड़े हैं सूचना के आधार पुलिस पहुंची पुलिस को देखकर पांचों शातिर चोर भागने लगे शक होने पर दौड़ाकर पकड़ लिये तलाशी लेने पर चोरों नै बताया कि हम लोग लोहता प्राथमिक विद्यालय में चोरी किये वहीं सामान बेचने जा रहे थे जिससे आप लोग हमें पकड़ लिये पकड़े गये शातिर चोरों का नाम साहबान पुत्र अमीनुद्दीन उर्फ मुन्नू निवासी इस्लामपुर छितौनी मोहम्मद आसिफ पुत्र ऐनुलहक निवासी कोटवा खरका हैदर अली पुत्र स्व अब्दुल कलाम निवासी अलावल दीपक गुप्ता पुत्र किशोरी लाल कन इस्लाम भरतछणय सैनी पुत्र मदन माली निवासी कन ईराय के बताया गया चोरों के बरामद 5 सीलिंग पंखा 12 पंखे ब्लेड 1 तराजू 1 वजनी इलेक्ट्रॉनिक काटा चालू हालत में 1 मानीटर 1 हथौड़ी 1 पेचकश बरामद हुआ है।

### बाइक के धक्के से साईकिल सवार घायल

**लोहता।** थाना क्षेत्र के रिंग रोड फेज टू पर लोहरापुर.गांव के सामने रविवार की सायंकाल बाईक सवार ने साईकिल सवार को टक्कर मार दिया। जिसमें साईकिल बाल किशुन पाल ग्राम लहिया थाना जंसा घायल हो गया। तथा बाईक सवार विश्वजीत कुमार ग्राम ऐडे लमही थाना लालपुर भी घायल हो गया। सूचनापाकर कोटवा चौकी इंचार्ज विशाल सिंह मौके पर पहुंचे घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और बाईक को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया की दोनों के परिजन मौके पर पहुंच गये.है। दोनों का इलाज चल रहा है।

### युवक की बाइक चोरी


**वाराणसी।** सारनाथ के जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान परिसर से देवेंचुअ फूलपुर के सुंदरम सरोज एक सेमिनार में शामिल होने आए थे। वही से इनकी बाइक चोरी हो गयी। तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ।

### सिक्किम के डॉ संतोष ने बांसुरी वादन से मोहा



**वाराणसी।** दीन दयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह- ए- बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत सिक्किम के कलाकार डॉ संतोष कुमार ने बांसुरी वादन की प्रस्तुति की। कार्यक्रम का आरंभ राग भोपाली में किया। अलाप, जोड़, झाला उसके बाद रूपक ताल में विलम्बित मध्य लय तीन ताल व द्रुत तीन ताल और अंत में पहाड़ी से कार्यक्रम का समापन किया। तबले पर डॉ अमित ईश्वर ने संगत की। कार्यक्रम का समन्वय डॉ रत्नेश वर्मा का रहा। संचालन प्रेम नारायन मिश्र ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ दीन दयाल हस्तकला संकुल परिवार की ओर से अजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कलाकारों का स्वागत गोपेश मौर्य सहायक निदेशक हस्तकला संकुल ने किया । अंत में कलाकारों को प्रमाण पत्र अजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया ।

### साउथ की अभिनेत्री साई पल्लवी ने देखी गंगा आरती



**वाराणसी।** साउथ की जानी मानी अभिनेत्री साईं पल्लवी गंगा आरती में शामिल हुई। गंगा आरती देख कर वह भावविभोर हो गई। अभिनेत्री साई पल्लवी मां गंगा की आरती के दौरान कभी ताली बजाती तो कभी नमन करते नजर आई। इस दौरानगंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी द्वारा अभिनेत्री साई पल्लवी व उनकी मां को अंगवस्त्र रूद्राक्ष की माला प्रसाद देकर स्वागत किया गया। गंगा सेवा निधि के विजिटर बुक में लिखा कि आज मां गंगा की आरती के दौरान हमे काशी में ईश्वर होने का आभास कराई गंगा आरती मेरे लिए एक यादगार लम्हा रहेगा। मां गंगा की आरती के दौरान श्रद्धालु व पर्यटकों अभिनेत्री साई पल्लवी ने तस्वीरें भी खिंचवाई लगभग एक घंटे से भी ज्यादा समय तक दशाश्वमेध घाट पर मौजूद रही।

# पिता-पुत्र को गोली मार लूटा सोना

**अराजकता**

### विरोध करने पर गोली चलाते हुए फरार हो गए बदमाश



**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के कमच्छा तिराहा के समीप सुबह 5,30 बजे स्टेशन से वापस बेटे के साथ स्कूटी से लौट रहे दीपक सोनी 46 साल उनके बेटे आर्यन 18 साल को बदमाशों गहनों से भरे बैग को छीनने में नाकाम होते देखकर बदमाशों ने बेटे आर्यन के बाएं पैर में दीपक के पीठ में गोली मारकर 130 ग्राम के करीब सोना लूटकर कार सवार बदमाश फरार हो गए। घटना के दौरान राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को ट्रामा सेंटर बीएचयू भेजवाया है।जहां दोनों की हालत खतरे बाहर बताया गया है। जबकि कमच्छा तिराहा पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी नदारत थे।मौके पर सीपी मोहित अग्रवाल डीसीपी काशी जोन एसीपी भेलूपुर इंस्पेक्टर भेलूपुर प्रभारी निरीक्षक लंका मौके पर पहुंचे।इसके बाद ट्रामा सेंटर पहुंचकर घायलों से घटना के बारे में पूछताछ किए हैं। कार सवार फरार बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज की मदद से क्राइम ब्रांच और भेलूपुर थाना की फोर्स जुटी है।कार सवार वापस कमच्छा से भेलूपुर लंका से होकर रामनगर की तरफ से होकर भाग निकले है।

गुरुधाम कालोनी के पीछे राम जानकी मंदिर के पीछे रहने वाले दीपक सोनी चौक गोबिंद पूरा के रहने वाले एक सर्राफ कारोबारी के यहां नौकरी करते है। उनका काम मुंबई से माल लाना और ले जाने का होता है। रविवार की सुबह 4,30 बजे के बाद महानगरी ट्रेन से कैंट पहुंचे। वहां अपने बेटे को फोन करके बुलाए थे। स्टेशन से घर लौटते समय कमच्छा तिराहा के समीप पहुंचने पर एक कार सवार ओवरटेक करके रोकने लगे। कार में 5 से 6 की संख्या में अपराधी मौजूद थे। गाड़ी नहीं रोकने पर कार सवार टक्कर मारकर पिता पुत्र को गाड़ी से गिरा दिया।इसके बाद कार सवार उतरकर दोनों की पिटाई करने लगे। दीपक गहनों से भरा बैग को बचाने के लिए बदमाशों से भीड़ गए। इसके बाद उनके बेटे आर्यन को जबरिया कार में बैठा लिया। बेटे को बचाने के लिए बदमाशों से भिड़ते हुए राहगीरों से गुहार लगाई। अपने को फंसता देखकर कार सवार दोनों के ऊपर फायरिंग करते हुए निकल गए। पुलिस का मानना है कि घटना को अंजाम देने वाले दीपक की गतिविधियों से वाकिब रहे होंगे। कार का नंबर प्रयागराज का था। मौके से तीन खोखा .32 बोर का मिला है।

# रोजगार मेला के अभ्यर्थियों को रेज्यूमे बनवाने की भी सुविधा

**सहूलियत**

### नेशनल स्किल डेवलपमेंट सेंटर में अभ्यर्थी निःशुल्क बनवा सकेंगे

### रोजगार मेला के अभ्यर्थियों के लिए प्रशासन कर रहा विशेष इंतजाम

**वाराणसी।** काशी के लोगों को रोजगार मेला में शामिल होने के लिए कोई परेशानी न हो इसके लिए प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार मेला में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने, रेज्यूमे (सीवी) बनाने में समस्या हो तो उनकी इस परेशानी को भी दूर करने का इंतजाम किया जा रहा है। रेज्यूमे बनाने की सुविधा नेशनल स्किल डेवलपमेंट सेंटर में 25 दिसम्बर से मिलेगी।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि हुनर और योग्यता के मुताबिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन चार व पांच जनवरी- 2025 को राजकीय आईटीआई, करौंदी में काशी सांसद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। मेला में 300 बहुप्रतिष्ठित कंपनियों ने रोजगार मेला में शामिल होने की सहमति दी है। काशी सांसद रोजगार मेला- 2025 के लिए अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन को जिला प्रशासन ने पोर्टल बनाया हैं। इस पोर्टल के जरिए रजिस्ट्रेशन कर अभ्यर्थी जॉब फेयर में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने में परेशानी हो या उनका रेस्यूम न बना हो तो ऐसे लोग 25 से 29 दिसम्बर तक करौंदी स्थित नेशनल स्किल डेवलपमेंट सेंटर में रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही रेस्यूम भी बनवा सकते हैं। उन्होंने काशी के ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस रोजगार मेला में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यह एक अच्छा अवसर है जहां बड़ी संख्या में कंपनियां लोगों को रोजगार उपलबध कराने के लिए एक छत के नीचे जुटेंगी। उन्होंने बताया कि काशी सांसद रोजगार मेला-2025 में एक लाख 80 हजार से लेकर छह लाख सालाना के पैकेज पर कंपनियां जॉब के लिए अभ्यर्थियों को आफर देंगी।

### इंटरव्यू की दी जाएगी ट्रेनिंग

मल्टीनेशनल कंपनियों के प्रतिनिधियों के सामने इंटरव्यू देने का तौर-तरीका सिखाने के लिए ट्रेनिंग देने का भी बंदोबस्त प्रशासन ने किया है। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि काशी के लोगों को जॉब इंटरव्यू का तौर-तरीका सिखा कर तैयार किया जाएगा जिससे की अभ्यर्थी कंपनी के अभ्यर्थियों के समक्ष बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी योग्यता और क्षमता को प्रदर्शित कर सकें। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग सेशन करौंदी स्थित नेशनल स्किल डेवलपमेंट सेंटर पर की गयी है।

### अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर मुकदमा

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के कुसमुरा गांव निवासी एक व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण अपना ट्रक चंदौली जनपद के एक व्यक्ति को इस शर्त पर बेच दिया की बकाया किस्त और टैक्स क्रेता भरेगा परंतु दो वर्ष बाद क्रेता ने टैक्स और किस्त भरे बगैर ही गाड़ी को गायब कर दिया, इस बात की पुछताछ करने पर वाहन स्वामी को जान से मारने की धमकी मिलने लगी। इस मामले को संज्ञान में लेते हुये अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पंचम वाराणसी की अदालत ने आरोपी के विरुद्ध बड़ागांव पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है, जिसके सापेक्ष में स्थानीय पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में उपरोक्त गांव निवासी वाहन स्वामी रमेश पाल ने आरोप लगाया है कि वह सौ रुपया के स्टांप पेपर पर अपनी ट्रक चंदौली जनपद के अलीनगर थाना अंतर्गत सदलपुरा गांव निवासी मनोज तिवारी को शर्तों के साथ 18 अगस्त 2020 को विक्रय कर दिया और आज तक क्रेता शर्तों का अनुपालन किये बगैर ही ट्रक को गायब कर दिया।

### तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा का चुनाव आज

**पिंडरा।** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए मतदान सोमवार को और मतगणना मंगलवार को होगी। जिसकी तैयारिया एल्डर्स कमेटी द्वारा देर शाम तक पूरी कर ली गई। बूथ स्थल के चारों तरफ बैरिकेटिंग कर दी गई। वही प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रहे है।

बार चुनाव में इस बार 490 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अध्यक्ष, महामंत्री व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी आमने सामने होंगे। इस बार अध्यक्ष पद के लिए सन्तोष कुमार सिंह व कृपाशंकर पटेल, महामन्त्री पद के लिए सुधीर कुमार सिंह व रविशंकर यादव तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए देवेंद्र कुमार मिश्रा व छोटेलाल आमने सामने होंगे। एल्डर्स कमेटी के बच्चालाल यादव व जटाशंकर मिश्रा ,प्रेमशंकर सिंह व मनोज श्रीवास्तव, ने बताया कि लाइब्रेरी भवन को मतदान केंद्र बनाया जाएगा। मतदान के दिन सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की टीम तैनात रहेगी। वोटिंग 23 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक होगा। इसके लिए एक बूथ बनाया जाएगा। मतगणना 24 दिसम्बर सुबह 11 बजे से होगी। बिना परिचय पत्र व सीओपी कार्ड के कोई भी अधिवक्ता मतदान नही दे पाएगा।

### कलाकारों ने कथक नृत्य से सभी को किया मोहित

**वाराणसी।** सुबह ए बनारस के अंतर्गत काशी रस कार्यक्रम में पंडित नागेश्वर प्रसाद मिश्र म्यूजिक रिसर्च अकैडमी के कलाकारों जिसमें ऐश्वर्या,अशिवी,शिवम, मौली, निर्जला, हिमांशी, पीयूष ने कार्यक्रम का शुभारंभ शिव वंदना, पारम्परिक कथक तीन ताल, तराना एवं समापन अर्धांग से किया। संगत कलाकार के रूप में बोल पढ़त पर गुरु पं रवि शंकर मिश्रा, हारमोनियम एवं गायन पर कंचन मिश्रा, तबले पर रोड्रिगो उर्फ राघव उपस्थित रहे। समस्त कलाकारों ने अपने पद, लय, ताल एवं नूपुर के झंकार से झंकृत कर दर्शकों के हृदय आह्लादित किया। समस्त कलाकारों को प्रमाण पत्र अरुणा केसरवानी (प्रतापगढ़ ), मंजेश जी , वीरेंद्र केसरवानी,अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी आर डी पाल, डॉ नौशाद,शगीर सहित सैकड़ों खिलाड़ियों ने प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन श्याम कुमार केसरी ने किया। काशी रस कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा जी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केसरी ने किया।

### बन्द मकान से लाखों की चोरी

**वाराणसी।** सारनाथ के सिंहपुर में अरिहंद नगर कालोनी में बीती रात चोरों ने बन्द मकान से लाखों रुपये के आभूषण व नकदी ले गए।सुबह फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया। बताया जाता है की मूलरूप से दुल्हापुर गाजीपुर के रहने वाले रामाश्रय यादव सारनाथ के सिंहपुर में अरिहंद नगर कालोनी में मकान बनवा कर परिवार सहित रहते है। ये चहनीया स्वस्थ विभाग में लैब टेकिनीशियन के पद पर तैनात है। वे अपने परिवार के साथ 17 दिसम्बर को जम्बू वैष्णो देवी धाम दर्शन करने गए है। इस बीच खाली मकान देख कर चोरों ने रात में मकान के उत्तर दिशा की तरफ से बाउंड्री फांद कर अंदर खुश चार कमरे का दरवाजा का ताला तोड़ कर आलमारी चाड कर उसमें रखा सोने की चेन,मंगलसूत्र,सोने का तीन लाकेट, चार जोड़ी पायल लगभग तीन लाख के आभूषण व 40 हजार रुपया नकद ले कर चले गए। जब सुबह इनके रिश्तेदार अशोक यादव ने देखा कि कमरे का दरवाजा खुला है तो अंदर गए तो सभी कमरे में समान बिखरा था। उसके बाद चोरी की सूचना फोन द्वारा रामाश्रय यादव को दी। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुच कर जांच की।

# सड़क दुर्घटना में इंजीनियर की मौत




**रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के टेंगरा मोड़ बाईपास पुल के समीप शनिवार की देर रात्रि अज्ञात वाहन के धक्के से एक 26 वर्षीय इंजीनियर युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गम्भीर स्थिति में इलाज के लिए बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सीहाबीर गोलाघाट निवासी समाजवादी पार्टी के पूर्व सभासद संजय यादव का छोटा बेटा दीपक यादव 26 वर्ष उसी क्षेत्र के निवासी अपने दोस्त दीपक गुप्ता के साथ शनिवार रात्रि किसी काम से टेंगरा मोड़ गया था। रात्रि लगभग 11 बजे घर लौटते वक्त टेंगरा मोड़ बाईपास स्थित एक निजी चिकित्सालय के पास तेज गति से जा रहे अज्ञात वाहन ने स्कूटी में सामने से टक्कर मार दिया। दुर्घटना में दीपक यादव की मौके पर मौत हो गई जबकि दीपक गुप्ता अचेतावस्था में सड़क पर पड़ा रहा। आसपास के लोगों ने नजदीक के भीटी चौकी पर पुलिस को सूचना देने के साथ ही परिजनों को सूचित किया। गम्भीर रुप से घायल युवक को ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया। दीपक की मौत पर सीहाबीर क्षेत्र में मातम छा गया। संजय यादव के दो बेटों में दीपक छोटा था। वहीं दीपक की मौत की सूचना मिलने पर उसकी मां सुशीला यादव गश खा खा कर गिर जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही रविवार शाम घाट पर समाजवादी पार्टी के विधान परिषद में विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव,पूजा यादव,किशन दीक्षित सहित भाजपा के सैकड़ों लोग और पत्रकारिता से जुड़े दर्जनों लोगों ने स्थानीय श्मशान घाट पहुंचे संजय यादव को ढांढस बंधाया।

## केसरवानी वैश्य महिला सभा में हुआ सम्मान

**वाराणसी।** केसरवानी वैश्य नगर महिला सभा उत्तर प्रदेश कार्य समिति की चौथी बैठक विशेश्वरगंज स्थित केसरवानी वैश्य अतिथि भवन में भव्यता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय व प्रदेश के अन्य जिलों से अतिथियों का आगमन हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुनीता केसरवानी नागपुर, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ आरती गुप्ता रीवा म.प्र.,राष्ट्रीय महामंत्री बीना केसरवानी लखनऊ,मोना केसरी महामंत्री बिहार प्रदेश एवं प्रथम संरक्षिका मीरा गुप्ता दिल्ली रहीं। स्वागताध्यक्ष एवं अध्यक्षा महिला सभा श्रीमती मंजेश केसरवानी ने सभी अतिथियों का माला,शाल और सम्मान पत्र प्रदान कर स्नेह और आत्मीयता से स्वागत किया। उत्तर प्रदेश महिला सभा की अध्यक्षा अरुणा केसरवानी, महामंत्री वंदना केसरी,कोषाध्यक्ष रीतू केसरी द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी नगरों के अध्यक्ष और महामंत्री को सम्मानित किया गया। प्रदेश सभा के विभिन्न जिलों से आए हुए सभी पदाधिकारियों को महिला सभा वाराणसी द्वारा सम्मानित किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम भरतनाट्यम की प्रतिभाशाली नृत्यांगना ईशा जी एवं नेहा ने गणेश पुष्पांजलि एवं गंगा अवतरण पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की। नगर महिला सभा की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर केक काटकर वर्षगांठ मनायी गयी! कार्यक्रम का सफल संचालन कोषाध्यक्ष सीमा केसरी एवं प्रबंध मंत्री वंदना जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री पल्लवी केशरी ने दिया।

# प्रो. उमाशंकर को महामहोपाध्याय की उपाधि

**सम्मान**

### अखिल भारतीय विद्वत परिषद ने प्रख्यात ज्योतिषविद को महामहोपाध्याय की उपाधि से किया अलंकृत



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व ज्योतिष विभागाध्यक्ष, वेद वेदांग संकाय प्रमुख एवं ज्योतिष शास्त्र के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रो. उमाशंकर शुक्ल को अखिल भारतीय विद्वत परिषद द्वारा महामहोपाध्याय की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

इस सम्मान के लिए प्रो. उमाशंकर शुक्ल को रविवार को नरिया स्थित श्रीरामनाथ चौधरी शोध संस्थान में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, महापौर अशोक तिवारी व संस्था के अध्यक्ष जय शंकर त्रिपाठी, उपाध्यक्ष प्रो. कामेश्वर उपाध्याय व प्रो. रामपूजन पांडेय ने प्रो. शुक्ल को यह सम्मान प्रदान किया।

प्रो शुक्ल जौनपुर जनपद के बदलापुर क्षेत्र के सराय त्रिलोकी गांव के मूल निवासी हैं, इन्होंने गांव से जुड़कर विज्ञान और गणित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ परंपरागत ज्योतिष शास्त्र में आचार्य स्वर्ण पदक एवं ऐतिहासिक शीर्षक पर विद्या वारिधि की उपाधि प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पीपीएस की सेवा मे पुलिस उपाधीक्षक पद पर चयनित हुए। मां शारदा की सेवा न कर पाने से असंतुष्ट होकर उत्तर प्रदेश ( पीसीएस) पुलिस अधिकारी की सेवा से इस्तीफा देकर अपनी सरस्वती साधना में समर्पित हो गये। साथ ही 1978 में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में ज्योतिष शास्त्र में सहायक आचार्य की सेवा मे नियुक्त होकर संस्था में सबसे क्रम उम्र के आचार्य मात्र 32 वर्ष की अवस्था में पदोन्नति पाकर ज्योतिष शास्त्र के क्षेत्र में अनवरत राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने योगदान से नवीन पीढ़ी के लिये अनेकों शोध के मार्ग प्रशस्त किया। समारोह में कुलसचिव राकेश कुमार, प्रो रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो रामपूजन पाण्डेय, प्रो रजनीश कुमार शुक्ल, प्रोफेसर जितेन्द्र कुमार, प्रो सुधाकर मिश्र, प्रो हरिप्रसाद अधिकारी,प्रो अमित कुमार शुक्ल,प्रो दिनेश कुमार गर्ग सहित सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

आधार कार्ड में मेरा नाम रुकमणी देवी अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम प्रेमा यादव है। प्रेमा यादव पत्नी सतीश कुमार यादव, ग्राम व पोस्ट-बहदिया, थाना-खानपुर, जिला-गाजीपुर।

मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2229606073 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र खो गया है। प्रियांशु शेखर पुत्र नागेन्द्र कुमार ग्राम व पोस्ट-कोड़री, थाना-मरदह, जिला-गाजीपुर।

## सारनाथ देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सारनाथ।** सरायमोहना (सारनाथ) क्षेत्र अंतर्गत वरुणा नदी के किनारे से पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति को 22 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सारनाथ विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सरायमोहना क्षेत्र में वरुणा नदी के किनारे एक व्यक्ति देशी शराब बेच रहा है। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उक्त व्यक्ति को 22 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम चमेलिया बस्ती सलारपुर निवासी अनूप राजभर उर्फ भोटू बताया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

**कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद रसड़ा, (बलिया)**

पत्रांक-561/न0पा0प0र0/(2020-021)/2021 दिनांक 21.12.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आदर्श नगर पालिका परिषद, रसड़ा में अत्यधिक ठण्ड को देखते हुए अलाव जलाने हेतु लकड़ी की आवश्यकता है। जो व्यक्ति/फर्म अपने दर का कोटेशन देना चाहे वे दिनांक 24.12.2024 को समय 03 बजे तक दिन में पालिका कार्यालय, रसड़ा में लकड़ी प्रति कुन्तल के दर का कोटेशन दे सकते हैं जो उसी दिन 3.30 बजे कोटेशन अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, आदर्श नगर पालिका परिषद, रसड़ा में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पालिका परिषद,
रसड़ा-बलिया

अध्यक्ष
आदर्श नगर पालिका परिषद,
रसड़ा-बलिया

पत्रांक-561/2/आ0न0पा0प0र0/(2023-024), दिनांक 21.12.2024

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
78800/inc.GST


चांदी (99.50)
89750/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# बंद मंदिर में जलाभिषेक को जा रहे वर्कर्स को पुलिस ने रोका

## मदनपुरा में बंद मंदिर में पूजा-पाठ शुरू कराने जा रहे थे विहिप कार्यकर्ता

**तत्परता**

### मलदहिया चौराहे पर पुलिस ने रोका, एडीएम सिटी के आश्वासन पर लौटे कार्यकर्ता





**वाराणसी।** मदनपुरा क्षेत्र में बंद मंदिर को खोलकर जलाभिषेक के लिए जा रहे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक दिया। कार्यकर्ता मंदिर जाने की जिद पर अड़े जिस पर एडीएम सिटी ने मौके पर पहुंचकर उन्हें समझा- बुझाकर एक सप्ताह के अंदर दस्तावेजों की जांच-पड़ताल का आश्वासन दिया। वहीं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के आह्वान को देखते हुए मदनपुरा में मंदिर के आसपास भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी भी पल- पल का अपडेट लेते रहे।

विश्व हिंदू परिषद के दर्जनों कार्यकर्ता रविवार को सुबह इंग्लिशिया लाइन स्थित कार्यालय में एकत्रित हुए। कार्यकर्ता हाथों में केसरिया झंडा और जल भरा कलश लेकर मदनपुरा स्थित मंदिर जाने के लिए कार्यालय से निकले। कार्यकर्ता जैसे ही मलदहिया चौराहा पर पहुंचे, वहां मुस्तैद भारी पुलिस फोर्स ने कार्यकर्ताओं को रोक दिया। पुलिस अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से वापस लौटने की अपील की, लेकिन कार्यकर्ता मंदिर जाने की जिद करने लगे। इसी बीच मौके पर पहुंचे एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा ने विहिप के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को समझा- बुझाकर शांत कराया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि मंदिर को मनमाने ढंग से बंद रखा गया है। विहिप उस मंदिर को खोलकर वहां नियमित पूजा- पाठ शुरू कराएगी। कार्यकर्ताओं का कहना था कि मंदिर में जलाभिषेक के लिए गंगा, वरुणा और गोमती का जल कलश में भरा गया है।

एडीएम सिटी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जब तक मामले की पूरी जांच नहीं हो जाती, तब तक वहां पूजा- पाठ की अनुमति नहीं है। जांच पूरी होने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार इजाजत दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद विहिप कार्यकर्ता वहां से लौट गए।

### एक सप्ताह में जांच पूरी होने की उम्मीद

इस प्रकरण के बाबत एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि मंदिर से संबंधित जांच की जा रही है। दस्तावेजों की जांच में जो भी स्थिति स्पष्ट होगी उसके अनुसार मंदिर खोलकर पूजा पाठ की अनुमति दी जाएगी। मंदिर वर्षों पुराना है इसलिए दस्तावेजों को खंगालने में समय लग रहा है। उम्मीद है कि एक सप्ताह में जांच पूरी हो जाएगी।

### ज्ञापन देकर किया था आह्वान

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने तीन दिन पहले एडीएम सिटी को ज्ञापन देकर बंद मंदिर को खुलवाने की मांग की थी। कार्यकर्ताओं का कहना था कि रविवार तक यदि प्रशासन ने मंदिर को खुलवाकर पूजा- पाठ नहीं शुरू कराया तो कार्यकर्ता विहिप कार्यालय से कूचकर मंदिर खुलवाएंगे और जलाभिषेक कर पूजा- पाठ शुरू करेंगे।

### ये है मामला

बीते दिनों मुस्लिम बाहुल्य इलाके मदनपुरा में एक मंदिर के दरवाजे पर वर्षों से ताला लगा होने की बात सामने आयी थी। इसके बाद मंदिर को खुलवाने की कवायद शुरू हो गयी। कई हिंदूवादी संगठनों ने मौके पर पहुंचकर मंदिर को खोलकर पूजा- पाठ शुरू कराने की प्रशासन से मांग की। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती करने के साथ ही प्रशासन ने जांच पूरी न होने तक कोई भी कदम न उठाने की अपील की थी। सनातन रक्षक दल के सदस्यों व अन्य स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचकर शंखनाद कर जल्द मंदिर खुलवाने की मांग की। मौके पर पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती करने के साथ ही आला अधिकारी भी लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

# अंतिम दम तक नहीं होने देंगे पूर्वांचल का निजीकरण

**गरजे विद्युतकर्मी**

### विद्युत नगर स्थित हनुमान मंदिर पर विद्युत मजदूर पंचायत की सभा

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** विद्युत मजदूर संगठन एवं विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश की पूर्वांचल इकाई के बैनर तले विद्युतकर्मी रविवार को विद्युत नगर-भिखारीपुर स्थित हनुमानजी मंदिर परिसर में जुटे और बिजली व्यवस्था के निजीकरण के खिलाफ हुंकार भरी। सभा कर कहा कि अंतिम दम तक पूर्वांचल-डिस्कॉम के बिजली का निजीकरण होने नहीं देंगे।

पूर्वांचल अध्यक्ष इंद्रेश कुमार राय ने प्रस्तावित निजीकरण के फैसले की निंदा करते हुए कहा कि यूपीपीसीएल प्रबंधन के प्रस्तावित निर्णय का विद्युतकर्मी लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने को जुटे और अपनी आवाज बुलंद की। पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय ने कहा कि ऊर्जा मंत्री के बयान से कर्मचारियों में काफी रोष है, क्योंकि कर्मचारियों ने दिन-रात लगन से कार्य कर प्रदेश के उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देने, लाइन लॉस 24 प्रतिशत तक कम किया है। इसमें नियमित और संविदा कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। पूर्वांचल अध्यक्ष संविदा संजय सिंह ने बताया कि प्रबन्धन द्वारा सरकारी संपत्तियों में बिजली जैसे महत्वपूर्ण विभाग की बागडोर निजी कंपनियों के हाथों में सौंपना आम उपभोक्ताओं, किसान, नौजवानों, छोटे-मझोले व्यापारियों के साथ धोखा और महंगाई को सातवें आसमान पर पहुंचाने वाला होगा। निजी कंपनियों का उद्देश केवल लाभ कमाना है और इनको आम उपभोक्ताओं, किसान, मजदूर, अल्प वेतनभोगी लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी भी की। सभा को संदीप कुमार, विजय नारायण हिटलर, उदयभान दूबे, प्रशांत सिंह गौतम, शशि भूषण सिंह, रविन्द्र कुमार पटेल, महेन्द्र कुमार सिंह, अरविन्द कुमार यादव, अवनीश प्रजापति, राहुल श्रीवास्तव, सतवंत कुमार, प्रशान्त श्रीवास्तव, तरुण कौशिक, रोहित मिश्रा, प्रियांशु सिंह आदि ने संबोधित किया।

# पहले से बेहतर हुई उपभोक्ता सेवा तो निजीकरण क्यों?

**उपभोक्ता कहिन**

### जनता के पैसे वाली परिसम्पत्तियों को निजी घरानों को देने पर सरकार अमादा


देवन प्रजापति


नवीन वर्मा


आरपी श्रीवास्तव

**वाराणसी।** पूर्वांचल-डिस्कॉम की बिजली व्यवस्था के निजीकरण के प्रस्ताव पर आम उपभोक्ताओं की खासी नाराजगी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब उपभोक्ता सेवा पहले से बेहतर हुई तो निजीकरण की बात क्यों की जा रही है। जनता के पैसे वाली परिसम्पत्तियों को निजी घरानों को देने पर सरकार आखिर क्यों अमादा है?

आनंदनगर (कंदवा) निवासी निजी फाइनेंस कंपनी में कर्यरत **देवन प्रजापति** का कहना है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन का निजीकरण नहीं होना चाहिए, क्योंकि पूर्व की अपेक्षा इस समय विद्युत आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के माध्यम से घरेलू, वाणिज्यिक एवं निजी नलकूप के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए समय-समय पर योजनाएं लायी जाती है, जिससे विद्युत उपभोक्ताओं का भला होता है, विशेष कर गरीब विद्युत उपभोक्ताओं का। जबकि पावर कारपोरेशन के निजीकरण हो जाने के पश्चात निजी कंपनियों द्वारा मनमाने ढंग से बढ़ाए जाने वाले दर पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रहेगा। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार अपने विद्युत उपभोक्ताओं के लिए के हित में कोई योजना नहीं ला पाएगी। अर्दली बाजार निवासी पूर्व बैंकर **नवीन वर्मा** का कहना है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन का निजीकरण नहीं होना चाहिए, क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार अपने विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली दर में काफी राहत देती है, परंतु निजी कंपनियों के आने के पश्चात विद्युत उपभोक्ताओं पर अधिक बिजली बिल का बोझ बढ़ेगा और इसको सरकार रोक भी नहीं पाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार को चाहिए कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन में उपभोक्ता सेवा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि आम विद्युत उपभोक्ताओं को यही एक शिकायत रहती है कि पावर कारपोरेशन में कंज्यूमर सर्विस बहुत ही खराब है जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया कि उनके परिसर का मीटर खराब हो गया, परंतु आज भी मनमाने ढंग से बिजली का बिल भेजा जा रहा है और मीटर भी आज तक नहीं बदला गया। पावर कारपोरेशन को कंज्यूमर सर्विस पर विशेष ध्यान देते हुए विद्युत उपभोक्ताओं को संतुष्टि प्रदान करना चाहिए। निहाला नगर (लहरतारा) निवासी सेवानिवृत कार्मिक **आरपी श्रीवास्तव** का कहना है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन का निजीकरण अवश्य होना चाहिए, क्योंकि सरकारी संस्थाओं की उपभोक्ता सेवा अच्छी नहीं होती जबकि निजी कंपनियों की उपभोक्ता सेवा बहुत अच्छी होती है। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर उदाहरण देकर कहा कि सरकारी बैंकों को देखिए। वहां जाइए कोई भी बैंकिंग कार्य जल्दी नहीं होगा जबकि प्राइवेट बैंक में आपके सारे बैंकिंग कार्य तुरंत किए जाते हैं और जहां तक निजी कंपनियों द्वारा मनमाने ढंग से बढ़ाए जाने वाले विद्युत दर की बात है तो आज की तिथि में आटा, चावल, दाल, तेल व अन्य चीज महंगा होने के बावजूद लोग खरीद कर खा ही रहे हैं और बिजली के क्षेत्र में तो अब सौर ऊर्जा आ गया है, इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं को कोई नुकसान नहीं होगा।



## सपाइयों ने अंबडेकर की तस्वीर संग निकाली पदयात्रा

**चिरईगांव।** शिवपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत नेवादा में रविवार को विधानसभा सपा अध्यक्ष अक्षय कुमार बबलू की अध्यक्षता में बैठक कर कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह के विवादित बयान की निन्दा की। उसके बाद अम्बेडकर गेट से पैदल मार्च निकाला, जो अम्बेडकर मूर्ति के पास पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान कार्यकर्ता अम्बेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, गृहमंत्री अपने बयान को वापस ले आदि नारे भी लगाए। कार्यक्रम में मायाशंकर यादव, नन्हें जायसवाल, रामधारी यादव, बद्रीनारायण यादव, मुन्ना राजभर, सुरेश मौर्य, जयगोविंद यादव, रमेश बीडीसी, छोटू, काशीनाथ आदि शामिल रहे।

# बिना मुआवजा दिये मकान-दुकान तोड़ने का विरोध

जनसंदेश न्यूज

**नाराजगी**

### रामनगर में बन रही सड़क के लिए मुआवजे पर जिच

**वाराणसी।** लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के उद्यमियों की लहुराबीर स्थित एक होटल में रविवार को हुई बैठक में पड़ाव चौराहा से रामनगर तक निर्माणाधीन सड़क के लिए बिना मुआवजा दिये मकान-दुकान तोड़ने का विरोध किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि बिना नोटिस और मुआवजे के लिए लोगों के मकान, दुकान और चहारदीवारी तोड़ दी जा रही है, जो न्याय संगत नहीं है। अध्यक्ष राजेश सिंह ने ग्राम भोजपुर की सड़क के बाबत अधिकारी मनमाने तरीके से काम रहे हैं। राजस्व अभिलेख में चौड़ाई 15 मीटर दर्ज है, लेकिन अधिकारी 26 मीटर बता रहे हैं। इस बाबत कोई दस्तावेज नहीं दिखा रहे। इसी प्रकार, कई जगहों की सड़कों की मापी मनमाने तरीके से की जा रही है। उद्यमियों ने प्रदेश सरकार से मांग की कि पीड़ित पक्षों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाया जाए। बैठक में ज्योति शंकर मिश्रा, विनय प्रताप सिंह, विवेक कुमार सिंह, नवीन सिंह, सुशील पटेल, रामलखन यादव, नंद किशोर गुप्ता, मनीष चौबे, दिलीप गुप्ता, दिनेश गुप्ता आदि थे।

# वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के बलिदान को किया नमन

**आयोजन**

### भाजपा जिला व महानगर इकाई ने मनाया बलिदान दिवस

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** भाजपा जिला व महानगर इकाई ने सिख पंथ के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस को रविवार को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने साहिबजादों के बलिदान को नमन किया।

गुलाब बाग स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि हमें अपने देश के स्वर्णिम एवं गौरवपूर्ण इतिहास को आज की युवा पीढ़ी को बताना चाहिए और देश के प्रति उनके कर्तव्यों को महसूस कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहिबजादों की शहादत हमें अपने कर्तव्यों और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा देती है।

अध्यक्षता करते हुए एमएलसी एवं जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने बताया कि मंडल स्तर पर यह कार्यक्रम 26 दिसंबर तक जारी रहेगा। संचालन महानगर उपाध्यक्ष अशोक कुमार जाटव ने किया। धन्यवाद जिला महामंत्री संजय सोनकर ने दिया।

संगोष्ठी में क्षेत्रीय मंत्री सुदामा पटेल, राकेश शर्मा, नवीन कपूर, अशोक पटेल, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, अरविंद सिंह, अभिषेक मिश्रा, मधुकर चित्रांश, शैलेन्द्र मिश्रा, महेंद्र सिंह गौतम, कुसुम पटेल, रचना अग्रवाल, गीता शास्त्री, मोहनिका माहेश्वरी, अनुपम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# ईसा मसीह के जन्मदिन पर झलकता है प्रेम और सद्भाव

## इस पर्व पर लगने वाले मेले में उमड़ते हैं हर वर्ग के लोग

**क्रिसमस**

### केवल ईसाई समुदाय के परिवारों तक सीमित नहीं रहा यह पर्व

### धार्मिक और गैर-धार्मिक दोनों पर नजर आता है समान प्रभाव

जितेंद्र श्रीवास्तव







**वाराणसी।** काशी समेत दुनिया भर में 25 दिसम्बर को क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस पर्व पर प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन प्रेम व सद्भाव के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस ईसाई धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, लेकिन समय के साथ इसे हर धर्म और वर्ग के लोग धूमधाम से मनाने लगे हैं। कहने का आशय यह कि क्रिसमस पर्व किसी एक धर्म से बंधकर नहीं रह गया है। अब इसे सभी धर्म के लोग मिल-जुलकर बहुत ही उल्लास व उमंग के साथ हर साल मनाते हैं। यहीं वजह है कि यह पर्व सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुका है। इस दिन लोग केक काटकर क्रिसमस का आनंद उठाते हैं और एक-दूसरे को उपहार भी देते हैं। इस पर्व में केक और गिफ्ट के अलावा एक और चीज का विशेष महत्व होता है, वह है क्रिसमस ट्री। क्रिसमस के पर्व पर लोग अपने घरों में क्रिसमस ट्री लगाते हैं। साथ ही इसे रंग-बिरंगी रोशनी और खिलौनों से सजाते हैं। दरअसल, आज की युवा पीढ़ी दकियानुसी बातों पर ध्यान देने के बजाय आधुनिकता के दौर में जीने की चाहत रखती है और जिंदगी को अपने हिसाब से जी भी रही है। यहीं वजह है कि युवा पीढ़ी परम्परागत तीज-त्यौहार से परे हटकर हर उस पर्व को मनाने में जुट रही है, जिसमें उनको मौज-मस्ती के बीच खुशी मिलती है। यहीं कारण है कि समाज में मनाये जाने वाले हर पर्व को वह संजीदगी से मनाने को बेताब नजर आते हैं। मौजूदा समय में बात करें क्रिसमस पर्व की तो यह सिर्फ ईसाई समुदाय तक सीमित होकर नहीं रह गया है। धार्मिक और गैर-धार्मिक दोनों पर इसका समान प्रभाव देखने को मिल पा रहा है। लोकप्रिय संस्कृति के रूप में क्रिसमस को खुशी, एकजुटता, उदारता और शांति के अवसर के रूप में चित्रित किया जाता है। वैसे भी क्रिसमस पर्व 'सब कुछ अच्छा, अच्छा होने' का संदेश दिया जाता है। मसीही समुदाय से जुड़े लोगों की माने तो आज से करीब दो-ढाई दशक पूर्व तक क्रिसमस पर्व एक वर्ग विशेष तक ही सीमित नजर आता रहा। लेकिन बदलते परिवेश में यह पर्व भी अब व्यापक हो चुका है। खासतौर पर, कांवेंट स्कूलों में बच्चों के बीच क्रिसमस पर्व की जो नींव नजर आती है, वह धीरे-धीरे युवाओं तक पहुंच जाती है। यहीं वजह है कि आज के दौर में सिर्फ मसीही समुदाय ही नहीं अन्य वर्ग के बीच भी क्रिसमस पर्व काफी लोकप्रिय हो चुका है।

### बच्चों को रहता है पर्व का खास इंतजार

क्रिसमस पर्व का बच्चों को खास इंतजार रहता है। इस दिन बच्चों को खासतौर से चाकलेट और उपहार की प्रतीक्षा रहती है। इसका इंतजार तो गैर ईसाई बच्चे भी करते हैं। प्रियंका, सोनम, गुड़िया, प्रीति आदि कहती है कि ऐसी मान्यता है कि क्रिसमस के दिन सांताक्लाज स्वर्ग से आकर लोगों को मनचाही उपहार देकर जाते हैं। इसीलिए कुछ लोग सांताक्लाज की ड्रैस पहनकर बच्चों को चाकलेट देकर खुश कर देते हैं। बच्चियों का कहना है कि हम लोगों को बचपन से ही सांताक्लाज बहुत अच्छे लगते हैं। आज भी उपहार के तौर पर चाकलेट का इंतजार रहता है। इसके अलावा केक बहुत पसंद है। किसी के यहां भी जाओ तो सभी लोग उस दिन तरह-तरह के केक ही खिलाते हैं। इस अवसर पर दोस्तों व रिश्तेदारों को क्रिसमस की बधाई और क्रिसमस कार्ड देने का चलन है।

### सेंटा क्लॉज बाजार में ई-कॉमर्स का जलवा

क्रिसमस पर सेंटा क्लॉज का बाजार भी कैशलेस हो गया है। क्रिसमस के एक सप्ताह पहले से जहां बाजार ग्राहकों से पटे रहते थे, वहीं इस बार बाजारों में इक्का-दुक्का ही खरीदार नजर आ रहे हैं। वजह, लोग इस बार भी ऑनलाइन शॉपिंग को तरजीह दिए। ग्राहकों की तरफ से निकली डिमांड को देखते हुए ई-कॉमर्स वेबसाइट्स ने क्रिसमस पर तमाम छूट भी दे रखी थी। जो लोग बाजार से खरीदारी कर रहे थे, वे भी कैश की जगह कार्ड से पेमेंट करते नजर आए। बावजूद इसके सेंटा क्लॉज बाजारों में कुछ ग्राहक ऐसे भी निकले, जिन्होंने कम ही सहीं, लेकिन नकदी खरीदारी में ही रुचि दिखाई। कारोबारियों की माने तो ई-कॉमर्स कंपनियों के चलते कारोबार में 40 से 50 फीसदी तक गिरावट आई है। ऐसा तब है जबकि हमने भी ऑनलाइन भुगतान के ऑप्शन दे रखे हैं।

### क्रिसमस कैप हॉट फेवरेट

इस बार क्रिसमस पर सेंटा की रेड कैप और मास्क हॉट फेवरेट रही। यह बाजार में सस्ते दर पर उपलब्ध है। कीमत कम होने के कारण इस बार भी सबसे ज्यादा इसकी बिक्री रही। व्यापारियों की माने तो इस बार कैप ज्यादा बिकी। लोगों के लिए यह बेहतर सौदा रहा। इसके अलावा सजावटी सामानों की बिक्री ने काफी जोर पकड़ा। कारोबारियों की माने तो क्रिसमस पर इस बार फाइबर क्रिसमस-ट्री ऑन डिमांड रही। इसकी खास बात यह कि इसे ज्यादा सजाने की जरूरत नहीं पड़ती। सामान्य क्रिसमस-ट्री को लोग लाइटों से सजाते हैं और उसमें गिफ्ट भी रखते हैं जबकि फाइबर-ट्री में लाइट पहले से लगी होती है, जो देखने में भी काफी आकर्षक है।




# प्रवेश से पहले टोपी, जूता- मोजा उतरवाकर की जांच

**अभ्यर्थियों की जांच**

## पीसीएस- प्री परीक्षा के दौरान डीएम ने केंद्रों पर पहुंचकर जांची व्यवस्था

## जिले के सभी 49 केंद्रों पर रही कड़ी सुरक्षा, देर से आए अभ्यर्थियों को नहीं मिला प्रवेश





**वाराणसी।** जिले में पीसीएस- प्री परीक्षा को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट रहा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने से पहले उनकी कड़ाई से जांच की गयी। अभ्यर्थियों की टोपी, जूता- मोजा उतरवाकर जांच करने के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया गया। केंद्र पर देर से पहुंचे अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया जिसके चलते कई केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों से अभ्यर्थियों की जिच भी हुई। जिलाधिकारी ने परीक्षा के दौरान कई केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्था की जांच की। उन्होंने केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था से लेकर निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी के कंट्रोल रूम को भी देखा। जिलाधिकारी ने दोनों पालियों की परीक्षा को बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न कराने के लिए पूरी मुस्तैदी बरतने की हिदायत दी।

पीसीएस- प्री परीक्षा को लेकर प्रशासन रविवार को भोर से ही मुस्तैद रहा। परीक्षा केंद्रों और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही इंटेलिजेंस यूनिट भी सक्रिय रही। केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। जिले में बनाए गए 49 परीक्षा केंद्रों पर एक-एक अभ्यर्थी की कड़ाई से जांच करने के बाद ही प्रवेश दिया गया। केंद्रों पर पहुंचने वाले अभ्यर्थियों की बायोमीट्रिक जांच के अलावा उनके टोपी, जूता- मोजा, सैंडिल भी उतरवाकर जांच की गयी। महिला अभ्यर्थियों की महिला पुलिसकर्मियों ने हेयरबैंड व रिबन भी जांचें। इसके बाद कक्ष में पहुंचने पर भी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र की जांच की गयी। जिलाधिकारी ने जेपी मेहता नगर निगम इंटर कॉलेज तथा कटिंग मेमोरियल इंटर कालेज पर पहुंचकर परीक्षा की व्यवस्था जांची। उन्होंने स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक से परीक्षा की व्यवस्था को लेकर सवाल- जवाब किया। इसके बाद उन्होंने कंप्यूटर कंट्रोल रूम में जाकर सभी कक्षों के सीसीटीवी फुटेज को देखा और निगरानी की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। परीक्षा को सकुशल निबटाने के लिए सभी केंद्रों पर सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की गयी थी। जिलाधिकारी दोनों पालियों की परीक्षा के दौरान एक- एक केंद्र की व्यवस्था का फीडबैक लेते रहे।

### ज्यादातर अभ्यर्थियों के चेहरे पर दिखी खुशी

पीसीएस- प्री की परीक्षा देने आए ज्यादातर अभ्यर्थियों के चेहरे पर पेपर अच्छा होने की खुशी दिखी, जबकि कुछ ऐसे अभ्यर्थी भी रहे जिनके उम्मीद मुताबिक प्रश्न हल नहीं हुए। जेपी मेहता केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकले सत्येंद्र ने बताया कि पेपर अच्छा हुआ जितनी तैयारी की थी उसी से संबंधित प्रश्न देखकर काफी खुशी हुई। उनका कहना था कि पेपर अच्छा सेट किया गया था। कटिंग मेमोरियल से परीक्षा देकर बाहर निकली शिवानी ने बताया कि पेपर काफी अच्छा हुआ जिससे सेलेक्शन के पूरे चांस हैं। पेपर बैलेंस था जिसने तैयारी में ज्यादा टॉपिक को कवर किया होगा उसे इसका लाभ मिला।

### ऑटो, टोटो वालों की कटी चांदी

पीसीएस- प्री परीक्षा के अभ्यर्थियों को सेंटर तक पहुंचाने और वहां से लाने के लिए आटो रिक्शा व टोटो वालों ने मनमाना किराया वसूला। पहली पॉली की परीक्षा के लिए सुबह ही सेंटर पर पहुंचने के लिए अभ्यर्थी जल्दी में थे जिसका फायदा आटो रिक्शा व टोटो वालों ने बखूबी उठाया और अभ्यर्थियों ने मनमाना किराया वसूला। शाम को दूसरी पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

### अभ्यर्थियों के छूटते ही लगा जाम

पीसीएस- प्री की परीक्षा को लेकर बस स्टैंड पर शाम को आम दिनों से ज्यादा भीड़भाड़ रही। परीक्षा के लिए आसपास से आए अभ्यर्थियों के साथ ही उनके परिजनों की भी भीड़ रही। शाम को दूसरी पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद केंद्र के आसपास भीड़भाड़ हो गयी। इससे लगे मार्गों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। हालांकि कुछ देर बार अभ्यर्थियों की भीड़ छटने पर स्थिति सामान्य हो गयी।

### पहली पॉली में 47.74, दूसरी में 47.40 फीसदी उपस्थिति

जिले में सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा में कुल 22656 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े 11.30 बजे तक हुई। पहली पाली की परीक्षा में 10816 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। पहली पाली में 47.74 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े चार बजे तक हुई जिसमें 10741 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 47.40 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। पहली पाली की परीक्षा 11840 अभ्यर्थियों, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा 11915 अभ्यर्थियों ने छोड़ दी।

# विद्वद्भूषण अलंकरण से सम्मानित डॉ. शिवशक्ति



**वाराणसी।** अखिल भारतीय विद्वत परिषद ने विद्वद अलंकरण समारोह में चिकित्सा विज्ञान क्षेत्र में डॉ. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी को विद्वदभूषण अलंकरण से सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि आयुष मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर अशोक तिवारी, कुलपति सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय प्रो बिहारी लाल शर्मा, प्रोफेसर अरविन्द जोशी उपस्थित रहे। इस दौरान देश भर से आए हुए विद्वानों को सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाले विद्वानों में प्रो. उमाशंकर शुक्ला महामहोपाध्याय उपाधि प्रदान किया गया, गुजरात से प्रोफेसर विजय पंड्या, एनेस्थीसिया विभाग बी एच यू के प्रोफेसर अनिल कुमार पासवान, मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर नीलेश कुमार, डॉ अनीता शुक्ला, डॉ नमिता मित्तल, डॉ संतोष मौर्य, डॉ अमित सिंह, विद्वद अलंकरण समारोह का स्वागत प्रो रामपूजन पांडेय ने किया संचालन डॉ कामेश्वर उपाध्याय ने किया। इस दौरान अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्वत परिषद प्रोफेसर जयशंकर लाल त्रिपाठी उपस्थित रहे । प्रोफेसर टीपी चतुर्वेदी ने आए हुए सभी अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### दिल्ली परेड के लिए सीएचबीएस के छात्र दीपक का चयन

**वाराणसी।** बीएचयू द्वारा संचालित सेंट्रल हिंदू ब्वायज स्कूल कमच्छा के छात्र दीपक कुमार (कक्षा 11) का चयन रिपब्लिक डे सेलेब्रेशन (आरडीसी)–2025 दिल्ली परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए हुआ है। सीओ पीके सिंह, विद्यालय की प्रिंसपल डा. स्वाति अग्रवाल, कैप्टन संजय कुमार केशरी व डा. सीमा सिंह ने दीपक को बधाई दी है।

# 'रन फॉर हेल्थ, रन फॉर बीएचयू' में दौड़े लोग




**लिया भाग**

## बीएचयू में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन

## मालवीय भवन से शुरू हुई मैराथन दौड़का विश्वनाथ मंदिर पर समापन

**वाराणसी।** बीएचयू के छात्र अधिष्ठाता द्वारा रविवार की सुबह स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन सुबह सात बजे मालवीय भवन से शुरू होकर बीएचयू परिसर स्थित विश्वनाथ मंदिर तक जाकर संपन्न हुई, जो एकता और स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बनी। 'रन फॉर हेल्थ, रन फॉर बीएचयू' की थीम के साथ इस कार्यक्रम ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के स्वस्थ समाज के दृष्टिकोण को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा, सहायक छात्र अधिष्ठाता (छात्र विकास) निशात अफरोज, कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस स्वप्ना मीना, लेफ्टिनेंट प्रो. विक्रम सिंह, बास्केटबॉल कोच अनिल तिवारी, माउंटेनियरिंग के बलराम यादव और एसआरके फेलो की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। सैकड़ों छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया, बैनरों और नारों के माध्यम से फिटनेस को बढ़ावा दिया। प्रो. अनुपम कुमार नेमा ने अपने संबोधन में शारीरिक गतिविधियों को स्वस्थ जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बताते हुए प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने इस प्रकार के आयोजनों को समग्र विकास और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने वाला बताया। मैराथन का समापन प्रेरक संबोधन और सभी प्रतिभागियों के लिए जलपान के साथ हुआ। यह पहल न केवल फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रही, बल्कि महामना की विरासत को भी सार्थक रूप से सम्मानित किया।

### हनुमान ध्वजा को लेकर हुआ विचार विमर्श

**वाराणसी।** हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति द्वारा हनुमान रजत जयंती महोत्सव 30 मार्च से 13 अप्रैल तक मनाई जाएगी। इस संदर्भ में आज लक्सा स्थित मारवाड़ी समाज भवन में आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी श्याम मंडल ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बैजनाथ भलोटिया ने की । बैठक में उद्योगपति अध्यक्ष दीपक बजाज , महेश चौधरी, सुरेश तुलस्यान पवन मोदी किशन सौंथालिया आनंद स्वरूप अग्रवाल गोकुल शर्मा जी मनीष मैरोलिया मनीष गिनोडिया अशोक कोठारी जी अमित शर्मा अमित अग्रवाल विश्वनाथ पोद्दार एवं अन्य सम्मानित सदस्य के उपस्थिति थे। सर्वसम्मति से कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी बैजनाथ भालोटिया , महेश चौधरी संतोष अग्रवाल मनीष गिनोडिया व संस्था के सचिव के रूप में कृष्ण गोपाल तुलस्यान प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान का मनोनयन हुआ। कौशल शर्मा की अध्यक्षता में हनुमान जयंती के रजत जयंती वर्ष को अति सुशोभित ढंग से मनाया जायेगा।

# विकसित भारत का सपना पूरा कर रही नई शिक्षा नीति

**संबोधन**

## बीएचयू के गृह विज्ञान विभाग व महिला महाविद्यालय की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी



**वाराणसी।** बीएचयू के गृह विज्ञान विभाग, महिला महाविद्यालय द्वारा 'विकसित भारत 2047ः विकसित राष्ट्र के लिए सामुदायिक विज्ञान के द्वारा समुदायों को मजबूत करना' विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक गतदिनों किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि जेडी बिरला संस्थान कोलकाता की प्राचार्या प्रो. दीपाली सिंघीं व बीएचयू के कुलसचिव प्रो. अरुण कुमार रहे।

मुख्य अतिथि प्रो. दीपाली सिंघीं ने बताया की सामुदायिक विज्ञान की सभी शाखाएं नई शिक्षा नीति के विभिन्न आयाम को पूरा करने में सक्षम हैं और विकसित भारत की कल्पना को साकार कर रही हैं। सभी को अपनी शक्ति कों पहचनाने की जरूरत है।

प्रो. अरुण कुमार ने कहा की जब तक हमारे देश की आधी आबादी शिक्षित, समर्थ और सशक्त नहीं होगी, तब तक हम महिला सशक्तीकरण की बात नहीं कर सकते । हमे संविधान में दिए गए अधिकारों को समझाना होगा और उसको प्रयोग करने के बारें में जानने की जरूरत है, तभी हम सही मायने में विकसित होंगे।

दो दिवसीय संगोष्ठी की रिपोर्ट गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुक्ता सिंह ने की। संगोष्ठी में कुल 25 बेस्ट पेपर और बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड्स दिए गए। अतिथियों का स्वागत प्रो. कल्पना गुप्ता एवं धन्यवाद डा. प्रशंसा शर्मा ने दिया ।

आयोजन समिति से डा. पुष्पा मालवीय, डा. सुकन्या चक्रवर्ती एवं डा. प्रशंसा शर्मा के साथ गृह विज्ञान विभाग की सभी शोध छात्राओं ने कार्यक्रम का संयोजन किया। इस दो दिवसीय संगोष्ठी में आठ राज्यों के प्रतिभागियों नें भाग लिया। संगोष्ठी में 12 तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 शोध पत्र की प्रस्तुति गई। सभी सत्र में चेयरपर्सन एवं को चेयर पर्सन के रूप में प्रो. इंदिरा विश्नोई, प्रो. संगीता देवड़िया, प्रो.आम्रपाली त्रिवेदी, प्रो. कल्पना अग्रवाल, प्रो. गरिमा उपाध्याय, डा. अंशु शुक्ला, डा. प्रियंका, डा. आकृति मिश्रा, डा. इरा त्रिपाठी, डा. प्रिया केशरी, डा ऋचा मिश्रा के साथ सभी शोध छात्राओं की उपस्थिति रही।

# सांस्कृतिक रंगों में दिखा मिथिलांचल का वैभव

**विद्यापति महोत्सव**

## दो दिवसीय सांस्कृतिक महाकुम्भ महाकवि विद्यापति महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न





**वाराणसी।** मिथिला संस्कृति के प्रतीक हिन्दी व मैथिली भाषा के प्रथम कवि, कवि कोकिल महाकवि विद्यापति महोत्सव ख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक चौधरी की अध्यक्षता में नागरी प्रचारिणी सभा काशी में धूमधाम से सम्पन्न हुआ।

दूसरे दिन महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और महाकवि विद्यापति के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।

मुख्य अतिथि ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महाकवि विद्यापति हिन्दी साहित्य के प्रथम कवि होने के साथ साथ मैथिली भाषा साहित्य के भी प्रथम कवि थे। मैथिली काव्य के माध्यम से विद्यापति ने मैथिल समाज को जोड़ने का काम किया। विद्यापति जी का कव्य मिथिला के घर घर में गाया व सुनाया जाता है। मैथिल समाज को विद्यापति जी को आदर्श मानकर जीवन के हर क्षेत्र में संगठित होना चाहिये, जिससे कि मैथिल समाज का चहुमुखी विकास हो। समारोह की अध्यक्षता करते हुए हड्डी रोग विशेषज्ञ आलोक चौधरी ने कहा कि मिथिला (बिहार) से आकर काशी में विद्यापति महोत्सव के माध्यम से अपनी कला, संस्कृति को बनाये रखना एक महान कार्य है। विद्यापति की रचनायें सभी जातियों, धर्मों के लोगों में समान रूप से प्रिय हैं. चाहे वो ब्राह्मण हो, ठाकुर हो, हरिजन हो, विद्यापति सभी में प्रिय थे। ऐसे महान विभूति के काव्य से सीख लेते हुए मिथिलावासियों को एकता के सूत्र में बंधना होगा। मुख्य वक्ता बडौदा हाउस नई दिल्ली के वित्ताधिकारी विनय कुमार चौधरी ने कहा कि धन्य है मिथिला की भूमि जहाँ विद्यापति जैसे महाकवि पैदा हुए, विद्यापति ने अपनी रचनाओं के माध्यम से न केवल हिन्दी साहित्य बल्कि बंग्ला और मैथिली साहित्य को समृद्ध किया, बल्कि अपने काव्य के माध्यम से विद्यापति ने समाज को भी जोड़ने काम किया है। मनुष्य के जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जिसको विद्यापति के काव्य ने न छुआ हो। ऐसे महाकवि के चरणों में शत शत नमन। समारोह में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक विजय कपूर ने समारोह में उपस्थित लोगों को विद्यापति जी द्वारा लिखे गीतों से मंत्र मुग्ध कर दिया। बृष्टि चक्रवर्ती और नन्दनी सिंह के नृत्य निर्देशन में मिथिला का लोकनृत्य डोमचक, जट-जटिन, झिझिया भावपूर्ण प्रस्तुति कलाकारों ने दी।ख्यात योग गुरु प्रिया जायसवाल ने योग धुन मनोहारी प्रस्तुति दी, संचालन व संयोजन गौतम कुमार झा ने किया स्वागत निरसन कुमार झा एडवोकेट ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव दास पुष्कर ने किया। समारोह में मुख्य रूप से सुधीर चौधरी,भोगेन्द्र झा,आरुणी चन्द्र सिन्हा,भारतेंदु जी के वंशज दीपेश चन्द चौधरी आदि लोग उपस्थित थे।

# दिव्य कला समागम के लिए टीम अयोध्या रवाना

**रवानगी**

## अयोध्या के साकेत पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय कला समागम मेले का आयोजन आज से



**वाराणसी।** अयोध्या में नई सुबह संस्था (वाराणसी) एवं दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग व जिला प्रशासन अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण एवं स्वालंबन के लिए तीन दिवसीय दिव्य कला समागम मेले का आयोजन 23 से 25 दिसंबर तक साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या आयोजित किया जा रहा है। समागम आयोजन के लिए बनारस से नई सुबह संस्था के पदाधिकारी, विषय विशेषज्ञ एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं का एक दल रविवार को अयोध्या के लिए रवाना हुई। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डा. अजय तिवारी के नेतृत्व में टीम में मुख्य रूप से डा. मनोज तिवारी, अनुराग तिवारी, डा.आदित्य तिवारी, सुनीता, दिव्या, गौरव चक्रवर्ती, राजीव कुमार सिन्हा, कंचन, ज्योति व दिव्यांग छात्र-छात्राएं शामिल हैं। विदित हो कि की दिव्यांग कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन अयोध्या व संस्था की एक टीम पहले से ही आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय है।

दिव्य कला समागम में 25 से अधिक दिव्यांगता के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाएं स्टॉलों के माध्यम से दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित वस्तुओं व कलाकृतियों की प्रदर्शनी एवं विक्रय करेंगी, पुस्तक स्टॉल, दिव्यांग बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां तथा दिव्यांग कवियों का कवि सम्मेलन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप करेंगे।

# धृति घिमिरे को 'विद्या वाचस्पति सारस्वत' सम्मान दिया गया

**विमोचन**

## पाणिनी कन्या महाविद्यालय की पूर्व छात्रा की पुस्तक 'राष्ट्रोत्थान में आर्य नारियों का योगदान' का विमोचन



**वाराणसी।** पाणिनी कन्या महाविद्यालय की पूर्व छात्रा धृति घिमिरे को पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ, मथुरा द्वारा इंदौर में आयोजित 'राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी' में उनके द्वारा लिखित पुस्तक 'राष्ट्रोत्थान में आर्य नारियों का योगदान' का विमोचन किया गया। साथ ही, उन्हें 'विद्या वाचस्पति सारस्वत' सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जैन रहे। विशिष्ट अतिथि विष्णुकान्त कनकने व डॉ. उमाशंकर नगायच थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ की कुलपति डा. इन्दु भूषण मिश्रा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में वृंदावन की ख्यात कथावाचिक दीपा मिश्रा रहीं। कार्यक्रम में डा. विश्वनाथ पाणिग्रहि सहित अन्य विद्वतजनों का सानिध्य रहा। धृति घिमिरे नेपाल की मूल निवासी हैं, जिन्होंने बचपन से ही सनातन धर्म संस्कृति और वेदाध्ययन में रुचि ली। इसके चलते वह भारत आईं और काशी के महमूरगंज स्थित पाणिनी कन्या महाविद्यालय में अपनी शिक्षा शुरू की।

### अनन्य भक्ति से परमात्मा से एकाकार संभवः प्रो. अनिल

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में रविवासरीय गीता प्रवचन के क्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अनन्य भक्ति से परमात्मा से एकाकार संभव है। भक्ति का स्थान प्रेम है। प्रेम सात्विक है। जो भक्तजन श्रेष्ठ श्रद्धा से युक्त होकर सगुण रूप परमेश्वर को भजते हैं, मुझमें चित्त लगने वाले प्रेमी ये भक्त मुझे प्रिय है।

कार्यक्रम का संचालन एवं समागत अतिथियों का स्वागत प्रो. शरदिंदु तिवारी एवं धन्यवाद प्रो. सुमन जैन ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ महामना की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं भजन गायन, गीता पाठ से सत्यनारायण पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रो. मृत्युंजय देव पांडेय, प्रो. राजकुमार मिश्र, धनंजय पांडेय, प्रो. लता शर्मा, प्रो. रूद्रप्रकाश मलिक, प्रो. अजय श्रीवास्तव एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

# महिलाओं को आगे आना चाहिएः गंगा प्रसाद चौरसिया

**किया आह्वान**

## नाटीइमली में चौरसिया समाज का महासम्मेलन



**वाराणसी।** अखिल भारतीय चौरसिया महासभा और चौरसिया समाज की ओर से रविवार को नाटीइमली में महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल बाबू गंगा प्रसाद चौरसिया और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया संग कई प्रमुख नेता और समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल बाबू गंगा प्रसाद चौरसिया को अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, राष्ट्रीय महासचिव सुधीर चौरसिया और प्रदेश अध्यक्ष अजय चौरसिया ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम व माल्यार्पण करके सम्मानित किया। इस आयोजन में चौरसिया समाज के बच्चों और कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गयी, जिसमें कार्यक्रम में मौजूदा सभी लोगों का मन मोह लिया। वहीं इस महासम्मेलन के दौरान विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय कार्यक्रम भी किया गया, जिससे समाज में शादियों का आयोजन सफलतापूर्वक हो सके। इसके अलावा, समाज के व्यापारियों द्वारा उनके उत्पादों की प्रदर्शनी, जांच शिविर और हेल्थ केयर शिवर आदि भी लगाये गये। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल बाबू गंगा प्रसाद चौरसिया ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है और समाज तभी आगे बढेगा तब सामाजिकता बढ़ेगी और हम सभी मिल-जुलकर रहेंगे। वहीं महिलाओं के आगे बढ़ाने को लेकर उन्होंने कहा कि महिलाये आज के समय में सभी जिलों में कई पदों पर तैनात है। महिलाओं के लिए कई रास्ते खुले हैं महासम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमें सुरेश चौरसिया (पूर्व उपसभापति), डॉ. संजय चौरसिया, डॉ. स्वेता चौरसिया, डॉ. शालिनी जायसवाल, इन्द्रजीत वर्मा और अन्य कई सम्मानित सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा, समाज के वरिष्ठ सेवक रामलखन चौरसिया और देवनारायण गुप्ता को चौरसिया रत्न से नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, सुरेश चौरसिया (पूर्व उपसभापति), सुनील चौरसिया, अजय चौरसिया, प्रदीप चौरसिया, शिव कुमार चौरसिया, (भोलू), रमाकान्त चौरसिया, सोहनलाल चौरसिया, विजय चौरसिया, रितिक चौरसिया, रिषभ चौरसिया, राजीव चौरसिया, अनूप चौरसिया, रवि चौरसिया, कुंज बिहारी चौरसिया, सुमित चौरसिया, गौरव चौरसिया समेत चौरसिया समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे।

# विकास की बाट ढूंढ रहे अधिकांश गांव

**इंतजार**

## कहीं धरातल पर तो कहीं कागजों में कराया गया काम

## निष्पक्ष तरीके से जांच कराने पर सामने आयेगा बड़ा घोटाला

**बैरिया।** विकास खंड मुरली छपरा एवं बैरिया के कुल 56 गांवों के विकास के लिए पिछले चार वर्षों में शासन से लगभग दो अरब रुपए मिले, किंतु अभी भी अधिकांश गांव विकास की बाट ढूढ़ रहे हैं। क्योंकि विकास के लिए मिली धनराशि का अधिकांश हिस्सा अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बंदरबाट किया गया है। फलस्वरुप विकास की सरकार की परिकल्पना धरी की धरी रह गई है।

बता दे कि मुरली छपरा विकास खंड के कुल 25 ग्राम पंचायत एवं बैरिया विकास खंड के कुल 31 ग्राम पंचायतों के लिए मनरेगा, राज वित्त, 13वां वित्त एवं 14वें वित्त सहित विभिन्न योजनाओं में लगभग दो अरब रुपए शासन से भेजे गए हैं। विकास कहां हुआ? कैसे हुआ? यह तो कार्य करने वाले ही बता सकते हैं। वैसे, अभी भी अधिकांश गांवों में नाली, खडंजा, जल निकासी, लाइट, शौचालय, विद्युतीकरण, वृक्षारोपण सहित अन्य सरकारी कार्यक्रम परवान नहीं चढ़ सका है। कुछ जगह धरातल पर कुछ काम हुआ है तो कुछ जगहों पर कागजों में काम हुआ है। अगर इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़ा घोटाला सामने आएगा। अब किसका-किसका इसमें नाम लिया जाए? अधिकांश लोग इस घोटाले में अपनी हैसियत के मुताबिक शामिल पाए जाएंगे।

> गांव में समस्याएं बेशुमार थी। अधिकांश गांवों में विकास कार्य हुए हैं। आगे भी विकास कार्य होंगे। अपवाद को छोड़कर कहीं भी सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं हुआ है।
>
> **उमेश कुमार सिंह, एडीओ पंचायत, बैरिया**

### गांवों में कराये गये कार्यों की हो उच्चस्तरीय जांच

**बैरिया।** ओडीएफ घोषित गांव के लोग अभी भी लोटा लेकर शौच के लिए बाहर जा रहे हैं। स्ट्रीट लाइट के नाम पर अधिकांश गांवों में एक भी लाइट नहीं जल रही है, जबकि प्रत्येक गांव में स्ट्रीट लाइट के नाम पर पांच से 10 लाख का खर्चा हुआ है। सार्वजनिक शौचालय के संचालन के लिए हर साल केयर टेकर को एक लाख से अधिक मानदेय के रूप में दिया जाता है, किंतु 90 फीसदी सार्वजनिक शौचालयों में ताला लटका हुआ है। अगर कहीं चालू है तो वह प्रधान का व्यक्तिगत शौचालय बनाकर चालू है। वृक्षारोपण के नाम पर कागजों में पौधे लगाए जा चुके हैं। वही, जल निकासी की समस्या प्रत्येक गांवों में आज भी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि अगर इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर शासन में बैठे लोग कार्रवाई नहीं करते हैं तो गांवों के सर्वांगीण विकास के नाम पर इसी तरह सरकारी धन का बंदरबाट होता रहेगा। गांव की समस्याएं पहले की भांति आगे भी जिंदा रहेगी।

### चैन की बंशी बजा रहे सचिव

**बैरिया।** ग्राम पंचायतों के कार्यों के लिए तैनात सफाई कर्मी, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, शौचालय के केयरटेकर को हर साल भारी भरकम धनराशि मानदेय के रूप में भुगतान किया जाता है। यह लोग जनता जनार्दन की कितनी सेवा करते हैं? यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। जब इनका पद सृजित नहीं था। इनकी नियुक्ति नहीं थी, तब भी गांव में इसी तरह से कार्य होते थे। जैसे अब हो रहे हैं। अलबत्ता रोजगार सेवकों के कारण ग्राम पंचायत विकास अधिकारी चैन की बंशी बजा रहे हैं। ऐसे में जागरूक लोगों का कहना है कि या तो सरकार को उनकी सेवा समाप्त कर देनी चाहिए या उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

# यातायात व्यवस्था को लेकर रूट डायवर्जन

## भारी वाहनों का आवागमन कटहल नाला पुल की तरफ पूर्णतः बंद

**जनसंदेश न्यूज**




**बलिया।** शहर में चित्तू पाण्डेय चौराहा से फेफना-गाजीपुर मार्ग (एनएच-31) पर बहेरी में स्थित कटहल नाला पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे भारी वाहन के आवागमन से पुल टूटने की प्रबल सम्भावना है। शहर की यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत बलिया शहर में आने वाले समस्त भारी वाहनों का आवागमन चित्तू पाण्डेय चौराहा स्थित कटहल नाला पुल की तरफ पूर्णतः बन्द रहेगा। बलिया शहर के अन्दर आने वाले भारी वाहन फेफना से गड़वार मार्ग, चित्तू पाण्डेय चौराहा होते हुए संचालित होंगे। जनपद के थानान्तर्गत पड़ने वाले डायवर्जन प्वाइंट से बलिया शहर की तरफ आने वाले समस्त भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः बन्द रहेगा।

दुबहड़ः बैरिया की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को थाना दुबहड़ के पास रोका जायेगा। यदि वाहन नरहीं व फेफना की तरफ जाना चाहते हैं, तो चिरैया मोड़ से सहतवार, बांसडीह, सुखपुरा होते हुए गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) से फेफना व नरहीं जायेंगे।

बांसडीह रोड, रेवती, सहतवार, बांसडीह की तरफ से आने वाले भारी वाहन को थाना बांसडीह रोड के पास रोका जायेगा। यदि वाहन नरही, रसड़ा व फेफना की तरफ जाना चाहते हैं तो सुखपुरा, गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) होते हुए फेफना, नरहीं जायेंगे। सिकन्दरपुर से आने वाले भारी वाहनों को हनुमानगंज चौकी के पास रोका जायेगा। यदि सिकन्दरपुर से आने वाले वाहन दुबहड़, हल्दी, बैरिया जाना चाहते है तो सुखपुरा, बांसडीह, सहतवार होते हुए जायेगें। यदि वाहन नरहीं व फेफना की तरफ जाना चाहते हैं तो सुखपुरा, गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) से होते हुए फेफना व नरहीं जायेंगे। गड़वार की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को अगरसण्डा के पास रोका जायेगा।

यदि वाहन हल्दी, बैरिया की तरफ जाना चाहते हैं तो गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) से सुखपुरा, बांसडीह, सहतवार होते हुए जायेंगे। रसड़ा व नरहीं की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को फेफना तिराहा के पास रोका जायेगा। यदि वाहन बैरिया की तरफ जाना चाहते हैं तो गड़वार (त्रिकालपुर तिराहा) से सुखपुरा, बांसडीह, सहतवार होते हुए जायेंगे।

# वन दरोगा ने खड़े होकर कटवाया यूकेलिप्ट्स का पेड़

**पहल**

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो, जांच की बात कह रहे अधिकारी

**मनियर।** थाना क्षेत्र के गंगापुर स्थित हनुमान मंदिर के समीप सड़क के किनारे यूकेलिप्ट्स (सफेदा) के विशाल पेड़ को वन विभाग के दरोगा ने खड़े होकर कटवा दिया। तत्पश्चात देवरार में चल रही अवैध आरा मशीन पर बेच दिया गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, जब वन दरोगा से 15 दिसंबर को बात की गई तो उन्होंने कहा कि ये पेड़ नीलाम हो चुका है। वन निगम द्वारा ये पेड़ कटवाया जा रहा हैं। इस पेड़ को बेचकर मजदूरों की मजदूरी दी जाएगी और बाकी हिस्सा बेरुआरबारी स्थित कार्यालय में भेजा जाएगा। वायरल वीडियो में ट्रैक्टर ट्राली दिखाई दे रही हैं, जिस पर बड़े-बड़े अक्षरों में अलका ट्रेडर्स लिखा हुआ हैं। इस लकड़ी लदे ट्रैक्टर ट्राली को देवरार में चल रहे अवैध आरा मशीन पर ले जाया गया। इस संबंध में मनियर रेंज के प्रभारी रेंजर ज्ञानेश्वर शुक्ला पिछले सात दिनों से जांच कर रहे हैं, परंतु अब तक उनकी जांच पूरी नहीं हुई हैं। इसके बाद उनकी भी भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही हैं। इधर, वन दरोगा यही नहीं रुका। उसने छितौनी के पास आम के एक मोटे हरे पेड़ को कटवा दिया। इसके संबंध में पुनः उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया, जहां वह पुनः जांच की बात कर रहे हैं। जहां आम के हरे पेड़ को काटने पर प्रतिबंध है, वहीं वन दरोगा द्वारा सरकारी पेड़ों को काटकर तस्करी करना कही न कही रेंजर और डीएफओ की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहा हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वन दरोगा तस्करी और चोरी जैसे अपराध बिना उच्चाधिकारियों की सहमति के कैसे कर रहा हैं। अब देखना है कि क्या वन विभाग दोषियों पर कार्यवाही करता है या इस मामले की जांच फाइलों में दबा देता हैं।

# तहसील व थाना के माध्यम से हो रही अवैध वसूली

**बोले मो. जियाउद्दीन रिजवी**

## पूर्व विधायक के इशारे पर लोगों को किया जा रहा प्रताड़ित

## 16 से 18 जनवरी के बीच तहसील पर होगा विशाल धरना -प्रदर्शन


पत्रकार वार्ता करते सपा विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी

**सिकंदरपुर।** स्थानीय तहसील एवं थाना पर हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर क्षेत्रीय विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी रविवार को सपा कार्यालय पर पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान अधिकारियों सहित भाजपा जिलाध्यक्ष पर जमकर बरसे। कहा कि पूर्व में मेरे कार्यकाल में खरीद-दरौली घाट पर पक्का पुल, पूर में स्पोर्ट कालेज एवं सिवानकला में मंडी जैसे बड़े-बड़े कार्य सपा सरकार ने स्वीकृत किया, लेकिन आज तक वह कार्य पूरा नहीं हुआ। प्रदेश सरकार से जब भी इसके लिए बजट की मांग करता हूं तो सरकार बजट नहीं दे पाती है। लेकिन मैं चुप रहने वाला नहीं हूं। सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष करूंगा। सड़क, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा के लिए जो भी करना होगा, वह करूंगा। 16 से 18 जनवरी 2025 के बीच तहसील मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र यादव होंगे। जल्द ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लिया जाएगा।

कहा कि दूसरे जिले से आकर एक्सीडेंटल विधायक बनकर केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना, लूटपाट करना, भू-माफियाओं से मिलकर सरकारी गड़ही, सरकारी जमीन आदि पर कब्जा करना, एसडीएम एवं थाने के माध्यम से वसूली करना आम बात हो गई है। जनप्रतिनिधि किसी भी पार्टी का हो। क्षेत्र का विकास उसकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन पिछले कार्यकाल में भाजपा का विधायक रहने के दौरान कोई कार्य नहीं हुए। आज पुरुषोत्तम पट्टी, जिंदापुर सहित अन्य गांव कटान की चपेट में है। इस मुद्दे को मैं प्रमुख सचिव से लेकर विधानसभा तक उठा चुका हूं, लेकिन अफसोस की बात है कि विभागीय मंत्री जनपद में दौरे के दौरान पूर्व विधायक के आवास पर चाय पीना मुनासिब समझे। लेकिन उन्हें आम जनता की पीड़ा सुनाई नहीं दी।

पूरे विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक के इशारे पर प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। खुलेआम रुपए की मांग की जा रही है। सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र के हरपुर गांव में सरकारी जमीन पर बन रहे अन्नपूर्णा भवन के कार्य को एक्सीडेंटल विधायक की शह पर एसडीएम ने रोक दिया। वहां के प्रधान से 10 लाख रुपए की मांग की जा रही है। एसडीएम पर आरोप लगाया कि पूर्व विधायक एवं भू-माफिया के साथ मिलकर केवल अवैध कब्जा, धन वसूली एवं आम जनता को प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान डा. मदन राय, भीष्म यादव, खुर्शीद नेता, रामजी यादव आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**रेवती।** स्थानीय पुलिस ने अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को सुसंगत धाराओं के तहत पेश न्यायालय कर दिया। रेवती थाने के उप निरीक्षक प्रभाकर शुक्ल मय हमराह हेड कांस्टेबल राजेन्द्र यादव, स्वतंत्र गुप्ता, कांस्टेबल अनिल चौधरी व कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार देखभाल क्षेत्र, दबिश वांछित व रोकथाम अपराध में भ्रमण पर थे। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त शिवभजन यादव उर्फ बिट्टू पुत्र अशोक यादव साकिन दलछपरा, थाना रेवती को एक तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ कुवां पीपर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया।

### सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत हुए पदुम

**बैरिया।** राज्यसभा सांसद नीरज शेखर के प्रस्ताव पर दूरसंचार विभाग नई दिल्ली की संस्तुति पर पदुम प्रसाद गुप्ता निवासी बैरिया को गोरखपुर परिमंडल टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है। दूरसंचार विभाग द्वारा दो वर्षों के लिए यह मनोनयन किया गया है। आवश्यक जांच पड़ताल के बाद विभागीय सुविधा टेलीफोन विभाग द्वारा मनोनित सदस्य को दिया जाएगा। इसकी जानकारी सहायक महाप्रबंधक (परिचालन) कार्यालय प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार व्यापार क्षेत्र गोरखपुर ने दी है।

### बिजली चोरी में होटल मालिक गिरफ्तार

**चितबड़ागांव।** फेफना-चितबड़ागांव मार्ग पर स्थित शंकर होटल के मालिक शंकर जी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि उनके विरुद्ध वर्ष 2023 में बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें न्यायालय ने शंकर जी पुत्र स्व. दुखरन साहु निवासी पिपरा खुर्द, थाना चितबड़ागांव के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी ने बताया कि न्यायालय के आदेश के क्रम में उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक चन्द्रशेखर यादव एवं हेड कांस्टेबल शिव प्रकाश यादव शामिल रहे।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**चितबड़ागांव।** बलिया-गाजीपुर मार्ग पर शुक्रवार की शाम चितबड़ागांव थाना के पास बाइक और कार की टक्कर में सवरजीत राजभर (32) पुत्र ओमप्रकाश राजभर ग्राम एकौनी, थाना फेफना गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका उपचार मऊ स्थित निजी चिकित्सालय में चल रहा था। रविवार को मऊ के निजी चिकित्सालय में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### पुलिस ने गुम हुए मोबाइल को बरामद कर लौटाया

**मनियर।** स्थानीय पुलिस ने मोबाइल स्वामी का फोन ढूंढ कर उसको लौटा दिया। मोबाइल मिलने पर पीड़ित ने मनियर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं धन्यवाद दिया। पीड़ित का मोबाइल ग्राम पटखौली से खेजुरी मोड़ जाते समय रास्ते में कही गिर गया था। इसके सम्बन्ध में पीड़ित ने पोर्टल पर गुमशुदगी दर्ज कराया था। रविवार को पुलिस ने गुम हुए मोबाइल को बरामद करके पीड़ित को सौंप दिया। मोबाइल मिलने पर पीड़ित का खुशी का ठिकाना नहीं था।

### चैंपियनशिप में रहा बलिया के खिलाड़ियों का जलवा

**बलिया।** कानपुर में आयोजित 58वीं उत्तर प्रदेश स्टेट एनुअल क्रास कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप- 2024 में आयोजित प्रतियोगिता में बलिया के खिलाड़ियों ने (16 वर्षीय में) अभिषेक साहनी दो किमी में प्रथम स्थान, (18 वर्षीय में) शिवकुमार चार किमी में तृतीय स्थान, (मेंस वर्ग) में राकेश कुमार ने 10 किमी में द्वितीय स्थान, (16 वर्षीय) निधि कुमारी ने दो किमी में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला का मान-सम्मान बढ़ाया है। इनकी उपलब्धि पर जिला ओलंपिक एसोसिएशन एवं जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा सभी खिलाड़ियों को बधाई दी गयी है। ई.अरुण कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, शंभूनाथ गुप्ता, गोविंद जी गुप्ता, धीरेंद्र कुमार शुक्ला, पंकज कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, अरविंद कुमार शुक्ला, राजेश कुमार गुप्ता, अजय प्रताप सिंह, वीरेश दुबे, खुर्शीद आलम, कुन्दन गुप्ता, राजू राय, सालू गुप्ता, राकेश यादव, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

# सनबीम स्कूल में मैथलीट मैवरिक्स 2.0 का आयोजन


सनबीम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल बच्चे


प्रमाण पत्र के साथ बच्चे एवं अन्य

**आयोजन**

## श्रीनिवास रामानुजन के गणित के क्षेत्र में किये गये योगदान पर चर्चा

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि और कौशल को बढ़ावा देने के लिए सनबीम स्कूल अगरसंडा में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती के अवसर पर शनिवार को मैथलीट मैवरिक्स 2. 0 का आयोजन किया गया। शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. मनीष कुमार पांडे (असिस्टेंट प्रोफेसर, एससी कालेज बलिया) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने श्रीनिवास रामानुजन को पुष्प अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को गणित के क्षेत्र में उनके योगदान के विषय में बताया। मैथलीट में बलिया के अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया था। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें द स्नैप साल्वर, स्क्विगली डोकू, मैथ क्विज, मैथक्राफ्ट, और मैथेमेटिकल मार्वल जैसे प्रतिस्पर्धा शामिल थे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाते हुए न केवल गणितीय कौशल दिखाया, बल्कि टीम वर्क, तर्कशक्ति और नवाचार का प्रदर्शन भी किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि गणित एक ऐसा विषय है, जो हमारे जीवन के लगभग हर पहलू में उपयोग होता है। यह हमें समस्या-समाधान कौशल, तर्कशक्ति और संवेदनशीलता को विकसित करने में मदद करता है। गणित की महत्ता को समझने के लिए हमें इसके विभिन्न पहलुओं पर विचार करना होगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सभी गणित विषय के अध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक संतोष कुमार चतुर्वेदी, डीन एकेडमिक सहर बानू, हेडमिस्ट्रस नीतू पांडे की उपस्थित सराहनीय रही।

### गणित जीवन की जटिलताओं को सरल करने का माध्यम



**रसड़ा।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर अखनपुरा, रसड़ा में रविवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गणित सप्ताह की शुरुआत की गई, जिसमें गणित से संबंधित विभिन्न रचनात्मक एवं शिक्षाप्रद गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित करके किया गया। आचार्य रणजीत सिंह ने गणित के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणित केवल एक विषय नहीं है, बल्कि यह जीवन का आधार है। हमारे दैनिक जीवन के हर पहलू में गणित का उपयोग होता है। चाहे वह समय प्रबंधन हो, व्यापार हो या तकनीकी प्रगति। गणित के बिना जीवन अधूरा है। बच्चों को गणित को बोझ मानने की बजाय इसे आनंद और खेल के रूप में अपनाना चाहिए। प्रधानाचार्य राकेश अग्रहरी ने कहा कि गणित जीवन की जटिलताओं को सरल करने का माध्यम है। श्रीनिवास रामानुजन जैसे महान व्यक्तित्व हमें यह प्रेरणा देते हैं कि कड़ी मेहनत और लगन से हम किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। गणित सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना और इसे दैनिक जीवन से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिनमें गणितीय माडल निर्माण, क्विज प्रतियोगिता, पहेलियां हल करना और ग्राफिक प्रस्तुतियां शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता और गणितीय सोच विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। गणित सप्ताह की शुरुआत से विद्यालय परिसर में शैक्षणिक उत्सव का माहौल देखने को मिला।

# विधि के हाथ में है हानि लाभ व जीवन मरण

**बोले पं. गोविन्द शास्त्री**

## इसे स्वयं भगवान भी चाहे तो नहीं बदल सकते

**जनसंदेश न्यूज**


रामकथा सुनाते पं. गोविन्द शास्त्री

**बैरिया।** मर्यादा परुषोत्तम राम के वनवास एवं राजा दशरथ के स्वर्गवास पर विचलित भरत गुरु वशिष्ठ से पूछते हैं कि आप में ब्रह्मा के नियमों की बदलने की क्षमता है। फिर मेरे साथ ऐसा अपशगुन क्यों हुआ? विचलित भरत को समझाते हुए गुरू वशिष्ठ कहते हैं कि 'सुनहू भरत भावी प्रबल बिलखी कहेयू मुनीनाथ हानि लाभ जीवन मरण यश अपयश विधि हाथ'। यानी हानि-लाभ, यश-अपयश एवं जीवन-मरण सब विधि के हाथ में है। इसे स्वयं भगवान भी चाहे तो नहीं बदल सकते हैं।

उक्त बातें मानस मर्मज्ञ पंडित गोविंद शास्त्री ने रविवार को रामाश्रम प्रवचन परिषद पियरौटा प्रियधाम में आयोजित पांच दिवसीय राम कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं के बीच राम कथा के क्रम में मुनि वशिष्ठ एवं भरत संवाद पर प्रकाश डालते हुए व्यक्त किया। कहा कि अच्छा उदाहरण श्रीरामचरितमानस के पात्रों में निहित है। इसे बदला नहीं जा सकता है। उदाहरण स्वरूप श्रीराम वन गमन अयोध्यावासियों की हानि का कारण बना, जबकि वनवासियों के लिए यह लाभ का कारण बना। इसी प्रकार उन्होंने अन्य चार कारणों का भी उल्लेख किया।

भगवान राम के वन गमन के क्रम में शबरी के अतिथ्य की चर्चा करते हुए कहा कि नवधा भक्ति की विषद व्याख्या इसमें निहित है। आध्यात्मिक, राष्ट्रभक्ति और हास्य व्यंग्य से जुड़ी त्रिवेणी की शैली को सुनने के लिए क्षेत्र के श्रोता प्रियधाम में रोज पधार रहे हैं।

### मार्मिक तरीके से किया नारद मोह का वर्णन

**बैरिया।** काशी से पधारी मानस गंगा प्रियंका पांडेय ने मार्मिक तरीके से नारद मोह का वर्णन किया। भृगु क्षेत्र निवासी गुप्तेश्वर गिरी ने राम कथा के महत्व पर विधिवत चर्चा की। कथा मंत्र का काव्य में संचालन प्रो. सुभाष चंद्र सिंह ने किया। प्रवचन परिषद के लड्डू सिंह, सतपाल सिंह, राजू सिंह, प्राचार्य श्रीप्रकाश सिंह, गुप्तेश्वर गिरी आदि की भूमिका सराहनीय रही। अंत में लड्डू सिंह ने क्षेत्र के दानदाताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए श्रद्धालुओं से इसी तरह का स्नेह बनाए रखना का आग्रह किया। कहा कि आपके सहयोग और समर्थन के बिना इस आयोजन को सफल नहीं बनाया जा सकता।

### अचानक धू-धूकर जलने लगा पिकअप

**बलिया।** बलिया-गाजीपुर मार्ग पर स्थित चितबड़ागांव थाने से 100 मीटर की दूरी पर शनिवार की देर रात गाजीपुर की तरफ जा रही पिकअप यूपी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। लोग कुछ समझ पाते, तब तक देखते ही देखते पिकअप धू-धू कर जलने लगी। सूचना पर थानाध्यक्ष फायर सिलेंडर मंगाकर खुद आग बुझाने में लग गए। घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी ने बताया कि टमाटर लाने के लिए पिकअप बनारस जा रही थी। गाड़ी से धुंआ निकलने पर ड्राइवर गाड़ी खड़ा कर उतर गया। पिकअप में आग कैसे लगी? यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल इस घटना में कोई हताहत नहीं है।

### ई-रिक्शा पलटने से महिला घायल

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के बेल्थरारोड-सिकन्दरपुर राजमार्ग पर रविवार की अपरान्ह हल्दीरामपुर के ढुक्कू ढाला मोड़ पर ई-रिक्शा पलटने से मीना (29) पत्नी सुनील निवासी (बरतर) हल्दीरामपुर बुरी तरह चोटिल हो गई। ई-रिक्शे पर कई अनेक यात्री सवार थे। ई-रिक्शा बेल्थरारोड से मालदह की ओर सवारी लेकर जा रहा था। घटना की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और चोटिल मीना को सीएचसी सीयर में उपचार के लिए भर्ती कराया। सूचना पाकर उभांव पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई।

# डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण


कुंवर सिंह महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर खड़े परीक्षार्थी


टीडी कॉलेज के मुख्य द्वार पर खड़े परीक्षार्थी

**पीसीएस-प्री परीक्षा-2024**

## परीक्षा केन्द्रों पर चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को दी गई इंट्री

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के साथ रविवार को जनपद में आयोजित यूपी पीसीएस प्री-परीक्षा के प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कालेज, राजकीय इण्टर कालेज, गुलाब देवी बालिका इंटर कालेज, सतीश चंद्र पीजी कालेज तथा शहीद मंगल पाण्डेय राजकीय बालिका महाविद्यालय आदि का भ्रमण कर जायजा लिया। जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई। पहली पाली की परीक्षा में केंद्रों के बाहर ही परीक्षार्थियों की चेकिंग की गयी। इसके बाद उन्हें अंदर जाने दिया गया। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई, जो 11:30 बजे तक चली। उसके बाद दूसरी पाली की परीक्षा 2:30 बजे से शुरू हुई, जो 4.30 बजे समाप्त हो गयी। इस दौरान पुलिस व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रही। जनपद में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस-प्री परीक्षा को सूचितापूर्ण व नकल विहिन सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों टीडी कालेज बलिया, जीआईसी बलिया, गुलाब देवी बालिका इंटर कालेज, सतीश चंद्र कालेज बलिया, शहीद मंगल पांडेय राजकीय महिला महाविद्यालय नगवां आदि कालेजों का निरीक्षण किया गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कतापूर्वक अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।






# भाई बहन की सड़क दुघर्टना में मौत

## गोठा फोरलेन बाईपास के समीप हुआ हादसा

जनसंदेश न्यूज

**दोहरीघाट, मऊ।** थानान्तर्गत गोठा बाईपास फोरलेन पर दवा के लिये घोसी जा रहे मोटरसाईकिल सवार भाई बहन की अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मर्चरी हाऊस के लिये भेज दिया तथा मृतक की शिनाख्त उसके पहचान पत्र से हूई पलिस ने घटना की सूचना उसके परिजनो को दी।

सुरज पुत्र रामचन्द्र उम्र 23 वर्ष निवासी कटिहारी कोतवाली घोसी अपनी बहन दीपा कुमारी उम्र 20 वर्ष को अपनी मौसी मठिया मड़ई थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ से रविवार को सुबह छह बजे लेकर घोसी दवा के लिये मोटरसाईकिल से जा रहा था जैसे ही गोठा फोरलेन के बाईपास के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चपेट मे आ गया जिससे मौके पर ही दोनो भाई बहन की मौत हो गयी

**दु:खद**

**गोठा बाईपास फोरलेन पूरी तरह मौत का बनता जा रहा है हब**

**दस माह में अब तक वाहनों की चपेट में आने से यहां पर हो चुकी है दर्जनों मौत**

प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार ट्रेलर गाड़ी के चपेट मे आने से दोनो की मौत हूई है। घटना की सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्चरी हाऊस के लिये मऊ भेज दिया तथा मृतक की पहचान बाइक नंम्बर से हूई तथा पुलिस ने परिजनो को घटना की जानकारी मौके पर परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया मृतक दो भाई था मां की मौत पहले ही हो चुकी है तथा उसके पिता देहरादून उत्तराखण्ड मे नौकरी करते है। गोठा बाईपास फोरलेन पूरी तरह मौत का हब बनता जा रहा है दस माह मे अब तक दर्जनो मौते वाहनो के चपेट मे आने से यहां पर हो चुकी जबकि गोठा फोरलेन पास को गोलम्बर चैराहा बनाने की मांग हो रही है लेकिन अबतक सुनवाई नही हो रही है न जाने कितने मौतो का इंतजार एनएचआई कर रहा है।

इस स्थान पर एक सप्ताह पहले दो व्यक्तियों का एक्सीडेंट हुआ था जिसमे एक की मौके पर ही तत्काल मौत हो गयी एक अस्पताल में जीवन मौत से जूझ रहा है इसके पहले 15 दिन पहले दो युवकों की इसी स्थान पर मां दुर्घटना में मौत हो गई इस स्थान पर निरंतर मौत का सिलसिला चल रहा है गोंठा बाजार फोरलेन बाईपास पर मौत का मार्ग दुर्घटना का क्षेत्र बनता जा रहा है।



# बाबा विश्वनाथ के दरबार में मऊ के सैकड़ों लोगों ने किया सुंदरकांड पाठ

**मऊ।** द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक अति प्राचीन शिव नगरी स्थित बाबा विश्वनाथ के विशाल प्रांगण में हनुमत कृपा सेवा समिति मऊ के तत्वाधान में सैकड़ों लोगों ने एक साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया। हनुमत कृपा सेवा समिति के तत्वाधान में किए गए इस कार्यक्रम में मऊ शहर से लगभग 700 से अधिक पुरुष महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। एक साथ संगीतमय समवेत स्वर में किए गए सुंदरकांड पाठ से समूचा परिसर गूंज उठा। सुंदरकांड उपरांत भगवान रुद्र अवतार हनुमान जी की आरती उतारकर काशी विश्वनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्रा ने कहाकि मऊ जैसे शहर में सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में पिछले 12 वर्षों से प्रत्येक सप्ताह अनवरत लोगों के घरों में पहुंचकर ऐसे पवित्र अनुष्ठान करने वाले सभी सदस्य पुण्य के भागी हैं। उन्होंने विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से सबके मंगल की कामना किया। हनुमत कृपा सेवा समिति संस्थापक संयोजक चंद्रशेखर अग्रवाल (चंदू बाबू) ने कहाकि जिस बाबा



विश्वनाथ मंदिर में लोग जहां कुछ मिनट में ही दर्शन कर वापस निकालने को बाध्य होते हैं। ऐसे पवित्र प्रांगण में हमारी समिति के सैकड़ो सदस्यों द्वारा एक साथ बैठकर लगभग 3 घंटे तक पवित्र अनुष्ठान करना हमारे पूर्व जन्म के पुण्य फल का परिणाम है। हम लोग ऐसे पवित्र कार्यक्रम को आयोजित कर अपने को धन्य समझते है। उन्होंने मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा को धन्यवाद अर्पित करते हुए अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गौरतलब हो की गत दिनों समिति के वरिष्ठ सदस्य वेद नारायण मिश्रा व लालबहादुर जायसवाल द्वारा हनुमत कृपा सेवा समिति के पिछले 12 वर्षों से चलने वाली गतिविधियों के विषय में सीईओ श्री मिश्रा से चर्चा किया। इस दौरान इन लोगों द्वारा बाबा विश्वनाथ मंदिर के आंगन में सुंदरकांड पाठ करने की अनुमति मांगी गई। कार्यक्रम के संकल्प व स्वरूप को ध्यान में रखते हुए सीओ विश्व भूषण मिश्रा द्वारा अनुमति प्रदान की गई थी। उत्साहित समिति के सदस्यों द्वारा रविवार को भव्य स्वरूप में इस अनुष्ठान को पूर्ण किया गया।

मौके पर चंद्रशेखर, डॉ रामगोपाल, रवि, अरुण, अजय, डॉ श्यामलाल मद्धेशिया, रामप्यारे जी, लालबहादुर, कैलाश चंद्र, मनीष, मनीष, राधेश्याम, हरखनाथ, तेज प्रताप, सर्वेश, विजय तुलस्यान सहित काफी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वीर सपूत से गौरवान्वित है देश और समाज: अनिल राजभर



**दोहरीघाट, मऊ।** जनपद के पिढवल गांव के निवासी सिक्कम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बल के जवान अखिलेश गुप्ता उम्र 28 वर्ष जिनकी दो दिन पूर्व ड्यूटी के दौरान बस पलटने से सिक्किम में ही मृत्यु हो गई थी।

रविवार को उनका तिरंगे में लिपटा पार्थिव शव दोहरीघाट मुक्तिधाम पर अंतिम यात्रा के लिए लाया गया जहां पर उत्तर प्रदेश सरकार के सैनिक कल्याण मंत्री अनिल राजभर पहुंचकर सलामी गारद के साथ वीर जवान को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को

**शोक**

**वीर जवान का मुक्तिधाम पर हुआ अंतिम संस्कार**

ढाढस बधाया। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर सपूतों पर देश और समाज को गर्व है। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय, मुन्ना राजभर, गुलाब गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, अनिरुद्ध सिंह, पंकज आदि लोग उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**मझौवां (बलिया)।** राम सखा पंडित स्व. त्रिलोकी नाथ पांडेय की जन्म जयंती पर उनके गांव दयाछपरा चट्टी के तिवारी कटरा पर रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों रोगियों का स्वास्थ्य व नेत्र जांच कराए। बताते चले कि स्व. त्रिलोकीनाथ पांडेय राम मंदिर आंदोलन में उच्चतम न्यायालय में राम मंदिर के पक्ष में मुकदमे का पैरवी करते थे। उच्चतम न्यायालय द्वार उन्हें राम सखा के रूप में माना गया था। राम मंदिर आंदोलन में मुकदमे की जीत का श्रेय स्व. त्रिलोकीनाथ पांडेय को जाता है। उनकी जन्म जयंती पर स्वास्थ्य व नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसके मुझे अतिथि निर्भय नारायण सिंह (आई आर टी एस रेल मंत्रालय) रहे, कार्यक्रम के आयोजक भी थे। स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों रोगियों ने स्वास्थ्य व नेत्र की जांच कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल पांडेय, हरि सिंह, जय प्रकाश उपाध्याय, विजय सिंह, किशुन पासवान, सचिन सिंह, मुन्ना यादव आदि रहे। अध्यक्षता डॉ. अरविंद पांडेय व संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा ने किया।

# यूबीआई ने फातिमा अस्पताल को भेंट की एम्बुलेंस


**मऊ।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी सीएसआर के तहत, यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन के माध्यम से मऊ स्थित फातिमा अस्पताल को तकरीबन 22 लाख रुपये के एक एम्बुलेंस प्रदान किया। इस पहल का उद्देश्य अस्पताल को त्वरित और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सशक्त बनाना था, खासकर उन क्षेत्रों में जहां आपातकालीन चिकित्सा सहायता की उपलब्धता अक्सर समय पर नहीं हो पाती। समारोह में वाराणसी जोन के हेड धीरेंद्र जैन ने हरी झंडी से एम्बुलेंस को फातिमा अस्पताल को सौंपने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। श्री जैन ने कहा कि यह एम्बुलेंस विशेष रूप से उन दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण साधन साबित होगी, जहां समय पर चिकित्सा सहायता की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। इस एम्बुलेंस के दान से




फातिमा अस्पताल को अपनी सेवाओं में सुधार करने और मरीजों को त्वरित और बेहतर इलाज प्रदान करने में मदद मिलेगी। फातिमा अस्पताल के पादरी, सिस्टर रोजिया और अन्य अस्पताल कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए यूनियन बैंक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस एम्बुलेंस से अस्पताल की कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव आएगा और इससे मरीजों को त्वरित चिकित्सा सहायता प्राप्त हो सकेगी, जिससे अस्पताल की सेवाओं में गुणवत्ता में भी सुधार होगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की यह सीएसआर पहल समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल मऊ क्षेत्र के निवासियों के लिए राहत का कारण बनेगी, बल्कि अन्य संस्थानों और समुदायों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर मऊ क्षेत्रीय प्रमुख शिव कुमार शुक्ला, फातिमा अस्पताल की सिस्टर रोजिया, सिस्टर ऐनी, सिस्टर धान्या, डॉ. जुड, मऊ क्षेत्र के उप-क्षेत्रीय प्रमुख विवेक कुमार, रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रदीप सिंह और अजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मऊ के रामनिवास मौर्य ने देशभर में आठवां स्थान हासिल कर बढ़ाया उत्तर प्रदेश का गौरव



**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद के रामनिवास मौर्य, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय सौसरवा, ब्लॉक मुहम्मदाबाद गोहना, ने पांचवीं सीनियर नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2024-25 में शानदार प्रदर्शन कर देश स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता योगासन भारत द्वारा 12-15 दिसंबर, 2024 के बीच महात्मा गांधी इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम, तुमकुरू, कर्नाटक में आयोजित की गई थी। 45-55 आयु वर्ग में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए रामनिवास मौर्य ने अपने अद्वितीय कौशल और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। देशभर के 39 खिलाड़ियों, जिनमें सेना, पैरामिलिट्री फोर्स, उत्तर प्रदेश पुलिस, और सीआरपीएफ के खिलाड़ी शामिल थे, के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने फाइनल में टॉप-10 में स्थान बनाया। रामनिवास मौर्या उत्तराखंड में आयोजित होने वाली 38वीं नेशनल गेम्स में भाग लेंगे। इस सूची में रामनिवास मौर्य का नाम शामिल होना उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है। रामनिवास मौर्य न केवल एक कुशल योगासन खिलाड़ी हैं, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्तकर्ता और डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन मऊ के संयुक्त सचिव भी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी श्वेता मौर्या, सहेन्द्र सिंह, सचिव राजन वैदिक, युवा भारत के प्रभारी बृजमोहन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। यह सफलता मऊ जिले के लिए एक प्रेरणा है और यह दशार्ती है कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

### आचार्य अभिनव शंकर पाण्डेय का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**सहतवार (बलिया)।** बीएचयू में 15 दिसम्बर को आयोजित दीक्षांत समारोह में दो स्वर्णपदक व एक रजत पदक प्राप्त करने वाले डुमरिया निवासी आचार्य अभिनव शंकर पाण्डेय का सहतवार में ग्रामीणों द्वारा गाजे बाजे व मंत्रोच्चारण द्वारा स्वागत किया गया। ब्राह्मण सेवा संस्थान के द्वारा अभिनव को फूल माला से लाद दिया गया। श्री चैनराम बाबा की समाधि स्थल पर आयोजित आशीर्वाद गोष्ठी ने सभीने यशस्वी भव का आशीर्वाद प्रदान किया व बलिया का नाम रौशन करने पर हर्ष व्यक्त किया। अभिनव शंकर को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में संस्कृत से उत्कृष्ट शिक्षा में अग्रणी भूमिका अदा करने पर प्रो. रामचन्द्र पाण्डेय स्वर्णपदक, राजकिशोर कपूर रजतपदक, बीएचयू मेडल से सम्मानित किया गया था। आशीर्वाद गोष्ठी में निलेश उपाध्याय,राहुल मिश्रा, पंकज पाठक, सागर पाण्डेय, शम्भुशरण बेहाल, नीरज पांडेय, अजय पाठक आदि ने अपने शब्दों से आशीर्वाद प्रदान किया। निलेश उपाध्याय ने कहा कि उत्कृष्ट मेडल मिलने से जनपद का नाम गौरांवित हुआ है। पंकज पाठक ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं व छात्रों को अभिनव शंकर के अनुसरण करना चाहिए। आचार्य विद्याशंकर पाठक व आचार्य विवेक शुक्ल ने स्वस्तिवाचन पाठ करके आशीर्वाद प्रदान किया। ब्राह्मण सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। स्वागत से अभिभूत आचार्य अभिनव शंकर ने कहा कि बलिया जनपद के युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ताकि विभिन्न क्षेत्रों में मेडल आएं। संस्कृत एक ऐसी शिक्षा है जिसमें सर्वाधिक रोजगार हैं। संस्कृत ही संस्कृति का आधार है। अभिनव ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक मिश्रा, रविशंकर ओझा, संतोष पांडेय, शिवकुमार पाण्डेय, रविन्द्र पाण्डेय, उमाशंकर दुबे आदि उपस्थित रहे।

### एक और बस अड्डे के लिए तेज हुई जमीन की तलाश

**बलिया।** शहर में एक और बस अड्डे के लिए जमीन की तलाश तेज हो गई है। पुराने बस अड्डे को एयरपोर्ट माडल में बनने की योजना पहले से ही है। इसी बीच कैबिनेट ने बैरिया में अंतरप्रांतीय बस अड्डे की स्वीकृति दे दी है। ऐसे में माल्देपुर के आस-पास नए बस अड्डे के लिए भूमि की तलाश की जा रही है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के किनारे नए बस अड्डे के लिए दो हेक्टेयर भूमि की जरूरत है। शहर से तीन से चार किमी की दूरी पर नया बस अड्डा बनाने की योजना है। लंबी दूरी की बसें इसी बस अड्डे से चलाने की योजना है। वैसे, शहर के पुराने बस डिपो एवं एआरएम आफिस को तोड़कर चार मंजिला एयरपोर्ट माडल बस अड्डे के लिए काम शुरू हो गया है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के रास्ते नए बस अड्डे से बसें आसानी से निकल जाएंगी। शहर में जाम से बसों के संचालन में दिक्कत हो रही है। रेलवे क्रासिंग बंद होने से डिपो में आने-जाने वाली बसों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। शहर के बीच से रेलवे पटरी गुजरी है। रोडवेज डिपो पटरी उस पार होने के कारण दिक्कत होती है। ओवरब्रिज के रास्ते बसों को निकालने में काफी दिक्कत होती है। ट्रेनों की संख्या बढ़ने से अधिकांश समय क्रासिंग बंद ही रहती है। इस संबंध में एडीएम डीपी सिंह ने बताया कि माल्देपुर के क्षेत्र में नए बस अड्डा बनाने की योजना है। इसके लिए परिवहन निगम की तरफ से भूमि की डिमांड की गई है। वन विभाग की भूमि को देखा गया था। इसके अलावा भी अन्य विकल्प तलाशा जा रहा है। जल्द ही भूमि की समस्या को दूर कर लिया जाएगा।

### धार्मिक अनुष्ठान 25 को

**बलिया।** शहर से सटे माल्देपुर मोड़ के सामने तुलसी दिवस के अवसर पर गंगा संगम तट पर प्रत्येक वर्ष की तरह जन सहयोग से निर्मल एवं अविरल गंगा के लिए धार्मिक अनुष्ठान 25 दिसम्बर, बुधवार को किया जाएगा। आयुष डाक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन उप्र के प्रदेश अध्यक्ष डा.रामसुरेश राय ने बताया कि 25 दिसम्बर की सुबह आठ बजे से पार्थिवेश्वर महादेव का रूद्राभिषेक, गंगा चालीसा, हनुमान चालीसा, सुन्दर काण्ड का पाठ, गंगा पूजन एवं गंगा आरती के बाद चिउरा-दही के साथ चोखा के प्रसाद का भोग लगाया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया गया जेएनसीयू का नौवां स्थापना दिवस

**बलिया।** जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय का नौवाँ स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर परिसर में विकसित भारत 2047 में शिक्षण संस्थानों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि प्रो. के. एन. सिंह, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, दक्षिण बिहार ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षण संस्थानों को आदर्श व्यक्तित्व के निर्माण की चुनौती स्वीकरानी होगी, ऐसे नागरिक निर्मित करने होंगे जो राष्ट्र के प्रति समर्पित हों, जो रोल मॉडल बन सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का यही लक्ष्य है। विकास के बाधक सभी तत्वों का निराकरण इसी प्रकार से हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. एच. के. सिंह, वाणिज्य विभाग, बीएचयू ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति विकसित भारत के निर्माण के लिए आवश्यक बुनियाद हैं। देश के विकास के लिए दीर्घकालीन



लक्ष्य के निर्धारण और उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होती है। देश उस दिशा में आगे बढ़ रहा है। अतिथियों, विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने क्रय कर इन व्यंजनों का स्वाद लिया। विद्यार्थियों को इस प्रकार उद्यमिता का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को शैक्षणिक किट वितरण के साथ दीक्षोत्सव, एकता दिवस तथा सुशासन सप्ताह के विजेता विद्यार्थियों तथा समन्वयकगण को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत डॉ. पुष्पा मिश्रा, संचालन श्रुति, धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव एस एल पाल ने किया। डॉ. सरिता पाण्डेय, डॉ. अभिषेक मिश्र व डॉ. रंजना मल्ल कार्यक्रम के समन्वयक रहे। सायंकाल पूरे परिसर को दीपमालाओं से सजाया गया। परिसर में दीपावली जैसा दृश्य उपस्थित हो गया, जिसे सभी विभोर होकर निहारते ही रह गए। इस अवसर पर संबद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्य, परिसर के प्राध्यापक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दस अनुज्ञापियों की कुंडली खंगाल रहा आबकारी विभाग

**बलिया।** आपराधिक मुकदमा दर्ज होने के बाद शराब के थोक व्यवसायी का लाइसेंस निलंबित करने के बाद एक्शन में आया आबकारी विभाग दस अन्य अनुज्ञापियों की कुंडली खंगाल रहा है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित शराब की दस दुकानों के अनुज्ञापियों अथवा उनके परिजनों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आबकारी आयुक्त के निर्देश के बाद विभागीय अधिकारी उनके खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी में जुट गए हैं। आबकारी विभाग द्वारा शराब का ठेका लेने वाले अनुज्ञापियों के प्रपत्रों की जांच में 10 ऐसे अनुज्ञापियों को चिह्नित किया गया है, जिनके द्वारा स्वयं अथवा अपने माता-पिता के बारे में विभाग को गलत जानकारी दी गई है या तथ्यों को छिपाया गया है। विभागीय कार्रवाई की जद में शराब के एक और थोक विक्रेता है। उसके तथा परिजनों के ऊपर आपराधिक मुकदमे पंजीकृत होने की चर्चा है। विभागीय जांच के दौरान यह

**जांच**

**शासन के निर्देश पर शराब व्यवसायियों की जानकारी का कराया जा रहा सत्यापन**

तथ्य सामने आया है कि जिले में 250 में से करीब 10 से अधिक ऐसे अनुज्ञापी हैं, जिनके माता-पिता और उनके ऊपर आपराधिक मुकदमे जिले के विभिन्न थानों में दर्ज है। बता दें कि जिले में कुल 250 सरकारी शराब की दुकानें है। इनमें 50 अंग्रेजी, 53 बीयर, दो माडल शाप और 145 सरकारी देशी शराब की दुकानें है। वहीं, इस संबंध में प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर शराब व्यवसाइयों द्वारा दी गई जानकारी और उनके चरित्र का पुलिस विभाग की मदद से सत्यापन कराया जा रहा है। शराब व्यवसाइयों अथवा उनके परिजनों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# एसएसबी के स्थापना दिवस पर भीम सिंह को मिला गैलेंट्री मेडल

**बांसडीह।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ककरकुंडा गांव निवासी भीम सिंह पुत्र धुव नारायण सिंह ने प्रदेश, जनपद सहित अपने गांव का नाम रोशन किया है। श्री सिंह को सशस्त्र सीमा बल के 20 दिसंबर को हुए 61वें स्थापना दिवस पर सिलीगुड़ी रानी दंगा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों गैलेंट्री मेडल मिला है। यह सम्मान नक्सल एरिया बिहार के बगहा में बाल्मीकि नगर जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के अंतर्गत नक्सलियों को मार गिराए जाने पर दूसरी बार मिला है। प्रथम बार उन्हें यह सम्मान 2020 में मिला था। ध्रुव नारायण सिंह के पुत्र भीम सिंह सशस्त्र सीमा बल में तैनात हैं। उनकी पोस्टिंग जम्मू कश्मीर में है। उन्होंने इसके पूर्व नक्सली एरिया में नक्सल विरोधी अभियान में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए नक्सलियों को मार गिराने में अहम भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में मेडल गैलेंट्री सामान से नवाजे जाने की घोषणा 26 जनवरी 2024 में की थी। यह सम्मान इनको सशत्र सीमा बल के स्थापना दिवस 20



दिसम्बर 2024 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों मिला है। बता दे कि यह 10 जुलाई 2020 को बगहा, बिहार के बाल्मीकि नगर के जंगल में नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी। उस समय भीम 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल दुमका में तैनात थे। इस अभियान में भीम और उनकी टीम में शामिल कमांडेंट दीपक सिंह, डिप्टी कमांडेंट नरपत सिंह सहित अन्य ने नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान चार नक्सलियों को मार गिराया था। इसमें पांच स्वचालित हथियार से लैस थे। उनके पास से भारी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद किया गया था। उससे पहले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा भी पुलिस मेडल फार गैलेंट्री मिल चुका है।

## घर बैठे आयुष्मान कार्ड बनवा सकेंगे बुजुर्ग

**बलिया।** आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अब बुजुर्गों को चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। मोबाइल फोन में एप डाउनलोड कर प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। आयुष्मान भारत एप से 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों के लिए नया फीचर जोड़ा गया है। बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाना पड़ेगा, जहां उन्हें बेनीफिसरी या आपरेटर में से किसी एक विकल्प को चुनना पड़ेगा। बेनीफिसरी चुनने पर उन्हें अपना फोन नंबर अंकित करना होगा, जिस पर ओटीपी आएगा। ओटीपी डालते ही पोर्टल खुल जाएगा। पोर्टल पर इसके बाद सीनियर सिटीजन का विकल्प चुनकर अपना आधार नंबर अंकित और फोन में आए ओटीपी को डालते ही फोटो अपलोड करने का विकल्प आएगा। इस प्रक्रिया के अंत में लाभार्थी को अपना पता एवं पिन कोड डालना होगा और आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार हो जाएगा। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया है। सीएमओ ने बताया कि जिले से 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के बुजुर्गों का कार्ड बनाया जा रहा है। अब वे अपने घर बैठे भी इसे बनवा सकते हैं।

# कलाम हाउस प्रथम व द्वितीय रहा सुभाष हाउस





**रेवती।** मनःस्थली एजुकेशन सेंटर में 18 दिसंबर से चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ाधिकारी जवाहर लाल यादव रहे। विद्यालय के कलाम हाउस ने पहला स्थान प्राप्त करते हुए बाजी मारी तो सुभाष हाउस को दूसरा स्थान मिला। फाइनल कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। बच्चों ने पिरामिड बनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके उपरान्त मशाल जलाकर फाइनल के खेलों का आगाज किया गया। मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ाधिकारी जवाहर लाल यादव ने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कहा कि खेलों में अनुशासन का बड़ा ही महत्व है। यह कैरियर में एक महत्वपूर्ण योगदान साबित होता है। चार हाउस कलाम, सुभाष, टैगोर एवं पटेल हाउस में चली इस प्रतियोगिता में बच्चों ने ढेर सारे मेडल जीते। इससे उनके उत्साह की पराकाष्ठा परिलक्षित हो रही थी। इस दौरान खेलों जैसे बालीवाल, खो-खो, कबड्डी, बास्केटबाल, हर्डल, रेस आक्टोपस, कैरम एवं टंग आफ इत्यादि में बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस पूरे कार्यक्रम को संपन्न कराने में चारों हाउस इंचार्ज स्टूडेंट काउंसिल के अलावा जया पांडेय, एसएन पांडेय,

**खेलकूद**

**मनःस्थली एजुकेशन सेंटर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन**

अविनाश पांडेय, त्रिलोचन पांडेय, रीना गोस्वामी, वंदना वर्मा, श्रेया, ज्योति मिश्रा, ऋषिका तिवारी, दीक्षा इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के संरक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, मैनेजर डा. अरुण प्रकाश तिवारी, सुदेश उपाध्याय ने बच्चों को मेडल पहनाया। अंत में प्रधानाचार्य ने प्रतिभागी हाउसों को विजेता और उप विजेता घोषित किया।

## जनसंपादकीय

# बाबा साहब के नाम पर राजनीति

**शशि शेखर**



अमित शाह के बयान को बाबा साहब के संविधान सभा में दिए अंतिम भाषण के सन्दर्भ में देखना काफी दिलचस्प होगा. अमित शाह की यह एक खूबी राजनीति में रेयर है, पोलिटिकली करेक्ट न हो तब भी वो अति आत्मविश्वास से अपनी बात कहते हैं।. बाबा साहब ने संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में तीन महत्वपूर्ण बातें कही थी. ये बातें नहीं चेतावनी थी. भारत के हर नागरिक को इसे ताबीज बना कर अपने गले से लटका कर चलना चाहिए, क्योंकि ये तीन चेतावनियाँ ही किसी को भी एक लोकतांत्रिक राष्ट्र का सशक्त नागरिक होने का एहसास कराते है. बाबा साहब ने जॉन स्टुअर्ट मिल को कोट करते हुए कहा थाः

'हम भारतीयों को एक महान व्यक्ति के पैरों में अपनी स्वतंत्रता गिरवी नहीं रखनी चाहिए और तमाम शक्तियों से लैस उस महान व्यक्ति पर भी ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए, जिससे कि वह हमारी संस्थाओं का नाश करने में सक्षम हो जाए. इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि हम उन लोगों के प्रति आभारी बनें, जिन्होंने देश के लिए जीवन भर सेवाएं दीं, लेकिन कृतज्ञता की भी एक सीमा होनी चाहिए. भक्ति (किसी व्यक्ति की) या नायक पूजा लोकतंत्र के क्षरण और संभावित तानाशाही के लिए एक मार्ग प्रशस्त करती है.'

इस उक्ति को मैं इंदिरा गांधी से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री तक के संदर्भ में देखता हूँ. कदाचित, मैं अमित शाह की तारीफ नहीं करता. लेकिन, कल-परसों जब बाबा साहब वाली टिप्पणी उन्होंने की, तो मुझे लगा कि यह शख्स इतना अबूझ भी नहीं की राजनीतिक रूप से इतना खतरनाक बयान दे दे. अमित शाह का बयान मैं सिर्फ और सिर्फ उपरोक्त कोट के सन्दर्भ में ही देखना चाहता हूँ.

बाबा साहब में आस्था रखने वालों से भी पूछना चाहता हूँ कि आप बाबा साहब को कितना जानते हैं, क्या आपने सिर्फ इसी एक भाषण के अंश को पढ़ा और समझा है, जिसमें बाबा साहब खुद व्यक्ति पूजा, नायक पूजा को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं. आप बाबा साहब के निर्देश, पढो-लिखो, ताकतवर बनो, पर कितना अमल करते हैं. आपके लिए नायक प्रोफेसर रतन लाल होने चाहिए, जिन्होंने पढ़ लिख कर अपने समाज के लिए मिसाल पेश की या कोई टुच्चा नेता, जिसकी भाषा में बाबा साहब की शाब्दिक गरिमा तक नहीं झलकती? या आपको चाहिए मैनिपुलेट करने वाला एक पूर्व पत्रकार जो आजकल सरकार की नायक और व्यक्ति पूजा में लीन है?

अमित शाह ने बिलकुल सही कहा की आप किसी व्यक्ति को फैशनेबल बना कर अपने समाज या राष्ट्र का भला नहीं कर सकते. जैसे, सावरकर या दीनदयाल उपाध्याय का नाम लेते रहने से हिन्दुओं का कोई भला नहीं होने वाला है. क्या सारे भाजपा समर्थक दीन दयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सर्पिल संरेखण (स्पाइरल स्ट्रक्चर) का अर्थ समझते हैं?

पॉपुलर परसेप्शन से दूर जा कर खतरनाक सच बोलने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए. यह हिम्मत मैं राहुल गांधी में भी कई बार देखता हूँ, लेकिन मनुस्मृति बिना पढ़े उस पर टिप्पणी कर के वे कभी-कभी लड़खड़ा जाते है. ऐसे में अमित शाह का बयान राजनीतिक रूप से भले करेक्ट न हो, व्यवहार्यता में एकदम सटीक है. आप माने ना माने.

दलित विमर्श या अन्य ऐसे किसी भी ऐसे विमर्श को ले कर एक बड़ी दुविधाजनक स्थिति है. दलित साहित्य पर बात प्रेमचंद करेंगे, लेकिन उनकी आलोचना होगी. बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह देवघर के मंदिर में दलितों को एंट्री दिलाएंगे और भारत का पहला राज्य बिहार को बनाएंगे जहां, बाकायदा कानून बना कर जमींदारी प्रथा का उन्मूलन किया गया, लेकिन उन्हें हमेशा सवर्णों का नेता ही माना जाएगा. वैसे ही वीपी सिंह ने मंडल आरक्षण के जरिये एक मूक सामाजिक क्रान्ति ला दी, लेकिन पिछड़ों का नेता उन्हें कभी नहीं माना जाएगा. यह सब परसेप्शन और आम धारणा का खेल है, जो अक्सर राजनीति में सबसे फिट बैठता है. मसलन, मुस्लिम तुष्टीकरण एक ऐसा शब्द है, जिसे मैं आज तक समझ नहीं पाया. 70 साल तक अगर किसी एक कौम का तुष्टीकरण किसी दल ने किया, तब भी वह कौम आज विकास के सभी पैमानों पर कहाँ है, इसे बताने के लिए इस देश को सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा कमीशन बनाना पड़ता है.

ऐसे में, बाबा साहब या कांशीराम जी के नाम पर राजनीति तो होगी ही, लेकिन, उनके विचारों को कितना अमल में लाया जाएगा, यह किसी के एजेंडे पर नहीं है. चाहे वह कांग्रेस हो, मायावती हो या भाजपा ही क्यों न हो? इस हम्माम में सब साफ-सुथरे कपडे पहन कर मजा ले रहे हैं. ऐसी स्थिति में अमित शाह या किसी भी नेता के द्वारा बाबा साहब पर ऐसा बयान देना कितना खतरनाक हो सकता अहै, सब जानते है. रह गयी बात विकास की, तो कौन किसका विकास करता है, यह सवर्ण, दलित, पिछड़ए, अल्पसंख्यक सभी जानते हैं. लेकिन, राजनीति है और राजनीति सबको करनी है, सो राजनीति का लोकतंत्र का नृत्य जारी है.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# जाकिर हुसैन जैसा कोई नहीं

**डॉ. आर.के. सिन्हा**



जाकिर हुसैन उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा या नहीं यह तो भविष्य ही बताएगा परंतु, अब उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां वाकई में सबको याद आएंगी। ये युगलबंदियाँ वाकई कमाल की होती थीं। हो सकता है कि भविष्य में कोई ऐसा तबला वादक भी आए जो अपनी प्रतिभा और मेहनत से जाकिर हुसैन की याद दिला दे लेकिन अभी के लिए, यह कहना सही ही होगा कि उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा तबला वादक फिर से पैदा होना मुश्किल होगा। वे एक अद्वितीय और महान कलाकार थे।

उस्ताद जाकिर हुसैन तबले के उस्ताद थे, और उनकी लयकारी का कोई मुकाबला नहीं था। उस्ताद जाकिर हुसैन और पंडित शिवकुमार शर्मा की जुगलबंदी भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में एक अद्भुत और अद्वितीय घटना थी। दोनों ही अपने-अपने वाद्य यंत्रों के महारथी थे। जब ये दोनों मंच पर एक साथ आते थे, तो एक ऐसा जादुई माहौल बन जाता था जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता था। जाकिर हुसैन की तबले की थाप और शिवकुमार शर्मा के संतूर की मधुर ध्वनियाँ एक साथ मिलकर एक ऐसा लयबद्ध मिश्रण बनाती थीं, जो सुनने में बेहद सुखद होता था। दोनों कलाकार एक-दूसरे की लय को अच्छी तरह समझते भी थे और उसके साथ तालमेल बिठाते हुए संगीत को एक नई ऊँचाई पर ले जाते थे। उनकी जुगलबंदी केवल संगीत नहीं थी, बल्कि एक आत्मिक संवाद थी। ऐसा लगता था जैसे दोनों कलाकार अपने-अपने वाद्य यंत्रों के माध्यम से एक-दूसरे से बातें कर रहे हों। कभी तबले की तेज गति संतूर की मधुर तान के साथ बात करती थी, तो कभी संतूर की धीमी लय तबले की जोरदार थाप के साथ संवाद करती थी। उनकी जुगलबंदी में भावनाओं की गहराई होती थी। वे अपने संगीत के माध्यम से श्रोताओं को एक अलग ही भावनात्मक या यूँ कहें कि आध्यात्मिक दुनिया में ले जाते थे।

दोनों कलाकार अपने-अपने वाद्य यंत्रों के उस्ताद थे और उनकी कलात्मकता का कोई जवाब नहीं था। जाकिर हुसैन की उंगलियां तबले पर ऐसे थिरकती थीं जैसे कोई जादू कर रही हों, और शिवकुमार शर्मा अपने संतूर से ऐसे मीठे स्वर निकालते थे, जो सीधे दिल को छू जाते थे। जाकिर हुसैन की लय और ताल पर गजब की पकड़ थी। वे मुश्किल से मुश्किल तालों को भी आसानी से बजा लेते थे। वह तबला बजाते समय नए-नए प्रयोग करते रहते थे, जिससे उनकी प्रस्तुति हमेशा ताजा और दिलचस्प लगती थी। जाकिर हुसैन के तबले की धुन में एक अलग ही भावना होती थी, जो सुनने वाले को छू जाती थी।

जाकिर हुसैन तबले के साथ संवाद करते हुए महसूस होते । इस तरह से लगता था कि मानो उनकी उंगलियां तबले से जैसे कोई कहानी कह रही हों। जाकिर हुसैन शिखर पर अपनी कड़ी मेहनत के बल पर पहुंचे थे। वे अंत तक हर दिन रियाज करते, जिससे उनकी कला में निखार बना रहे। उनकी संगीत में जान बसती थी। उनका जुनून उनके प्रदर्शन में साफ दिखाई देता था। जाकिर हुसैन हमेशा नई चीजों को सीखने और प्रयोग करने के लिए तैयार रहते । उन्होंने अलग-अलग संगीत शैलियों में भी काम किया, जिससे उनका संगीत और भी समृद्ध हुआ ।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

**(सीरिया में बहुत जल्द गृहयुद्ध का समापन नहीं हो पाएगा, क्योंकि रूस और ईरान एकजुट होकर फिर से हयात तहरीर अल शाम (एचटीएस) की सत्ता को उखाड़ फेंकने का प्रयास जारी रखेंगे। दूसरी कोल्ड वार के दौर में विश्व फिर से दो सैन्य ध्रुव में विभाजित हो चुका है। पहला सैन्य ध्रुव अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन का है, जिसकी सैन्य हिमायत इन दिनों सीरिया में बशर अल असद का तख्ता पलटन वाली तंजीमों के साथ है। दूसरे सैन्य ध्रुव में मुख्यतः रूस, चीन, ईरान, उत्तरी कोरिया एवं क्यूबा शामिल हैं। दुनिया तृतीय विश्व युद्ध के कगार पर आकर खड़ी हो गई है. एक विस्फोटक चिंगारी समस्त दुनिया को विश्व युद्ध की ज्वाला में झोंक सकती है। अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हो चुका है एवं 20 जनवरी सन् 2025 को डोनाल्ड ट्रप पुनः राष्ट्रपति पद पर आसीन हो जाएगें। देखना होगा कि रुस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी निजी मित्रता का दावा करने वाले डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन जंग को खत्म करा सकेंगे अथवा नहीं याकि सिर्फ गाल बजा कर ही रह जाएगें। इजराइल बनाम ईरान युद्ध की ज्वाला भी आलमी जंग का आगाज अंजाम दे सकती है. सीरिया में तुर्किए तथा अमेरिका से मात खाया हुआ ईरान क्या कुछ नहीं कर सकता है क्योंकि ईरान भी परमाणु बमों से सन्नद्ध देश बन चुका है। )**

# सीरिया ने बढ़ाया पश्चिम एशिया संकट

## देशांतर

**प्रभात कुमार रॉय**



सीरिया के आधुनिक इतिहास में 8 दिसंबर 2024 का दिन निर्णायक सिद्ध हुआ, जब हयात तहरीर अलशाम तंजीम (एचटीएस) के विद्रोहियों ने सीरिया नेशनल आर्मी के विद्रोहियों के साथ संयुक्त रुप से सीरिया की राजधानी दमिश्क पर अपना सैन्य आधिपत्य स्थापित कर लिया। राष्ट्रपति बशर अल असद को सीरिया का परित्याग करके रूस में राजनीतिक शरण लेने के लिए विवश होना पड़ा। उल्लेखनीय है कि अल असद परिवार ने सन् 1971 से लेकर सन् 2024 तक सीरिया पर अपनी एकछत्र हुकूमत निरंतर कायम रखी। बशर अल असद के पिता फौजी कमांडर हाफिज अल असद ने सन् 1971 से लेकर सन 2000 तक एक निरंकुश शासक के तौर पर सीरिया पर शासन किया। हाफिज अल असद के पश्चात उनके बेटे बशर अल असद द्वारा भी सन् 2000 से लेकर सन् 2024 तक निरंकुश शासक के रूप में सीरिया पर शासन किया गया।

भारत के लिए सीरिया सदैव से एक अत्यंत महत्वपूर्ण अरब देश रहा है। भारत और सीरिया के मध्य कूटनीतिक ताल्लुकात ऐतिहासिक तौर पर अत्यंत शक्तिशाली बने रहे। पंडित नेहरू ने सन् 1957 और सन् 1960 में सीरिया का राजकीय दौरा किया। उन्होंने सीरिया की सत्तासीन बाथिस्ट पार्टी और उसके लीडर हाफिज अल असद के साथ गहन संबंध स्थापित किए। सन् 2003 में अटल बिहारी वाजपेई ने सीरिया का राजकीय दौरा किया। सन् 2008 में राष्ट्रपति बशर अल असद ने भारत का दौरा किया और उसके पश्चात दोनों देशों के मध्य उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडलों का आवागमन निरंतर जारी रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भी भारत और सीरिया संयुक्त तौर पर अनेक विशाल परियोजनाओं पर निरंतर कार्य करते रहे हैं। हाल ही में सीरिया में एक स्टील प्लांट और एक पावर प्लांट स्थापित करने के लिए भारत द्वारा सीरिया को 28 करोड़ डॉलर प्रदान किए गए।

स्मरण कीजिए क्रांतिकारी अरब स्प्रिंग का जबरदस्त उथल पुथल से भरा दौर। क्रांतिकारी अरब स्प्रिंग का दौर वस्तुतः 10 दिसंबर 2010 को ट्यूनीशिया में सत्ता परिवर्तन के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौर में लीबिया के तानाशाह कर्नल गद्दाफी का तख्ता पलट दिया गया। मिस्र में सत्ता परिवर्तन अंजाम दिया गया। अरब स्प्रिंग की क्रांतिकारी चपेट में सीरिया भी आ गया। सन् 2011 में सीरिया के दक्षिणी इलाके के डेरा नामक स्थान से राष्ट्रपति बशर अल असद का तख्ता पलटने के लिए गृहयुद्ध प्रारंभ हुआ। तेरह वर्षों तक यह गृहयुद्ध कभी तीव्र और कभी मंथर गति से लगातार जारी रहा। इसका नेतृत्व अल नसरा फ्रंट और तुर्कीए के राष्ट्रपति आर्दोआन द्वारा समर्थित सीरिया नेशनल आर्मी करती रही। दोनों विद्रोही तंजीमें राष्ट्रपति बशर अल असद का तख्ता पलटने में लंबे समय तक नाकाम रही। 2011 से 2014 के कालखंड में सीरिया के गृहयुद्ध में पांच लाख से अधिक इंसान मारे गए और तकरीबन एक करोड़ पच्चीस लाख लोग दरबदर हो गए। बुनियादी तौर पर दुर्दांत अंतरराष्ट्रीय जेहादी तंजीम अलकायदा से निकट ताल्लुक रखने वाली तंजीम अल नसरा फ्रंट ने अलकायदा से सन् 2016 में अपने गहन ताल्लुकात तोड़ लिये। तत्पश्चात अल नसरा फ्रंट द्वारा सीरिया के अनेक विद्रोही गुटों को एकजुट करके नया नामकरण किया गया हयात तहरीर अलशाम, संक्षेप में कहें तो एचटीएस। राष्ट्रपति बशर अल असद का तख्ता पलटने वाली तंजीम एचटीएस की कयादत जेहादी सरगना अबू मोहम्मद अल जुलानी द्वारा की जा रही है। तुर्कीए द्वारा समर्थित सीरियन नेशनल आर्मी राष्ट्रपति बशर अल असद का तख्ता पलटने में एचटीएस का सैन्य साथ देती रही। सन् 2011 से सन् 2014 तक के काल खंड में विद्रोहियों द्वारा सीरिया के दक्षिण पश्चिमी इलाकों में एक बड़े इलाके पर कब्जा जमा लिया गया। वर्ष 2015 में रूस की फौज ने बशर अल असद की सत्ता को बरकरार रखने के लिए सीरिया के गृह युद्ध में बाकायदा सैन्य दखलंदाजी प्रारंभ की। रूस द्वारा समर्थित सीरिया की फौज ने विद्रोही इलाकों में जबरदस्त बमबारी अंजाम दी। इस भीषण बमबारी के फलस्वरुप इन तमाम इलाकों पर बशर अल असद की सरकार का आधिपत्य फिर से स्थापित हो गया।

अमेरिका द्वारा समर्थित कुर्द सैन्य शक्ति द्वारा इस्लामिक स्टेट के सरगना अल बगदादी की तंजीम इस्लामिक स्टेट (आईएस) का संपूर्ण खात्मा कर दिया गया। इस्लामिक स्टेट का एक काल खंड में तकरीबन एक तिहाई सीरिया एवं तकरीबन आधे इराक पर कब्जा कायम हो गया था। पश्चिम एशिया में सक्रिय इस्लामी जेहादियों के लिए इस्लामिक स्टेट (आईएस) की निर्णायक पराजय विनाशकारी झटका सिद्ध हुई। इस्लामिक स्टेट तंजीम की निर्णायक पराजय ने सीरिया में अलकायदा से संबंधित अल नसरा फ्रंट को भी विकट आघात पहुंचाया।

सन् 2022 से रूसी हुकूमत वस्तुतः यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में बुरी तरह से उलझकर रह गई और सीरिया में बशर अल असद की सेना को अपनी सैन्य सहायता प्रदान करने में एकदम नाकाम रही। इसी विषम परिस्थिति का लाभ उठाकर सीरिया में विद्रोही एचटीएस और सीरिया नेशनल आर्मी को दिसंबर के महीने में राष्ट्रपति बशर अल असद को सत्ता से बेदखल करने में निर्णायक कामयाबी हासिल हो गई। सीरिया में तख्तापलट अंजाम देने में तुर्कीए के राष्ट्रपति आर्दोआन का विद्रोही तंजीमों को सीधा सैन्य समर्थन लगातार हासिल रहा। रूस की तरह से ईरान भी सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद की राजसत्ता का प्रबल समर्थक रहा है। सीरिया के माध्यम से ही लेबनान की हिज्बुल्लाह तंजीम को ईरान द्वारा इजरायल के विरुद्ध हथियार उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। इजराइल द्वारा सन् 1967 के युद्ध में सीरिया की गोलान हाईट पर आधिपत्य जमा लिया गया था। सीरिया में असद की बेदखली के बाद इजराइल ने गोलान हाईट से सटे हुए बफर जोन को हथियाने के लिए सीरिया पर सैन्य हमला कर दिया है। राजनीतिक अस्थिरता के इस काल में पश्चिम एशिया यकीनन एक बड़ी जंग की कगार पर आकर खड़ा हो गया है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद का तख्ता पलट वस्तुतः पश्चिम एशिया में रूस और ईरान के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक आघात है। उल्लेखनीय है कि सीरिया में रूस के दो विशाल सैन्य ठिकाने विद्यमान हैं। पहला सैन्य ठिकाना है सीरिया में रूसी सेना का हमीमिम एयर बेस और दूसरा है टार्टस में रूस का विराट नेवल बेस। इन दोनों सैन्य ठिकानों के आधार पर ही रूस ने पश्चिम एशिया और भूमध्य सागर में अपनी सैन्य शक्ति बढ़ाने का जबरदस्त अवसर उपलब्ध हुआ है।

बसर अल असद की निरंकुश सत्ता के यकायक पराभव के तत्पश्चात सीरिया में इस बात का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है कि अब कहीं सीरिया पर इस्लामिक जिहादियों का एकाधिकार स्थापित न हो जाए और सीरिया लोकतंत्र की राह पर जाने के स्थान पर इस्लामी तानाशाही के रास्ते न चला जाए। अलकायदा की जेहादी कोख से ही अल नसरा फ्रंट का उदय हुआ था। हयात तहरीर अल शाम (एचटीएस) की विचारधारा की बुनियाद में अलकायदा का जेहादी नजरिया विद्यमान रहा है। भले ही अल नसरा फ्रंट ने 2016 में अलकायदा से अपने सभी ताल्लुकात खत्म कर दिए थे और सीरिया के अनेक विद्रोही गुटों के साथ मिलकर स्वयं को एक स्वाधीन सैन्य संगठन घोषित कर दिया था, जोकि बशर अल असद की निरंकुश सत्ता का खत्म कर देने के लिए संकल्प बद्ध रहा। संभव है कि सीरिया पर अफगानिस्तान की तर्ज पर इस्लामिक जेहादियों की हुकूमत कायम हो जाए, बशर अल असद के विरोधी विद्रोहियों को सैन्य समर्थन प्रदान करने का अमेरिकन दांव कहीं अफगानिस्तान की तरह उल्टा ही न पड़ जाए। मालूम है कि सोवियत संघ को परास्त करने की सियासत में अफगानिस्तान में अमेरिका ने अलकायदा के जेहादियों को भरपूर प्रश्रय एवं परिपोषण प्रदान किया था। आखिरकार अलकायदा के जेहादी रुस से कहीं अधिक अमेरिका के शत्रु साबित हुए। अमेरिका को बीस वर्षों तक जेहादी तालिबान के परास्त करने की नाकाम कोशिश के बाद अफगानिस्तान से शर्मनाक पलायन करना पड़ा. .

सीरिया में बहुत जल्द गृहयुद्ध का समापन नहीं हो पाएगा, क्योंकि रूस और ईरान एकजुट होकर फिर से हयात तहरीर अल शाम (एचटीएस) की सत्ता को उखाड़ फेंकने का प्रयास जारी रखेंगे। दूसरी कोल्ड वार के दौर में विश्व फिर से दो सैन्य ध्रुव में विभाजित हो चुका है। पहला सैन्य ध्रुव अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन का है, जिसकी सैन्य हिमायत इन दिनों सीरिया में बशर अल असद का तख्ता पलटने वाली तंजीमों के साथ है। दूसरे सैन्य ध्रुव में मुख्यतः रूस, चीन, ईरान, उत्तरी कोरिया एवं क्यूबा शामिल हैं। दुनिया तृतीय विश्व युद्ध के कगार पर आकर खड़ी हो गई है. एक विस्फोटक चिंगारी समस्त दुनिया को विश्व युद्ध की ज्वाला में झोंक सकती है। अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हो चुका है एवं 20 जनवरी सन् 2025 को डोनाल्ड ट्रप पुनः राष्ट्रपति पद पर आसीन हो जाएगें। रुस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी निजी मित्रता का दावा करने वाले डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन जंग को खत्म करा सकेंगे अथवा नहीं याकि गाल बजा कर ही रह जाएगें। इजराइल बनाम ईरान युद्ध की ज्वाला भी आलमी जंग का आगाज अंजाम दे सकती है. सीरिया में तुर्किए तथा अमेरिका से मात खाया हुआ ईरान क्या कुछ नहीं कर सकता है क्योंकि ईरान भी परमाणु बमों से सन्नद्ध देश बन चुका है. चीन के विरुंद्ध अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप की कयादत में तैयार हो जाएगा। अमेरिका बनाम चीन की रस्साकशी में ताइवान भी फिलीस्तीन, यूक्रेन की तरह से तृतीय विश्वयुद्ध का कारण बन सकता है. विश्वपटल पर भारत ही ऐसा देश है जोकि दुनिया को तीसरी आलमी जंग में तबाह हो जाने से बचा सकता है.

**( लेखक प्रतिरक्षा मामलों के विशेषज्ञ हैं, संपर्क 93193 10533)**

# चौधरी चरण सिंह के भू-सुधारों का माइलस्टोन चकबंदी

## स्मृति दिवस पर

**चोबसिंह वर्मा**




आजादी से पहले लगभग 82 प्रतिशत आबादी गाँव में रहती थी। उसी तरह देश की अर्थव्यवस्था में इसका योगदान भी महत्वपूर्ण था। मध्यम वर्ग न के बराबर था और सेवा सेक्टर होता ही नहीं था। पूरे देश के किसानों की अमूमन एक जैसी स्थिति थी। खेती पूर्णतः प्रकृति की कृपा पर आधारित थी। गाँव में कुछ ही कदीमी रास्ते आने-जाने हेतु होते थे। किसान के पास जमीनें छोटे-छोटे टुकड़ों में कई जगह छिटकी होती थीं। वह मेड़ों से होकर कंधे पर हल रखकर बैल कमर के रस्से से बाँधकर जैसे-तैसे अपनी जमीन तक पहुँचकर खेतीबाड़ी कर पाता था। सार्वजनिक उपयोग हेतु कोई जमीन होती न थी। सिंचाई हेतु हर जमीन के टुकडे. पर पानी पहुँचाना आर्थिक रूप से संभव ही नहीं था। बीज जमीन में डाल दिया और प्रकृति की मेहरबानी हुई तो फसल के रूप में आ गया। नहीं तो मुंह में निवाला डालने लायक भी नहीं। आज से सौ साल पहले उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द ने अपने कालजयी उपन्यास ह्यगोदानह्न में भारत के ग्रामीण समाज तथा उसकी जिंदगी की दुश्वारियों व समस्याओं का मार्मिक चित्रण किया था। यह उत्तर प्रदेश के वास्तविक ग्रामीण जीवन का एक आईना था। द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त होते ही ब्रितानिया शासक जब देश से बोरिया-बिस्तर समेटने की तैयारी शुरू कर रहे थे तो देश के बडे.नेता सत्ता हस्तान्तरण के बाद के तंत्र के ताना-बाना तैयार करने में जुट गये। वहीं उत्तर प्रदेश की अंतरिम सरकार में पार्लियामेन्ट्री सेक्रेटरी चौधरी चरण सिंह राजनैतिक आजादी के इस मौके को जाया न कर इसकी महक उपेक्षित, अभावग्रस्त व गरीबी की बेड़ियों में जकड़े ग्रामीणों/किसानों तक पहुँचाने की जुगत में जुट गये। सूबे के मुख्यमंत्री पं0 गोविन्द बल्लभ पंत का उन्हें पूरा सहयोग मिलता रहा। गाँव की दुश्वारी की जिंदगी उन्होंने स्वयं अनुभव की थीं, उसकी पीड़ा वे झेले थे। उन दिनों देशभर में प्रतिष्ठित आगरा कॉलेज से 1924 में लॉ ग्रेजुएशन की डिग्री लेकर वे गाजियाबाद के अवर न्यायालय में प्रेक्टिस भी कर चुके थे। जमींदारी विनाश अधिनियम उन्होंने पास कराया जो भारतवर्ष में प्रथम प्रयोग था। ये हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट तक चैलेंज हुआ था लेकिन सभी फोरम से इसे हरी झंडी मिल गयी थी।

आचार्य नरेन्द्र देव, जयप्रकाश नारायण व राम मनोहर लोहिया सुशिक्षित, विचारक, चिंतक व समाजवाद के ज्ञाता तथा प्रवर्तक थे, लेकिन चरणसिंह ने समाजवाद को धरातल पर उतारने का काम किया था। तभी तो मशहूर कम्यूनिस्ट नेता ईएमएस नंबूदरीपाद ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा था-ह्यजो भूमि सुधार कार्य केरल व बंगाल में कम्यूनिस्ट सरकारें नहीं कर पायी थीं उन्हें चौधरी चरणसिंह ने आजादी के बाद ही कांग्रेस में रहते हुए पूरा कर दिया था।ह्न जमींदारी उन्मूलन योजना के सफल कार्यान्वयन से उत्साहित उन्होंने भूमि-व्यवस्था में क्रांतिकारी कदम के रूप में जो चकबंदी व्यवस्था लागू करायी थी उसका मूख्य उद्देश्य कृषि को लाभकारी बनाना, सिंचाई के साधन उपलब्ध कराना तथा उसकी गुणवत्ता व उत्पादकता बढ़ाना था। 1946 से 1960 तक अनवरत, अहर्निश काम करते हुए उन्होंने जमींदारी उन्मूलन, जोत-चकबंदी, जमींदारों के टूल वंशानुगत पटवारी पद की समाप्ति, तकाबी व कॉपरेटिव बैंकों से मामूली ब्याज दर पर कृषि ऋणों की व्यवस्था व बड़ी जोतवालों पर कृषि भूमि सीलिंग जैसी ग्रामीण/कृषि अर्थव्यवस्था के आमूल चूल परिवर्तन की योजनाएं न केवल विधायी प्रक्रिया से पास कराई वरन उन्हें जमीन पर भी उतरवा दिया।

कृषि की उन्नति हेतु उप्र जोत चकबंदी अधिनियम 1953 के पास होते ही 1954 की 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) से इस योजना को लागू करने की प्रक्रिया मुजफ्फरनगर जिले की कैराना तहसील और सुल्तानपुर जिले की मुसाफिरखाना तहसील में शुरू कर दी गई। शुरूआत में उप्र 26 पदों पर ईमानदार व ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने के उत्सुक पीसीएस अधिकारी चौधरी साहब ने साक्षात्कार लेकर एसोसी के रूप में जिलों में तैनात किये। इसी तरह एसीओ भी ईमानदारी और निष्ठा वाले छांटकर इन जिलों में तैनात किये गये।

इस व्यवस्था का क्रांतिकारी स्वरूप यह था कि खुले में सार्वजनिक स्थलों पर जनसहभागिता से इस योजना को कार्यान्वित किया गया। गांव में ग्राम चकबंदी समिति बनायी गयी जिसे पूर्ण शक्ति दी गई कि सार्वजनिक उपयोग की जमीनें कहां कहां कितनी कितनी छोड़ी जानी है। कितनी कटौती किसानों की जोतों से होनी है यह भी समिति को ही तय करना था। हर चक तक चकरोड, नाली की व्यवस्था से किसान सशक्त व सम्पन्न होने लगे थे। इस योजना को 1977 तक पहले चरण में पूरे राज्य में 97 प्रतिशत तक लागू किया जा चुका था। भारत सरकार की एक सैम्पल स्टडी में पाया गया था कि चकबंदी की वजह से सिंचाई क्षेत्रफल में 56 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हो गई थी क्योंकि किसानों ने अपनी मालिकाना भूमि एक या दो जगह पर कम्पैक्ट हो जाने पर कुएं, नाली, ट्यूबवैल जैसे उपक्रम लगा लिए थे। खेती की उत्पादकता व उन्नति का जो सपना चौ. चरणसिंह ने देखा था वह फलीभूत हो चुका था। पिछली सदी के छठवें दशक में हरित क्रांति की सफलता का मुख्य श्रेय भी चकबंदी योजना को जाता है।

चकबंदी प्रक्रिया के दौरान ही गाँव के भूमिहीन, निर्बल व दलित वर्ग के लोगों के आवास हेतु भूमि आरक्षित की गयी थीं। जिन पर बाद की सरकारों द्वारा अनुदान देकर मकान बनवा दिये गये। पंचायत घर, खेल का मैदान, स्कूल, खाद के गड्ढे, श्मशान, कब्रिस्तान, शौचालय, अस्पताल आदि सार्वजनिक उपयोगों हेतु भू-खण्ड निश्चित कर दिये गये थे। दीवानी व माल की अदालतों में कब्जे, बंटवारे, हक-हकूक के पूरे प्रदेश में लाखों केस लम्बित थे। इस प्रक्रिया के नोटिफाई होते ही ये केस निष्क्रिय हो गये और चकबंदी अदालतों के अधिकार क्षेत्र में चले गये। इससे अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि कितना श्रम, धन किसानों का बर्बाद होने से बच गया। इस तरह चकबंदी जैसी जमीनी योजना से चौधरी चरणसिंह ने प्रदेश के असंख्य दलितों, पिछड़ों, किसानों, खेतिहर मजदूरों व गरीबों की न केवल मुक्ति की वरन उन्हें प्रजातांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सेदारी का अहसास भी कराया। गाँधीवादी चौधरी चरणसिंह की ग्राम-स्वराज की अवधारणा वाली यह प्रजातंत्र की पहली पायदान-ग्राम पंचायत की खुली व प्रभावी जनसहभागिता वाली योजना थी। वे अकेले ऐसे राजनेता थे जिनकी सोच किसान व खेती के विकास व उन्नति के इर्दगिर्द घूमती थी।



इस योजना की सफलता व स्वीकार्यता का मुख्य कारण इसके कार्यान्वयन में अनिवार्य जनसहभागिता व पारदर्शिता थी। इसकी पुष्टि अमेरिका से उस दौर में केस स्टडी हेतु उप्र के गांवों के स्टडी टूर पर आए अर्थशास्त्री/ समाजशास्त्रियों ने भी की थी। भारत सरकार के योजना आयोग ने अपने विषय विशेषज्ञ फील्ड में भेज चकबंदी योजना के जमीनी कार्यान्वयन से कृषि उत्पादकता पर इसके प्रभाव की जांच परख कराई थी। थॉमस आर मेटकाफ, वाल्टर सी. नील, रिचर्ड एस. नेवल, पॉल आर ब्रास, जोसेफ डब्लू ऐल्डर, फिलिप ओलडनबर्ग और राफ एच रेट्जलाफ जैसे अमेरिकन प्रोफेसर चकबंदी हुए गांवों में खाक छानते रहे, उन्हें इतनी व्यापक स्कीम के कार्यान्वयन में कोई उल्लेखनीय भ्रष्टाचार नहीं मिला था। उन्होंने खेती को आर्थिक, लाभप्रद व उन्नतिशील बनाने हेतु सभी राज्यों में इस स्कीम को लागू करने की वकालत भी की थी। चौधरी चरण सिंह की असली पाठशाला तो ग्रामीण जिन्दगी थी। आम कृषक हित के सारे विधान बनाने की प्रेरणा उन्हें अपने जीवन के अनुभवों से मिली थी, जिसने सामाजिक यथार्थ की भूमि पर जन्म लिया था। इसीलिए उनके द्वारा बनाए व लागू किए गए भू-सुधार न केवल क्रांतिकारी व लोकप्रिय साबित हुए वरन देश विदेश की एकेडमिक सर्किल में कोतूहल पैदा करने वाले भी थे। यह महज इत्तेफाक नहीं बल्कि एक हकीकत है कि चकबंदी प्रक्रिया अपनाने वाले राज्य उत्तर प्रदेश, हरियाणा व पंजाब हरित क्रांति के सूत्रधार बने और आज भी इन्हीं राज्यों के कारण देश के अनाज के भंडार भरे हैं और हम 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन देने की स्थिति में है।

**(लेखक पूर्व डिप्टी डॉयरेक्टर चकबंदी, आईएएस सेवानिवृत्त, हैं, संपर्क 98711 17587)**

## व्यंग्य

# संवेदना का डिजिटल अस्तांचल !



**अनूप श्रीवास्तव**

अब जमाना आन लाइन संवेदना जताने भर का है. वह दिन हवा हुए जब शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए दरवाजे पर पास पड़ोस के लोगों की भीड़ लग जाती थी. पूरा मोहल्ला शोक संतप्त नजर आता था. हर किसी की आँख छलकती महसूस होती थी. कंधा लगाने के लिए होड़ लगा करती थी.

अब हर किसी की शोक संवेदनायें फेस बुक तक सिमट गयी हैं. दाह संस्कार बाजार मे प्रवेश कर चुकी है. देश भर मे चर्चित दिलवाली दिल्ली मे ऐसी कई दुकाने खुल चुकी हैं जिसमे कफन, फूल मलाओं से लेकर टिकटी तक सजावट के बतौर रखी हुई हैं, कंधा देने वालों तक की समुचित व्यवस्था बदस्तूर है. सचमुच दिल्ली बड़े दिल वालों की ही है. शोक संवेदनाये भी पैसा फेंक कर खरीदी जा सकती हैं.

इसका एहसास तब हुआ जब मेरे एक करीबी मित्र जिनसे मिलने के लिए प्रेस क्लब की मेज पर लोगों का ताँता लगा रहता था, के परिवारिक सदस्य का निधन होने पर उन्होंने अपने परिचित मित्रों को अपनी बहन के निधन की खबर दी. प्रायः सभी ने पूछा -हवन कब है? यार!अभी तो दाह संस्कार करना है! मित्रो ने रास्ता सुझाया -हम नंबर भेज रहे हैं. फोन करलें, शव वाहन आजायेगा. पांच से दस हजार और पड़ेंगे दूसरे दिन दाह संस्कार की भस्म भी आपके घर पहुंचा देगा. इस जवाब को सुनकर हम सभी आज तक कसमसा रहे हैं.

पहले भी मरने मारने की बातें जबानी होती थीं अब भी जबानी होती हैं . जो दूरदराज होने के नाते मौके हालत पर नहीं पहुंच पाते वें आन लाइन होने की खबर आई नहीं शोक संवेदना की छतरी ताने तैयार रहते हैं.तार मिलते ही अनहोनी का लोग अंदाज लगाने लगते थे. मृत्यु समाचार की खबर के पोस्टकार्ड का कोना फाड़ कर भेजा जाता था.

चंद दिनों पहले मुझे भी ऐसी ही स्थिति का शिकार होना पड़ा. मेरे अति निकट मित्र के अकस्मात निधन की खबर मेरे एक साहित्यिक मित्र ने देकर पैरों तले जमीन खिसका दी. मेरे पूछने पर उन्होंने व्हाट्सप्प के एक ग्रुप के किसी तिवारी जी का उल्लेख किया. मैने अ पने मित्र के फोन पर पुष्टि करने की कोशिश की लेकिन फोन नहीं उठा. घबराहट मे फेस बुक पर एक छोटी सूचना अन्य मित्रो के लिए लिख दी. शोकाकुल लोगों की प्रतिक्रिया आने लगी. मन नहीं माना. प्रयास करता रहा. अचानक मित्र के परिवार जनों से सम्पर्क फोन पर हो गया. तब सही स्थिति का पता चल पाया. कहा गया कि वें अस्पताल मे हैं. आज घर जाने वाले थे लेकिन डाक्टरों ने आई सी ओ से डिस्चार्ज नहीं किया. इसके बाद खबर देने वाले साथी को भी अवगत कराया की सूचना भ्रामक निकली है. साथ ही फेसबुक मे भी निधन की सूचना भ्रामक होने का संशोधन डाला. अचरज यह देख कर लगा कि उसके बाद भी ईश्वर उन्हें शीघ्र स्वस्थ करे के साथ श्रद्धांजलि भी देते रहे.

सुनते हैं जिस व्यक्ति कि मृत्यु की भ्रामक खबर दी जाती है उसकी आयु और बढ़ जाती है. लोकनायक जयकाश नारायण कि मृत्यु कि भ्रामक समाचार आने पर पूरी संसद तक ने श्रद्धांजलि दे दी थी. यही नहीं जागरण अखबार मे राष्ट्र कवि सोहन लाल द्विवेदी के निधन का समाचार छपने पर उत्तर प्रदेश सरकार ने राजकीय सम्मान के साथ उनका दाह संस्कार करने का शासकीय आदेश तक जारी कर दिया था जिसे बाद मे निरस्त करना पड़ा . लोक नायक और राष्ट्र कवि उसके बाद भी जीवित रहे.

शायद डिजिटल संवेदना से जुड़ी भीड़ शोक संवेदना का यही तरीका बेहतर समझती है . किसी की भी मृत्यु की खबर आई नहीं की वें आन लाइन हो जाते हैं. निधन की सूचना का श्रोत क्या हैं, कब उसकी, कैसे, किसने मृत्यु की जानकारी दी है, कितनी सही हैं इसकी जाँच पड़ताल करने के बजाय शोक श्रद्धांजलि देने की आन लाइन कतार लगना ज्यादातर लोगों को अधिक सुविधा जनक लगता हैं.कहीं यह संवेदना डिजिटल अस्तांचल तो नहीं है

वरिष्ठ साहित्यकार सेवाराम त्रिपाठी कि टिप्पणी को भी इस संदर्भ अंत मे संबद्ध करना चाहूंगा. उनका भी मानना है कि 'सच की शिनाख्त नहीं होती और झूठ का आक्रमण हो रहा है। न कोई छानबीन और न कोई पुष्टि। आश्चर्य है कि वो समूची चीजें बिना देखे और सोचे समझे बिना पूछे, बिना पूरा पढ़े गाज की तरह गिर रही हैं।लेखक की संवेदना तक सोशल मीडिया में दम तोड़ रही है। बहुत आश्वस्त हूं कि समूची गिरावट के बावजूद अभी भी कुछ लोग संजीदा हैं।'

**( लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9335276946)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# सीपीएस के स्थापना दिवस पर दिखा अखंड भारत का अक्स

**स्थापना दिवस**

अनेकता में एकता का मिला संदेश सभी ने तालियों से किया स्वागत

विद्यालय की सोच की एडीएम आजाद भगत सिंह ने भी की सराहना

जनसंदेश न्यूज



सीपीएस के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते एडीएम आजाद भगत सिंह।


स्कूल के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**आजमगढ़।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल मुबारकपुर शाखा के 12वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अखंड भारत का अक्स दिखा। कई राज्यों की संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम तो सभी धर्मों के अनुरूप वंदना की गई। मौजूद अतिथियों और अभिभावकों ने तालियों से प्रस्तुति देने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया, तो विशिष्ट अतिथि भी विद्यालय परिवार की सोच की सराहना करने में पीछे नहीं रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला जज धनन्जय कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी आजाद भगत सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं पर्यावरण से संबंधित विषयों पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी गयी।

कार्यक्रम में अनेकता में एकता पर विशष बल दिया गया। सभी धर्मों का सम्मान करते हुए सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, दुआ, अरदास की प्रस्तुति दी गयी। राजस्थानी डांस, गुजराती, कश्मीरी, मराठी डांस, गजल, कौव्वाली एवं फैशन शो जैसे विभिन्नकार्यक्रमों का आयोजन कर अखंड भारत की संस्कृति को समेटने का प्रयास किया गया। विशिष्ट अतिथि आजाद भगत सिंह ने विद्यालय, व्यवस्था, छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम एवं अभिभावकों के सहयोग, विद्यालय मैनेजमेंट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशंसा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमोंएवं उन कार्यक्रमों में चुने गए विषयों की सराहना की। कहा कि विद्यालय परिवार के छात्र, छात्राएं एवं स्टाफ ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है। विद्यालय के अभिभावकों से अनुरोध किया कि अपने बच्चों एवं विद्यालय से विचार करके ही अपने बच्चों के भविष्य का चुनाव करें। संस्थापक अयाज अहमद खान ने बताया कि सेंट्रल पब्लिक स्कूल का एक मात्र ध्येय है कि उचित फीस में अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने एवं अभिभावकों के सहयोग से सभी छात्र छात्राओं का सम्पूर्ण विकास करना है। उन्होंने विशिष्ट अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तरन्नुम खानम चेयर पर्सन सीपीएस ग्रुप आफ स्कूल्स, नवाज अहम खान प्रबंधक, रेखा सिंह डायरेक्टर मौजूद रहीं।

# ट्रक से कुचल कर दो की मौत

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** सिधारी थाना क्षेत्र के हलुआडीह के पास अनियंत्रित बाइक सवार ट्रक से टकराकर कुचल गये। दोनों बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिधारी थाना क्षेत्र के सहबाजपुर निवासी नरेश राजभर 46 वर्ष पुत्र पंचम राजभर और इसी गांव निवासी ओमप्रकाश राजभर 20 वर्ष पुत्र सुबई राजभर रविवार को बाइक से लगभग पांच बजे ऊजीगोदाम बाजार की ओर से आ रहे थे। सामने से छतवारा की ओर से ट्रक जा रही थी। हलुआडीह के पास एक वाहन को ओवरटेक करने में बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गये। मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। सूचना पा कर पुलिस भी पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने ट्रक को भी हिरासत में ले लिया। घटना से मृतकों के घर कोहराम मच गया।

# चोरी की 13 घटनाओं का राजफाश

**दो गिरफ्तार**

दो मोटरसाइकिल व चोरी के कई सामान बरामद

सिधारी थाने की पुलिस टीम ने भदुली से पकड़ा

जनसंदेश न्यूज


पुलिस गिरफ्त में चोरी की घटनाओं में शामिल आरोपित।

**आजमगढ़।** सिधारी थाने की पुलिस ने शनिवार की देर रात भदुली स्थित तमसा नदी पुल के पास जिन्नाद बाबा के स्थान से दो लोगों को गिरफ्तार कर चोरी की 13 घटनाओं का राजफाश किया। आरोपितों के पास से दो बाइक व चोरी के कई सामान व नकदी बरामद किए गए। बरामद 47 आभूषणों की कीमत लगभग सात लाख रुपये आंकी गई है। सर्फुद्दीपुर में 17 दिसंबर को भीषण चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से चोरी करने आएआरोपित मोटरसाइकिल से थे, जो घटना के समय फोन से बात करते हुए दिख रहे थे।इसके लिए सर्विलांस सेल की मदद ली गई थी। शनिवार को एसआइराजीव कुमार सिंह, उमेश चन्द यादव मय टीम, व प्रभारी स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा भदुली पुल जिन्नाद बाबा के स्थान से रात लगभग 10.50 बजे सुरेन्द्र वाजपेयी निवासी ग्रामहासापुर थाना तहबरपुर व विशाल राजभर ग्राम गौरी थाना अहरौला को गिरफ्तार किया गया।

### आरोपितों से इन सामानों को किया गया बरामद

**आजमगढ़।** आरोपितों के पास से 07 जोड़ी पायल, 03 मीना सफेद धातु, 08 बिछिया सफेद धातु, 01 सफेद सिंहोरा, 04 सिक्का सफेद धातु, 01 सफेद धातु चैन, 02 सफेद धातु अंगूठी, 04 जोड़ी पीली धातु कान की बाली, 01 मंगल सूत्र पीली धातु, 08 अंगूठी पीली धातु, 01 पीली धातु मांगटीका, 01 पीली धातु नथिया, 01 सुईधागा कान, 02 पीली धातु कील, 02 चेन पीली धातु, 01 पीली धातु लाकेट के अलावा 04 लाख 35 सौ रुपये नकदी, एक अदद लोहे का कटर, एक रम्मा, घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की गई।

# चुनावी रंजिश में की गई थी प्रधान की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जहानागंज पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपित को गिरफ्तार करने के साथ पूरे घटनाक्रम का राजफाश कर दिया। पूछताछ में पता चला कि प्रधानी के चुनाव की रंजिश में नेत्र दिव्यांग प्रधान की हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक कुल्हाड़ी भी बरामद की है।

इस मामले में 23 अक्टूबर को जहानागंज थाने में बालरूप चैहान निवासी मुरारपुर खरका ने तहरीर दी थी कि प्रतिवादियों द्वारा दोनों नेत्रों से दिव्यांग भाई हरिश्चन्द्र चौहान की शौच के समय सिर पर प्रहार कर किया गया। खोजने पर बेहोशी की हालत में मिले तो उनके सिर से खून निकल रहा था। धारदार हथियार के चोट के निशान भी मिले। उनको इलाज के लिए वेदान्ता में भर्ती कराया, जहां मौत हो गई। पुलिस ने संदिग्ध के तौर पर कृष्णानन्द, आदित्य चौहान उर्फ पंकज, आनन्द चौहान, अंगद चैहान के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू की। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक/ विवेचक कृष्ण कुमार गुप्ता ने टीम के साथ कृष्णानंद चैहान को तिराहे मोड़ के पास से समय शाम को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पूछताछ में उसने बताया कि प्रधानी के चुनाव के बाद हरिश्चन्द्र चौहान ने छोटे भाई पंकज उर्फ आदित्य चौहान को अपने ट्यूबवेल के पास कई बार मारा था और उसका गला तक दबा दिया था। उस समय तो मेरे मम्मी पापा की वजह से मामला रफा-दफा हो गया,लेकिन हरिश्चंद्र चौहान के प्रति मेरे अंदर गुस्सा उसी समय से था। पहले तो कई बार सोचा था कि हरिश्चंद्र के लड़के नागेंद्र को ही जमकर मरवा-पिटवा दें, लेकिन वह बच निकला। प्रधानी के चुनाव में भी हरिश्चंद्र चौहान अपने ओझाई सोखाई करने के चलते काफी लोगों की भीड़ इकठ्ठा कर मेरे समर्थित प्रधान प्रत्याशी को हरवा दिया और इसके बाद मुझे जहां मिलता था और जान जाता था कि हम खड़े हैं तो हरिश्चंद्र तुरंत गाली धमकी आए दिन देता रहता था। घटना वाले दिन औसतपुर स्थित दुकान से एक छोटी सी कुल्हाड़ी लेकर चले और बाइक सिवान में खड़ी कर दिया। जहां हरिशंद्र शौच के लिए बैठे थे, वहां पहुंचकर पीछे से कुल्हाड़ी से सिर पर मार दिया और भाग गया।

# समस्याओं का समाधान नहीं तो देंगे अनिश्चितकालीन धरना

जनसंदेश न्यूज


शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते रामजन्म सिंह।

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पाण्डेय गुट की एक बैठक रविवार को संगठन के जिला कार्यालय मुकेरीगंज पर कार्यवाहक जिला अध्यक्ष जामवंत निषाद की अध्यक्षता में हुई, जिसका संचालन जिला मंत्री पंकज कुमार सिंह ने किया।

जिला मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों एवं कर्मचारियों की बहुत सारी समस्याएं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लंबित पड़ी हुई हैं, लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि 28 मार्च 2005 के पहले जिन पदों पर अनेक शिक्षक-कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित हो चुके हैं, लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक, शिक्षा निदेशक कार्यालय प्रयागराज से उनका आदेश नही मंगवा रहे हैं। अगर 31 दिसंबर 2024 तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन उसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ करेगा। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष जामवंत निषाद ने कहा कि बोर्ड परीक्षा 2025 में जो केंद्र बने हैं उनमें कार्यालय के सम्बन्धित पटल सहायक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक की मिलीभगत से बहुत बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है।इसकी जांच होनी चाहिए और दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

अन्त में पटेल इंटर कॉलेज उर्दिहां के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र सिंह के बड़े भाई की आकस्मिक मृत्यु तथा इंटर कॉलेज सुंदरपुर के सहायक अध्यापक संजय राम के पिता की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए गतात्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक में संरक्षक रामजन्म सिंह, अबरार अहमद, राधेश्याम राजभर, मोहम्मद रजा, डॉक्टर राजेंद्र यादव प्रधानाचार्य, राहुल सिंह, अतुल सिंह, इंद्रजीत राम, सौरभ सिंह, शेर बहादुर सिंह यादव, प्रवीण कुमार, महमूद इरफान, अमरेश मौर्य,अनिरुद्ध कुमार मौर्य, मनीष चतुर्वेदी, इंद्रदेव राय आदि अध्यापकगण उपस्थित थे।

# महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में फ्यूजन फेस्ट-2024 का आगाज

जनसंदेश न्यूज



महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**आजमगढ़।** महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में फ्यूजन फेस्ट 2024 की शुरूआत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार मिश्र गुड्डू, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष लक्ष्मण मौर्य, उत्तर प्रदेश अभिभावक संघ के महासचिव गोविंद दुबे, डॉ. दीपक पांडेय, शिव गोविंद सिंह, सुरेंद्र मौर्य, मनीष सिंह, पवन कुमार मौर्य, हरिवंश मौर्य आदि लोगों ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

बच्चों ने मॉडल में स्मार्ट सिटी, ऊर्जा संरक्षण, आधुनिक व्यापार तकनीकी, यातायात नियमों के पालन, एआई डिजिटल, रोबोटिक्स, जैव विविधता, अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन, मानव रक्त संचरण, आधुनिक कृषि जैसे थीम पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी के अलावा लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए थे जिसमें अभिभावकों ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा का आयोजन हुआ जिसमें स्मार्ट टीवी, साइकिल, मिक्सर ग्राइंडर, म्यूजिक सिस्टम और गिफ्ट हैंपर पुरस्कार निकाले गए।

विद्यालय के प्रबंधक डीपी मौर्य, प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य, उप प्रधानाचार्य एसएन यादव, कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य, दिनेश यादव, रामचरण मौर्य, दीपिका सिंह, किशन यादव, धीरेंद्र मोहन, शरद गुप्ता, आरोही मोदनवाल, राहुल तिवारी ,अजय यादव ,प्रेमा यादव आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# कागजों में सिमट कर रह गया सुशासन सप्ताह

**बैठक**

नहीं दिखे अधिकारी और फरियादी

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** शासन के निर्देश पर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। तहसील बुढ़नपुर क्षेत्र के अंतर्गत तिथिवार स्थान निर्गत किया गया था जहां जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का त्वरित निस्तारण व शासन की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने हेतु समस्त विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति नियत की गई थी। उक्त के क्रम में रविवार को नगर पंचायत कार्यालय अतरौलिया में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम निर्धारित था, जिसमें समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों को उपस्थित होकर जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना था। किंतु किसी भी संबंधित विभाग का कोई अधिकारी कर्मचारी नजर नहीं आया और न ही नगर पंचायत और आसपास की कोई जनता अपनी फरियाद लेकर आई।

नायब तहसीलदार वंदना वर्मा कार्यक्रम की खानापूर्ति करते हुए सिर्फ. एक-दो घंटे बैठकर कार्यक्रम को अधूरा छोड़कर वापस चली गई। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या नगर पंचायत क्षेत्र में कोई समस्या ही नहीं है या तो फिर यह सुशासन सप्ताह का कोई प्रचार प्रसार नहीं किया गया था जिसकी वजह से कोई भी जनता अपनी फरियाद समस्या लेकर नहीं पहुंची। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अध्यक्ष व आशा संगिनी तथा राजस्व निरीक्षक ही नजर आए। इस संबंध में व्यापार मंडल अध्यक्ष हिमांशु विनायक ने बताया कि मेरी पत्नी वार्ड नंबर एक की सभासद है हम उनके प्रतिनिधि हैं। इस कार्यक्रम के बारे में किसी को कोई सूचना नहीं दी गई। अगर कार्यक्रम की जानकारी होती तो बोर्ड के सभी सदस्य व जनता मौजूद होती और अपनी समस्याओं को अवगत कराते। राजेश सोनकर वार्ड नंबर 2 सभासद प्रतिनिधि ने बताया कि किसी को न तो बुलाया गया और न ही कोई जानकारी मिली। प्रेम प्रकाश यादव ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को गिनाया और धरातल पर इसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचने का दावा किया और कहाकि जो भी मामले आए सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र जायसवाल, लिपिक गिरीजेश यादव,सूरज सिंह, लेखपाल अजीत यादव, गीता वर्मा सुपरवाइजर बाल विकास एवं पुष्टाहार, प्रदीप सोनकर, विवेक सिंह तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मौजूद रहीं।

इस संदर्भ में एसडीएमने बताया कि मैं पीसीएस के पेपर में हूं, नायब तहसीलदार से ही पूछ लीजिए। जब उनसे बताया गया कि नायब तहसीलदार मात्र एक घंटे बाद ही चली गई और पत्रकार वार्ता भी नहीं की,तो उन्होंने कहा कि उनको बताना चाहिए था वह क्यों नहीं बताई। जब पूछा गया कि कोई भी जनता मौजूद नहीं रही क्या इसका प्रचार प्रसार किया गया था या नहीं तो उन्होंने कहा कि सोमवार अहिरौला के अभयपुर गांव में होगा वहां आना और देखना। अधिशासी अधिकारी अतरौलिया के सीयूजी नंबर पर कई बार फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# 58 उपभोक्ताओं का काटा गया विद्युत कनेक्शन


**आजमगढ़।** विद्युत विभाग ने जनपद के दो स्थानों फूलपुर व बूढ़नपुर द्वोत्र में कैंप लगा कर उपभोक्ताओं के विद्युत बकाये जमा कराये। साथ ही चोरी से विद्युत का उपभोग कर रहे लोगों का केबल काटते हुए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी भी दर्ज करायी।

**फूलपुर प्रतिनिधि** के अनुसार विद्युत उपकेंद्र तहसील मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ापुर बदल में अवर अभियंता देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विद्युत सखी व अधीनस्थों के साथ कैम्प लगाकर 13 बिद्युत उपभोक्ताओं का रजिस्टेज्शन किया। विद्युत बकायादार 18 उपभोक्ताओं का विद्युत विछेदन किया तथा दो लाख तेरह हजार रुपये विद्युत बकाया राजस्व की प्राप्ति हुई। अवर अभियंता ने ग्राम प्रधान व गांव के संभ्रान्त नागरिकों से अपील की कि सरकार द्वारा विशेष छूट के कार्यक्रम में सहयोग देकर उपभोक्ताओं को लाभान्वित कराएं। इस अवसर पर रमाकान्त, राजकुमार, सिकन्दर, आशीष पाल, रूपेश राय सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। **बूढनपुर प्रतिनिधि** के अनुसार अचलीपुर गांव में विजिलेंस की टीम द्वारा छापा मारा गया।इस दौरान 40 लोगों के कनेक्शन विच्छेद किए गए। 8 विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया। पावर स्टेशन मुबारकपुर मिश्रौलिया के अचलीपुर गांव में एसडीओ बृजेश कुमार राव के नेतृत्व में विजिलेंस की टीम ने छापा मारा। टीम में जेई रमाकांत मौर्य, विजिलेंस प्रभारी निरीक्षक महावीर यादव, अमरेश राय मौजूद रहे। आठ लोगों सुदामा पांडेय, राजेश पांडेय, बृजेश पांडेय, पूनम पांडेय, रामदयाल, मंजू, रामेंद्र आदि के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। उक्त जानकारी एसडीओ बृजेश राव ने दी।


फूलपुर में कैंप लगाए विद्युत विभाग के कर्मचारी।

## संक्षेप

### साइबर हेल्प डेस्क ने वापस कराया पीड़ित का पैसा




**पटवध (आजमगढ़)।** कुरियर के नाम पर साइबर ठगों द्वारा ठगी किए गए रुपए 23900 को साइबर हेल्प डेस्क बिलरियागंज द्वारा वापस करा दिया गया। पैसे पाने के बाद पीड़ित ने पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बिलरियागंज थाना अंतर्गत पटवध कौतुक ग्राम निवासी सत्यम राय नेतीन नवंबर 2024 को सूचना दी कि कुरियर से सामान मंगाने पर अज्ञात नम्बर से आये लिंक पर क्लिक कर 1.33 पैसे पेमेन्ट करने के पश्चात आवेदक के खाते से बिना किसी कारण के 23,900 रुपये कट गये। सूचना देने पर साइबर पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत की गयी और आवेदक का 23,900 रुपये होल्ड हो गया। कम्प्युटर आपरेटर सौरभ थाना बिलरियागंज द्वारा कोर्ट आर्डर बनवाकर संबंधित बैंक को मेल करने के पश्चात 22 नवम्बर 2024 को आवेदक के खाते में कुल 23,900 रुपये वापस कराया गया। अपने पैसे खाते में पुनः वापस आने से सत्यम राय ने प्रभारी साइबर हेल्प डेस्क के कर्मचारियों का आभार जताया।

### ट्रैक्टर पलटा, दबकर चालक की मौत



**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के कटघर जलाल गांव निवासी ट्रैक्टर चालक खेत की जुताई करने जा रहा था। कोरौली बुजुर्ग गांव के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया जिससे उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने पंचनामा बनवाकर अंतिम संस्कार कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सरायमीर थाना क्षेत्र के कटघर जलालगांव निवासी रवि कुमार 24 वर्ष अपने साथी सूरज कुमार के साथ शनिवार की देर रात ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने जा रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर लेकर कोरोली बुजुर्ग गांव के समीप पोल्ट्री फार्म मोड़ पर पहुंचा अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई। लोगों द्वारा दोनों को फूलपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टर ने ट्रैक्टर चालक रवि कुमार को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को घर लाए और पंचनामा बनवाकर अंतिम संस्कार कर दिए। मृतक रवि कुमार चार भाई दो बहनों में तीसरे नंबर का था। जून माह में मृतक की शादी तय थी।

### दलहन तिलहन फसलों को नुकसान पहुंचा रहे निराश्रित पशु



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अगेती खेती करने वाले किसान अपनी दलहन तिलहन के पौधों के फूल हरियाली देखकर बहुत खुश हैं पर निराश्रित पशुओं व झुंड में नीलगाय के भ्रमण और फसलों के नुकसान से काफी चिंतित है। अब तो नील गाय अरहर की फसलों के साथ मटर, सरसों, आलू के पौधों को खाने लगी हैं। निराश्रित दर्जनों की सख्या में भ्रमणशील पशु गेंहू सहित सभी फसलों का नुकसान कर रहे हैं। रात दिन किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए रखवाली में लगे हैं। परंतु ये पशु फसल चट कर जा रहे हैं। किसान रामराज, दिनेश, सन्तोष, मो. अनवर, मनीष पाल आदि ने बताया कि जो किसान अपने खेतों को बांसबल्ली से घेर दिये हैं, वह तो थोड़ा सुरक्षित हैं पर जो किसान यह नहीं कर सके हैं उसकी सभी फसल बर्बाद हो रही है। निराश्रित पशु को तो खेत से भगाया जा सकता है पर नीलगाय का पीछा करना संभव नहीं है।

### सुंदरकांड पाठ के बाद सहभोज व भजन का आयोजन




**आजमगढ़।** दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में मुकेरीगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में सुंदरकांड व सहभोज का आयोजन अरविंद मोदनवाल के नेतृत्व में हुआ। पाठ के बाद समिति के सदस्यों की सहभागिता से संगीतमय भजन का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भाजपा नेता अखिलेश मिश्रा गुड्डू, शैलेंद्र अग्रवाल, रित्विक जायसवाल, मनीष सिंह, दीपक राय व वॉकिंग ग्रुप की पूरी टीम व अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान हिमांशु राज, मिथुन निषाद, गोलू मिश्र, राकेश सोनकर, विपिन यादव, गोलू वर्मा,अरविंद उर्फ लल्लन वर्मा, सूरज निषाद, सनी सोनकर, नीरज अग्रवाल, विशाल सभासद, दीपू दुबे, हर्ष गुप्ता, दिवाकर सेठ, संजय केसरवानी, आकाश सेठ, विमल निषाद, दीपक मौर्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति रहे।

### सर्वोदय पब्लिक स्कूल में संचेतना वार्षिकोत्सव का आयोजन



**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संचेतना वार्षिकोत्सव के अंतर्गत वार्षिक कार्यक्रम तथा फन एण्ड ऐनुवल फिस्टा कम फेटे का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी ग्रामीण चिराग जैन, विशिष्ट अतिथि सीएफओ विवेक शर्मा, लेबर कमिश्नर राजेश कुमार, डॉ. कृष्ण मोहन त्रिपाठी, कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। शुरूआत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। संस्था के संस्थापक प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव, निदेशिका कंचन यादव, प्रधानाचार्य विधान तिवारी ने भी मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन सबके माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की स्थापना व अनेकता में एकता का संदेश दिया गया। विद्यालय के रॉक-बैंड की तरफ से वाद्य यंत्रों के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। अन्त में लकी ड्रा के माध्यम से बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किया गया। प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने वार्षिक उत्सव पर बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना की। अभय तिवारी ने समारोह का संचालन किया। प्रवीण कुमार सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, विजय शंकर यादव पहलवाल, माधुरी सिंह, प्रवेश सिंह, रमाकान्त यादव, रमाकान्त वर्मा आदि उपस्थित थे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने मोहा सभी का मन



**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के क्रिसेंट सिटी स्कूल बड़ा गांव में कक्षा 6 से लेकर इंटरमीडिएट के छात्राओं के बीच विद्यालय परिसर में कला, हस्तकला व विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने विभिन्न तरह के मॉडल विज्ञान की कलाकृतियां प्रस्तुत की। पवन चक्की, सोलर पैनल, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण संबंधित प्रदर्शन किया। साथ ही लोगों को इसके बारे में जानकारी भी दी। जागरूकता रैली भी निकाली। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. मनीष त्रिपाठी ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई कलाकृतियों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इससे छात्रों में आविष्कार के लिए प्रेरणा उत्पन्न होगी। यहीं से सीखकर छात्र अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। व्यवस्थापक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि छात्रों में इसके प्रति बड़ा ही उत्साह देखने को मिला। इससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्रों द्वारा की गई प्रस्तुतीकरण बड़ी ही मनमोहक और अनुकरणीय रही है। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक माडल बनाकर लोगों से वाहवाही लूटी। बच्चों ने पर्यावरण बचाओ, जंगल बचाओ, वन्यजीव संरक्षण, प्रदूषण मिटाओ, पानी बचाओ, स्मार्ट सिटी, सोलर सिस्टम, वेस्ट वाटर ट्रीटमेण्ट, कंडक्टर आफ इलेक्ट्रिसिटी, हाउस वाटर ट्रीटमेण्ट, वाटर बोट, बायोगैस प्लांट आदि का माडल प्रस्तुत किया। माडलों की प्रस्तुति करने की साथ ही शिल्प एवं चित्रकलाओं का प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर प्रधान प्रमोद यादव उर्फ मुन्ना,रविकांत तिवारी, मनीष तिवारी, अंकित गुप्ता, मनोज, अभिनव यादव, पूनम आदि उपस्थित रहीं।

### पुस्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने का आरोप

**आजमगढ़।** सिधारी थाना क्षेत्र के सर्फुद्दीनपुर निवासिनी सविता देवी ने समाधान दिवस पर शनिवार को प्रार्थना पत्र देकर अपनी पुस्तैनी जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा करने का अरोप लगाया। समाधान दिवस पर सौपे प्रार्थना पत्र के माध्यम से महिला ने बताया कि सिधारी थाना क्षेत्र के सर्फुद्दीन पुर में उसका मकान है। भूमिधरी पर विपक्षियों द्वारा जबरदस्ती उसकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। मना करने पर मारपीट करने को तैयार हैं। महिला ने तहसील दिवस पर पत्रक सौंप कर उपरोक्त जमीन की पैमाइश कराने व अवैध रुप से कब्जा कर रहे लोगों पर दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग की।

# 3069 अभ्यर्थियों ने छोड़ी यूपीपीसीएस प्री परीक्षा

**सख्ती**

**परीक्षा केंद्रों पर रही छात्राओं की भीड़, 5472 की थी व्यवस्था**

**आयुक्त, डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट रहे तैनात**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** नकल विहीन, सघन चेकिंग और कड़े पहरे के बीच यूपीपीसीएस की परीक्षा को 56.09 प्रतिशत परीक्षार्थी ने छोड़ दिया। जिले के 13 केंद्रों पर 5472 परीक्षार्थी के बैठने की व्यवस्था किया गया था। पहली पाली में 3056 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में यह संख्या 3069 हो गई। जिले में 56.09 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा में बैठने से पहले ही हार मान गए। यूपी पीसीएस प्री परीक्षा-2024 की पहली पाली की परीक्षा के लिए जिले के 13 परीक्षा केन्द्रों पर सघन चेकिंग के बाद परीक्षार्थियो को प्रवेश दिया गया। जिले में 5472 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था किया गया था। नगर के बीएलजे इंटर कॉलेज एवं आर्य कन्या इंटर कॉलेज पर छात्राओं की कतार देखी गई। एसपी नक्सल ओ पी सिंह ने बालिकाओं की ही कतार देख छात्रों को माइक से समय पर केंद्रों में प्रवेश करने की सूचना दी। शान्तिपूर्ण व सकुशल परीक्षा संपन्न कराने के लिए 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 13 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती परीक्षा केन्द्रों व रेलवे, रोडवेज तथा प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। गुड़हट्टी चौराहे पर भारी वाहनों के आने से जाम की नौबत बनी रही। प्रथम पाली में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला, एसपी नक्सल ओ0पी0 सिंह ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। द्वितीय पाली में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने जुबली इंटर कॉलेज, जीडी बिनानी कॉलेज एवं राजकीय पॉलिटेक्निक आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।





परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते आयुक्त, डीएम व एसपी

## ग्रापए प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**मीरजापुर।** ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को विंध्याचल स्थित एक धर्मशाला पर प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जिला इकाई के पदाधिकारी समेत सभी तहसीलों के अध्यक्ष तथा उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में वक्ताओं द्वारा ग्रापए के प्रति जिम्मेदारियों का उल्लेख प्रमुख रूप से किया गया। इसमें नए पहचान पत्र के लिए सदस्यता फार्म सभी तहसील प्रभारियों को देने साथ सही व कर्मठ पत्रकारों को सदस्य बनाने का निर्देश दिया गया। कहीं भी पत्रकारों को कोई समस्या हो तो जानकारी दे। हम सदैव आपके साथ खड़े रहेगे। सभी लोग सदस्यता फार्म भरकर निर्धारित जगहों आगामी 14 जनवरी तक जमा कर दें। इस अवसर पर विंध्याचल मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिला अध्यक्ष अजय ओझा प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह प्रदेश संरक्षक कामेश्वर नाथ राय, प्रदेश महासचिव वीरभद्र सिंह, प्रदेश मंत्री नागेश्वर सिंह, अजय भाटिया, नीरज सोनी, सुधाकर मिश्र, प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटे लाल, होशीला त्रिपाठी, अयोध्या प्रसाद केसरवानी, सिबि तिवारी, शैलेश उपाध्याय, राममूर्ति पांडेय, संजीव कुमार, धीरेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### कैंप लगाकर विद्युत विभाग ने वसूला एक लाख 25 हजार



**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के हलिया कस्बा में रविवार को कैम्प लगा कर 01 लाख 25 हजार रुपये जमा कराते हुए 13 बकाये दारों का कनेक्शन विच्छेन किया गया। विद्युत एक्सियन योगेश कुमार ने कैम्प के बाद गांव में चक्रमण कर एक मुस्त समाधान में बकाया जमा करने की सलाह दी। अहुगी कला स्थित अदवा कालोनी पर राइश मील के उपर गये तार को हटवाने को कहा। इसी तरह से चक्कोटार, फुलियारी, मनिगढा, हर्रा, बेलाही आदि बस्ती में ढीले तारों को सही कराने के लिये जेई को निर्देशित किया। इस दौरान बिजली विभाग के एसडीओ दिलीप कुमार, जेई दयाशंकर प्रजापति, वीरेंद्र सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे।

### आरोग्य मेले में रोगियों का किया गया इलाज

**जिगना।** छानबे ब्लाक में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में कुल 275 रोगियों का इलाज किया गया। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में होम्योपैथिक डा0 डी0के0 मिश्र, बिरौरा में डा0 महेंद्र चौधरी, डा0 आशुतोष मिश्र, लल्लू प्रसाद, संतोष कुमार तिवारी, डा0 पूर्णिमा, डा0 सुमित, सिद्धि नाथ दुबे द्वारा इलाज किया।

### भागवत कथा के पूर्व निकली कलश यात्रा

**अहरौरा।** नगर के सत्यानगंज मोहल्ले में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सोमवार से आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के पूर्व रविवार को नगर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर के सत्यानगंज मोहल्ले में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए मन्दिर परिसर में ही समाप्त हुआ। इस अवसर पर कथा वाचक ब्रजरज दास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भाषण प्रतियोगिता में आराधना बनी विजेता



**अदलहाट।** लालता सिंह राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अदलहाट में भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शनिवार को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें आराधना प्रथम, अलका सिंह द्वितीय व हर्षिता और प्रियंका तृतीय स्थान प्राप्त कर विजेता बनी। छात्रा शिवांगी ने अटल जी की कविताओं का बहुत ही सुंदर काव्य पाठ कर उन्हें याद किया। ये विजेता छात्राएं जीडी बीनानी कॉलेज में 23 को होने वाली जिला स्तरीय की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 आशा ने अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा0 अंजू सोनकर, डा0 जितेंद्र सिंह, डा0 प्रदीप मिश्र, डा0 सुमिता बनर्जी, डा0 प्रेमसुंगरी, डा0 आनंद प्रकाश, डा0 गणेश, डा0 अंकित आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 73 लोगों का हुआ उपचार

**हलिया।** हलिया विकासखंड के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आए मरीजों का जांच कर उपचार किया गया। रविवार को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में 73 लोगों को जांचों परांत उपचार किया गया जिसमें खांसी, बुखार, शुगर, दमा आदि के मरीज स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर जांचोपरांत दवाएं ली। चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए सुझाव दिए। गर्म पानी पीने की सलाह दी। इस दौरान कामेश्वर तिवारी, मनोज कुमार, संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने डेढ़ लाख का गांजा किया बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश से बिहार शराब की तस्करी करने वाले गैंग के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से बैग में भरा करीब 1.5 लाख का शराब बरामद किया गया, जबकि उनके पास से महज 250 रुपया नगद मिला। मार्च माह में एक आरोपी पकड़ा गया था। जेल से जमानत पर छूटने के बाद फिर तस्करी में जुट गया। बीती रात पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली कटरा व एसओजी की संयुक्त टीम ने अंग्रेजी शराब से भरे 3 ट्राली बैग व 4 पिट्ठू बैग के साथ 2 लोगों को पकड़ा। जिसमें 645 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब 116.1 लीटर भरा था। जिसकी अनुमानित कीमत 1.50 लाख रुपये आंकी गई है। पकड़े गए आरोपी ओम कुमार पुत्र राम अवतार साव निवासी सकरौड़ा थाना अकरी जहानाबाद तथा आकाश कुमार पुत्र राजनीत साव थाना मंसूरचक जिला बेगूसराय बिहार के रहने वाले हैं। जिन्हें पथरहिया रेलवे कालोनी गेट के पास से पकड़ा गया। आरोपी ने ओम कुमार की जामा तलाशी से पहने हुए पैंट की दाहिनी जेब से 50-50 रुपये के दो नोट कुल 100 रुपये बरामद हुआ। आकाश कुमार के पहने हुए जींस पैंट के पीछे की जेब से 100 रुपये की एक नोट व 50 रुपये की एक नोट कुल 150 रुपया बरामद हुआ। आरोपियों ने बताया कि बिहार में शराब नही बिकती है। हमलोग उत्तर प्रदेश के अलग अलग दुकानों से सस्ते दामों में शराब खरीदकर बिहार में ले जाकर तीन से चार गुना दामो में बेचकर मुनाफा कमाते हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली कटरा प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुनील कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी डंकीनगंज एवं उप निरीक्षक विनय कुमार दुवे चौकी प्रभारी बरौधा कचार टीम के साथ शामिल थे।

## पीड़ित ने पत्रक देकर लगाई न्याय की गुहार

**लालगंज।** नगर के शिवाला महंत शहर निवासी महंथ सुरेशानंद गिरी ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि तहसील क्षेत्र के गंगहरा कला में हमारी संक्रमणीय भूमिधर भूमि पर गंगहरा कला एवं मझियार कला के दबंग व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी लालगंज को निर्देशित किया। समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि तहसील क्षेत्र के गंगहरा कला गांव में आराजी नंबर 257 का संक्रमणीय भूमिधर काश्तकार हूं और मौके पर काबिज दखिल चल रहा हूं। वर्तमान समय में गंगहरा कला एवं सरहद्दी गांव मझियार के दबंग व्यक्तियों द्वारा मेरी भूमि पर अतिक्रमण निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसे रोका जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम आशा वर्मा ने थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह को मौके पर जाकर समाधान करने का आदेश दिया।

## प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं, बालिकाओं को वितरित किया गया प्रमाण-पत्र

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा द्वितीय के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने घुरहूपट्टी में स्थित स्वंयसेवी संस्थान जी0एस0बी0 सेवा समिति जोगियाबारी द्वारा आयोजित महिलाओं, बालिकाओं के उत्थान एवं रोजगार परक स्वालंबी बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उन्होने उपस्थित बालिकाओं, महिलाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि महिलओं को रोजगार परक स्वालंबी बनाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग तथा केन्द्र व राज्य सरकार का सराहनीय योगदान रहा है। उनके माध्यम से ज्यादातर महिलाएं, बालिकाएं स्वालंबी और आत्मनिर्भर बनी है। जनपद में स्वंयसेवी संस्थान जी0एस0बी0 सेवा समिति के प्रबन्धक फारिहा खान ने अपने सेवा समिति संस्थान में माध्यम से कुल 109 बालिकाओं और महिलाओं को सौन्दर्य प्रसाधन, सिलाई कढ़ाई व चायनिज कुकिंग का प्रशिक्षण देकर स्वालंबी बनाया, जिससे सभी बालिकाएं महिलाएं प्रशिक्षणनुसार अपने लिए तथा अपने परिवार के लिए धन अर्जित कर सकती है। विनय आर्या ने रूपा अग्रहरी, जान्हवी बरनवाल, साइना बानो, रूबीना बानो, साजिया बानो, माही अग्रहरी के प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं, बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में जी०एस०बी०सेवा समिति के समस्त स्टाफ, वरिष्ठ सहायक दीपक श्रीवास्तव, अंगद यादव, पीएलवी जय प्रकाश सरोज, ओम प्रकाश कसेरा, सतीश यादव, इत्यादि उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिए।



प्रमाण पत्र वितरित करते अपर जिला जज

## सहकारिता शब्द नहीं आंदोलन है, जिसे भारत सरकार गति दे रही है : अनुप्रिया

**लोकार्पण**

**देश को विकसित बनाने में सशक्त कड़ी हैं सहकारी समितियां**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** सहकारी बैंक का वार्षिक सामान्य निकाय बैठक मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल परिवार कल्याण एवं उर्वरक रसायन मंत्री, समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गौड़, उत्तर प्रदेश पिछड़ा राज्य आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्री माली, नगर पालिका कछवा की अध्यक्ष मिताली जायसवाल, डी0सी0 एफ0 के अध्यक्ष विजय वर्मा की उपस्थिति में बैंक के सभापति डा0 जगदीश सिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिला सहकारी बैंक का वार्षिक सामान्य निकाय बैठक मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल परिवार कल्याण एवं उर्वरक रसायन मंत्री, समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गौड़, सोहन श्री माली, मिताली जायसवाल, विजय वर्मा की उपस्थिति में बैंक के सभापति डा0 जगदीश सिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि सहकारिता एक शब्द नहीं आंदोलन है। जिसे सरकार गति दे रही है। सहकारिता से सामूहिक शक्ति का एहसास होता है जो क्रांतिकारी परिवर्तन समाज में ला सकता है। सरकार ने सरकार से समृद्धि का मंत्र लेकर तत्पर होकर विकास के कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि देश में 8 लाख सहकारी समितियां हैं, आगामी दिनों में ऐसा कोई भी गांव नहीं बचेगा जहां पर सरकारी समिति ना हो। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारी समितियां एक सशक्त कड़ी हैं। बैठक में विपुल सिंह, बलदेव सिंह, सियाराम बिंद, शिवमणि सिंह, अवधेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, अलोपी चंद्र, दिनेश कुमार सिंह, योगेंद्र पाल सिंह, विपिन कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, राजकुमार यादव, मंजूषा उपस्थित रहें। बैठक का संचालन बैंक प्रबंध समिति के सदस्य हरिशंकर सिंह ने किया।




सामान्य निकाय बैठक में शामिल राज्यमंत्री

### केंद्रीय मंत्री ने शहीद चन्द्र प्रकाश पटेल को दी श्रद्धांजलि

**मीरजापुर।** मझवां विकास खंड के नरायनपुर जमुआ गांव के रहने वाले भारतीय सेना के शहीद जवान चन्द्र प्रकाश पटेल के घर पहुंची केंदीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शोक संवेदना व्यक्त किया। परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने शहीद की स्मृति में अपने सांसद निधि या फिर विधान परिषद सदस्य के निधि से स्मारक द्वार बनवाने का आश्वासन दिया। चन्द्र प्रकाश पटेल राजस्थान में तैनाती के दौरान युद्धाभ्यास करते हुए शहीद हो गए। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल उनके घर पहुंचकर दुःख व शोक संवेदना व्यक्त किया। शहीद के चित्र पर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी गुलाब चंद से शहीद के परिजनों को मिलने वाली लाभांश के बारे में जानकारी प्राप्त की। कहा कि परिजनों को मिलने वाले लाभांश के लिए किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इस दौरान जिलाध्यक्ष राम लौटन बिंद, रोहनिया विधायक डा0 सुनील कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

## किसानों को पोषण वाटिका के बारे में दी गई जानकारी




किसानों को जानकारी देते अधिकारी

**कार्यक्रम**

**तीन दिवसीय किसान मेला का किया गया आयोजन**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय तीन दिवसीय विराट किसान मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी के अन्तर्गत रविवार को राजकीय पौधाशाला मेडिकल कॉलेज के बगल में बिसुन्दरपुर के प्रांगण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केन्द्र, बीएचयू बरकछा से आये वैज्ञानिकगण प्रो0 श्रीराम सिंह, डा0 एस0एन0 सिंह, डा0 एस0के0 गोयल द्वारा दीप प्रज्जवल कर किया गया। जिला कृषि अधिकारी डा0 अवधेश कुमार यादव द्वारा उपस्थित किसानों को कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमें पी0एम0 कुसुम योजना, पी0एम0 किसान सम्मान निधि, कस्टम हायरिंग इत्यादि योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही बताया गया कि किसान भाई कृषि विभाग के पोर्टल पर टोकन के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रो0 श्रीराम सिंह द्वारा उपस्थित किसानों को पोषण वाटिका के बारे में जानकारी दी गयी। कृषि कल्याण मंत्रालय भारत सरकार से आये डा0 एस0एन0 सिंह द्वारा उपस्थित कृषकों को मृदा के जांच, परीक्षण करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के डा0 त्रिजुगी नरायन सिंह, डा0 सुधीर श्रीवास्तव, राम बहादुर मौर्य, पंकज मिश्रा व कृषि विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी द्वारा किया गया।

### समाज के सक्षम लोग निभाएं अपनी सामाजिक जिम्मेदारीः राजीव ओझा

**अहरौरा।** किसान नेता लालबहादुर सिंह की 10वीं पुण्यतिथि पर उनके सपूतों वीरेंद्र सिंह राजू, जयप्रकाश सिंह, ओमप्रकाश सिंह ने जरूरत मंदों के लिए कंबल वितरण का पुनीत यज्ञ चित विश्राम अहरौरा में आयोजित किया। डा0 कुबेर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक नागेश सिंह की अध्यक्षता व पीपीसी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार ओझा के मुख्य आतिथ्य में 200 जरूरत मंदों को कंबल वितरण की शुरूआत मुख्य अतिथि राजीव कुमार ओझा द्वारा 5 वृद्ध महिलाओं को कंबल वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक, जिला सहकारी बैंक मीरजापुर सोनभद्र के चेयरमैन रहे राजेंद्र सिंह, राजेंद्र शास्त्री, अनमोल सिंह ने शिरकत किया। मुख्य अतिथि ने उक्त अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि कंपकपाती ठण्ड में जरूरतमंदों को राहत देने के सरकारी प्रबंध नाकाफी होते हैं। मुख्य अतिथि एवं मंचीय विशिष्ट अतिथियों, को दिवंगत किसान नेता के सुपुत्रों ने स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया।

## टोल कर्मियों ने सरदार सेना के जिलाध्यक्ष से की मारपीट



शिकायत करने थाने पर पहुंचे सरदार सेना लोग

**अदलहाट।** क्षेत्र के फत्तेपुर स्थित वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर शनिवार की रात टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा सरदार सेना के जिलाध्यक्ष के साथ की गई मारपीट की सूचना पर रविवार को सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 आर0 एस0 पटेल सैकड़ों की संख्या में थाने पर पहुंच गये। रसूलपुर ग्राम निवासी सरदार सेना के जिलाध्यक्ष सुनील पटेल रसूलपुर ग्राम से नारायनपुर जा रहे थे। आरोप है कि शनिवार की रात में खजुरौल से ही टोल प्लाजा तक लंबी गाड़ियों की कतार लगी हुई थी। जिसमें एक एंबुलेन्स फंसी हुई थी। जिसको बाहर निकालने के लिए अपनी गाड़ी को खड़ा कर टोल प्लाजा पहुंचकर टोल कर्मियों से एक लेन खाली कर एंबुलेंस को निकालने को कहा। टोल कर्मियों ने कहा कि तुम अपना काम करो ऐसा ही चलेगा। कहने के बाद भी कोई भी टोल कर्मी बात मानने को तैयार नहीं हुआ और मेरे साथ मारपीट किया जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 आर0एस0 पटेल कार्यकर्ताओं के साथ थाना अदलहाट पहुंच गये। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा द्वारा टोल प्लाजा के नीरज कुमार सिंह व जिलाध्यक्ष के बीच सुलह समझौता कराया। जिसमें दोनों पक्ष द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर सहमति जताई गई।

### जंगल के रास्ते गोवंश ले जा रहा पशु तस्कर गिरफ्तार

**राजगढ़।** जंगल के रास्ते क्रूरता पूर्वक मारपीट कर वध के लिए ले जाए जा रहे 16 राशि गोवंश को थाना राजगढ़ पुलिस ने बरामद किया। 1 शातिर गो-तस्कर गिरफ्तार को गिरफ्तार किया गया। कानूनी कार्रवाई की जा रही हैं। जनपद में गो-तस्करी तथा इसमें संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना राजगढ़ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सेमरी जंगल से 1 शातिर गो-तस्कर वकील पुत्र शिरावती निवासी ग्राम विशनपुर थाना मड़िहान को गिरफ्तार किया गया। जो जंगल के रास्ते क्रूरता पूर्वक मारपीट कर वध के लिए 16 राशि गोवंशो को ले जा रहा था। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार का जेल भेजा गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रामकिशोर, उपनिरीक्षक रामजी यादव व उप निरीक्षक रमेश प्रसाद पाण्डेय पुलिस टीम के साथ शामिल रही।

## विद्युत विभाग की ओर से आज लगाया जाएगा कैंप

**जनसंदेश न्यूज**

**अभियान**

**दिन भर रहेंगे अवर अभियंता व दर्जनों विभागीय कर्मचारी**

**राजगढ़।** क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को सरचार्ज में भारी छूट देकर राहत प्रदान करने के लिए एक मुश्त समाधान योजना संचालित हो रही है जिसके लिए विद्युत विभाग की टीम जी तोड़ मेहनत कर रही है और जगह जगह कैंप लगाकर अभियान को सफल बनाने में जुटी हुई है। वहीं योजना के तहत बिजली बिल की लम्बे समय से बकायेदारी का दंश झेल रहे लोगों को एक मुश्त समाधान योजना वरदान साबित हो रही है। ज्ञात हो कि राजगढ़ विद्युत उपकेन्द्र से लगभग 36 गांव के 10000 विद्युत उपभोक्ता पंजीकृत हैं। उसमें कुछ ऐसे भी उपभोक्ता हैं जो पिछले कई वर्षों से बिजली के बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं और उनके उपर लम्बे समय से विभाग की बड़ी बकायेदारी चल रही है। उन उपभोक्ताओं को विभागीय कार्रवाई का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में उतर प्रदेश सरकार की ओर से संचालित अति महत्वाकांक्षी योजना से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल सकेगी।

अवर अभियंता मनीष गुप्ता ने बताया कि राजगढ़ विद्युत क्षेत्र बड़ा होने के साथ-साथ कृषि आधारित है। इसलिए उपभोक्ताओं को सहूलियत प्रदान करने के लिए उनके नजदीक जगह जगह कैंप लगाया जा रहा है। सोमवार को नदिहार बाजार तिराहे पर कैंप लगाने की योजना बनाई गई है जिसके लिए अवर अभियंता मनीष गुप्ता ने रविवार को छुट्टी के दिन कार्यालय में दिन भर बैठे रहे और अपने कर्मचारियों के साथ आयोजित कैंप की रुपरेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि कैंप के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और व्यापक तौर पर उपभोक्ताओं को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक लोग विद्युत कैंप में आकर सरकारी छूट का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि कैंप के माध्यम से उपभोक्ताओं का बिजली से संबंधित अन्य समस्याओं का भी समाधान किया जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने में जुटे हुए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाया जा सके और बिल बकायेदारी की अधिक से अधिक वसूली कर राजस्व संग्रह में सहयोग किया जा सके।

## जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, चार घायल

**चील्ह।** थाना क्षेत्र के तिलठी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुरेश यादव व बद्री यादव में जमीन में रखे नाद हटाने को लेकर रविवार की सुबह दोनों पक्षों में कहा-सुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्ष में लाठी डंडा से मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष से दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। एक पक्ष से सुरेश यादव, दिनेश यादव, दूसरे पक्ष से भुवरा देवी पत्नी मंगरू यादव, मालती देवी पत्नी बद्री यादव घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह में इलाज कराया। दोनों पक्षों ने घटना की तहरीर चील्ह थाने में देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने सुरेश यादव की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में जुटी है। थाना प्रभारी शिव शंकर सिंह ने बताया कि जमीन को लेकर दो पक्ष में विवाद हुआ है एक पक्ष से मिले तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दस केंद्रों पर संपन्न हुई पीसीएस प्री परीक्षा, सीसीटीवी से हुई निगरानी

**आयोजन**

का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

**डीएम, एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं**

जनसंदेश न्यूज



परीक्षा केंद्र

**सोनभद्र।** जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को दो पालियों में सम्मिलित राज्य/अवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा सकुशल संपन्न हो गयी। परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में संचालित फोटो स्टेट की दुकानों का संचालन प्रतिबंधित रहा। जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पीसीएस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने हेतु विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। साथ ही ड्यूटीरत कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा ड्यूटी में लगे कर्मियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके साथ ही ड्यूटी में लगे थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर लगातार भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों, प्रमुख स्थानों, चौराहों पर क्यूआरटी टीम, पीएसी सहित पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाये गए थे। सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। जिसमें नियुक्त कर्मियों द्वारा अनवरत निगरानी सुनिश्चित की गयी। यातायात व्यवस्था के लिए सभी चौराहों व तिराहों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात कर्मी तैनात किये गये थे। सोशल मीडिया टीम व अभिसूचना तंत्र पूर्ण रूप से सक्रिय रहा। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्मों की सतत निगरानी की जाती रही। डीएम ने कहा कि आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**इन केंद्रों पर हुई परीक्षा**

**सोनभद्र।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ब्लॉक ए चुर्क, पीएमश्री राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, राबर्ट्सगंज, राजा शारदा महेश इण्टर कॉलेज राबर्ट्सगंज, आदर्श इण्टर कॉलेज, गुरुद्वारा इण्टर कॉलेज चोपन, चन्द्रगुप्त मौर्य इण्टर कॉलेज मधुपुर, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ब्लॉक बी चुर्क, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज मुड़िलाडीह, घोरावल, पं. दीनदयाल उपाध्याय इण्टर कॉलेज रामगढ़, शाहजादा साहब उदय प्रताप सिंह इण्टर कॉलेज रामगढ़ केंद्र पर परीक्षा संपन्न हुई।

# गुरुगोविंद के पुत्रों की वीरता युवाओं के लिए प्रेरणा: भूपेश

**संगोष्ठी**

**दसवें सिख गुरु के पुत्र जोरावर सिंह व फतेह सिंह की स्मृति में वीर बाल दिवस पर हुई संगोष्ठी**

जनसंदेश न्यूज


दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर दसवें सिक्ख गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों जोरावर सिंह व फतेह सिंह की स्मृति में वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने संगोष्ठी का शुभारम्भ पं. दीनदयाल उपाध्याय व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह की राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत देश को पहले रखने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता एक गहन संकल्प के रूप में प्रति ध्वनित होती है।

गुरु गोविन्द सिंह के चार पुत्र साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर और फतेह सिंह इस प्रतिबद्धता का उदाहरण देते हैं। मुगल सेना ने गुरु गोविन्द सिंह की सेना पर हमला कर दिया आनन्दपुर साहिब किला संघर्ष का प्रारंभिक विन्दु था। सिरसा नदी के तट पर एक लंबी लड़ाई के बाद परिवार विभाजित हो गया। बाद में नवाबों ने साहिबजादो को इस्लाम अपनाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया और अपने धर्म के प्रति अपने प्रेम की अटूट श्रद्धा को प्रदर्शित किया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने कहा कि वीर साहेबजादे द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प एक प्रमाण के रूप में खड़ा है। जो औरंगजेब और उसके अनुयायियों को एक शक्तिशाली संदेश देता है कि सच्चा वीर झुकने से इंकार करती है और देश का मनोबल बनाये रखने के लिए दृढ़ संकल्पित रहती है। इस मौके पर अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, रामलखन सिंह, अशोक मौर्या, उदयनाथ मौर्या, ओमप्रकाश दूबे, आलोक सिंह, सुरेश शुक्ला, बीएन गुप्ता, नार सिंह पटेल, शम्भू नारायण सिंह, पुष्पा सिंह, यादवेन्द्र द्विवेदी, अजीत रावत, संतोष शुक्ला, कमलेश चौबे, रितु अग्रहरी, अनूप तिवारी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन रामसुन्दर निषाद ने किया।

## संक्षेप

### टैबलेट पाकर खिले छात्रों के चेहरे


टैबलेट लिये छात्र

**दुद्धी।** स्थानीय नगर के सोनांचल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को छात्रों के बीच टैबलेट वितरण किया गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन कमलेश मोहन ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए और अग्रिम शिक्षण कार्य में उन्नति हेतु सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस दौरान टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खिल गये। उन्होंने प्रशिक्षण संस्थान समेत अन्य लोगों को उत्साहित किया। कालेज के 36 छात्रों को टैबलेट वितरण किया गया। इस मौके पर संजय श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव, दिलीप पांडे विनय प्रसाद, अल्का गुप्ता, राजकुमार, आशुतोष श्रीवास्तव, रोहित पांडेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### शिक्षक कल्याण परिषद की बैठक में पेंशन पर चर्चा

**सोनभद्र।** प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद की मासिक बैठक राम जानकी मन्दिर राबट्र्सगंज पर रविवार को बैजनाथ देव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान संरक्षक रास बिहारी देव, रविन्द्र नाथ द्विवेदी, राजाराम ने 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके द्वारिका प्रसाद एवं पारसनाथ की 20% वृद्धि छूटने मामला उठाया। जिसे लगवाने का अध्यक्ष ने आश्वासन दिया। वर्ष 2006 से 2015 तक के शिक्षकों को एक नेशनल वेतन वृद्धि की कार्य प्रगति के साथ 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस पर दी गयी मांगों पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यकारिणी के प्रयास से भी शिक्षकों को अवगत कराया। अन्त में वर्ष 2025 के संघर्ष शुल्क को एकत्र करते हुए संगठन मजबूत करने का आग्रह अध्यक्ष ने किया। इस मौके पर जोखूराम, झारखण्डी चौबे, श्रीकान्त मिश्र समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन महामंत्री दीपनारायण ने किया।

### राम विवाह की कथा सुन निहाल हुए श्रद्धालु

**चोपन।** प्रीतनगर गड़ईडिह स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर पर चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय राम कथा के पांचवे दिन कथा वाचक पंडित दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने प्रभु राम के विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा वाचक ने प्रभु राम और माता सीता के दिव्य मिलन की कथा को विस्तार से बताते हुए दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कथा में राजा जनक द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ का प्रसंग, राम द्वारा शिव धनुष भंग करना और भगवान राम और माता सीता के साथ विवाह का दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक और आनंदमय रहा। वहीं राम- सीता की मनमोहक झांकी देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। भक्तों ने कथा के माध्यम से धर्म, मर्यादा और समर्पण के महत्व को आत्मसात किया। इस मौके पर यजमान मनोज चौबे, रिना चौबे, राजा मिश्रा, नवल किशोर चौबे, संजीव त्रिपाठी, सुनील सिंह, उमेश ओझा, राकेश उपाध्याय, मणिशंकर सिंहा, प्रदीप अग्रवाल, मनीष सिंह, राधा रमण पाण्डेय, सतीश अग्रवाल, ओमप्रकाश, दीनदयाल सिंह, बबलू सोनी, अमित सिंह, विकास सिंह, अनिल यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कस्बा इंचार्ज उमा शंकर यादव मयफोर्स तैनात रहे।

### 22 किलो 510 ग्राम गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**खलियारी।** मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में मांची पुलिस ने दो अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार उनके कब्जे से 22 किलो 510 ग्राम गांजा व एक बाइक बरामद कर लिया। एसएचओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाकर चेकिंग के दौरान दिघार तिराहा सुअरसोत से ओमप्रकाश यादव पुत्र रामदुलार सिंह यादव व वकील यादव पुत्र सुक्खु यादव निवासीगण ग्राम दिघार, अधौरा, कैमूर भभुआ, बिहार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 22 किलो 510 ग्राम गांजा बरामद करते हुए संगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस टीम में रामनयन यादव चौकी प्रभारी सुअरसोत, महताब अहमद, राजेश सिंह, अभिषेक सिंह, सुमन्त, हिमांशु सोनकर आदि शामिल रहे।

## इंजेक्शन से बालक की मौत मामले में आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिण्डारी टोला मनरहवां में बीते गुरुवार को आठ वर्षीय अभिषेक पुत्र अशोक की गांव के ही एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के कुछ देर बाद हुई मौत मामले में सीएमओ डा. अश्वनी कुमार के निर्देश पर नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डा. कीर्ति आजाद बिंद ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर तथाकथित चिकित्सक महेश कुमार शर्मा पुत्र कांता राम निवासी महरिकला पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इस क्रम में रविवार की तड़के पुलिस को सूचना मिली कि अरोपी सेवकामोड़ के पास है। जिसपर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा उपनिरीक्षक कमलाकांत पांडेय, नितेश कुमार भारती व मंगल प्रजापति के साथ सेवकामोड़ तिराहे से आगे पहुंचकर अरोपी महेश को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# निर्मला कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव मना, बच्चों ने बिखेरा जलवा

**कार्यक्रम**

**मूव्स एंड ग्रूव्स में योग के माध्यम से शरीर को फिट रखने का दिया मंत्र**

जनसंदेश न्यूज


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

**रेणुकूट।** नगर स्थित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय निर्मला कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम ह्यरंगों से परे का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक नृत्य गीत एवं नाट्य मंचन से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या सिस्टर रेजी ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आई विमला प्रोविन्स लखनऊ की प्रोविंशियल सुपीरियर पुष्पा जैकब, मुख्य अतिथि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीओओ एन नागेश, विशिष्ट अतिथि कलस्टर हेड समीर नायक व ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के यूनिट हेड मनीष गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि एन नागेश ने कहा कि निर्मला कान्वेंट स्कूल 59 वर्षों से शिक्षा की अलख जगा रहा है। विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन के लिए अपनी अलग पहचान रखता है, यहां से पढ़ाई किए बच्चे समाज और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

इसके बाद स्कूल के बच्चों ने देव स्तुति नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रमों के श्रृंखला को औपचारिक गति दी। कक्षा एक के बच्चों ने मूव्स एंड ग्रूव्स कार्यक्रम में योग के माध्यम से शरीर को फिट रहने का मंत्र दिया। बच्चों ने ब्लूमिंग स्टेप्स कार्यक्रम में पर्यावरण को संरक्षण करने का संदेश दिया। बताया कि पौधों को पानी देकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है।

वहीं विवा ला डांजा में स्पेनिश डांस कर लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने भी फिट फिएस्टा नृत्य प्रस्तुत कर फिटनेस को जीवन का मूल मंत्र बताया। कक्षा 5 और 6 के बच्चों ने त्योहार तरंग की प्रस्तुति देकर बताया कि भारत देश एक सर्वधर्म समभाव वाला देश है, हम सभी को एक साथ मिल जुलकर रहना चाहिए। ग्रैंड फिनाले में बच्चों ने कोरल म्यूजिक पर डांस की प्रस्तुति कर मौजूद लोगों को ताली बजाने पर विवश कर दिया। वरिष्ठ शिक्षिका जरीन कमर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर फादर टाइटस लोबो, सिस्टर किरण, सिस्टर निशा अनुज श्रीवास्तव, शिजी एमर्सन, एचएन राय, सिलवा रानी, शिजी संतोष, सरोज, सुनीता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### अमित सिंह बने कुशवाहा समाज के अध्यक्ष

**ओबरा।** कुशवाहा समाज के संगठन में सक्रियता लाने व सामाजिक उद्देश्यों की संरचना को समाज के सिद्धांतों के अनुरूप क्रियान्वित किये जाने के उद्देश्य से रविवार को संपन्न हुए कुशवाहा समाज के वार्षिक चुनाव में अमित सिंह कुशवाहा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चुनाव पर्यवेक्षक विश्वनाथ भगत, देव प्रकाश मौर्या, सुरेश मौर्या, गया नाथ कुशवाहा व चुनाव अधिकारी गणेश कुशवाहा एवं शशिहास सिंह की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सपन्न कराई गयी। जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। जिनमें उपाध्यक्ष पद पर रमिता मौर्या, इं राकेश कुशवाहा, अनिल कुमार सिंह, सचिव ईश्वर दयाल मौर्य, उपसचिव रामदेव मौर्या, योगिता सिंह, पुष्पा सिंह, कोषाध्यक्ष आनंद शेखर मौर्य, लेखा निरीक्षक निर्मल सिंह, कृष्णानन्द सिंह के साथ संगठन सचिव के पद पर सुषमा कुशवाहा, राधिका देवी, गौतम कुमार सिंह, श्वेता सिंह, राम पदारत मौर्य एवं गिरजा मौर्य, मीडिया प्रभारी अरविन्द कुशवाहा शामिल हैं। चुनावी प्रक्रिया के दौरान समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को भी संगठन में जिम्मेदारियां सौंपी गयी। इस मौके पर सुशील कुशवाहा, राजेंद्र प्रताप सिंह, दशरथ सिंह, गुलाब मौर्य, चंद्रशेखर मौर्य, नंदू सिंह, राम गहन सिंह, सूर्यनाथ सिंह, इं रामचंद्र मौर्य, डा. बीके कुशवाहा, डा. मुकेश वर्मा, इं सुरेंद्र सिंह, राजेश कुशवाहा मौजूद रहे। संचालन पूर्व अध्यक्ष रमेश एवं शेषनाथ सिंह ने किया।

# चार दिन से लापता युवक का तालाब में उतराया मिला शव

**दु:खद**

**दोस्तों के साथ मछली मारने निकला था युवक परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका**



**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बसौली गांव निवासी युवक का रविवार को तालाब में उतराया शव मिलने से सनसनी मच गयी। बताया गया कि युवक बीते चार दिनों से लापता था। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

उधर शव मिलने के बाद मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। बताया गया कि शंभू पुत्र नरेंद्र प्रजापति द्वारा अपने रिंकू प्रजापति 22 की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरी में उसने बताया कि उसका भाई अपने गांव के दो युवकों के साथ में तालाब में मछली मारने के लिए गया था। शाम के समय गांव के ही रामरक्षा के साथ उरमौरा से शराब लेकर ग्राम भगवारी के रिंकू वैश्य, पूजन गोंड़ के साथ गांव में ही शराब पीने के दौरान ही कुछ विवाद होना बताया। पुलिस द्वारा भी काफी खोजबीन की गई थी लेकिन रिंकू का पता नहीं चल सका। इस क्रम में रविवार की सुबह रिंकू प्रजापति का छोटे तालाब में उतराता शव मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जतायी है। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## भारतीय संविदा श्रमिक संगठन ने की शोक सभा

**ओबरा।** भारतीय संविदा श्रमिक संगठन कार्यकर्ताओं ने रविवार को गांधी मैदान स्थित कार्यकाल पर शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें कामगार युवा नेता सुनील जायसवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के अध्यक्ष मणिशंकर पाठक ने बताया कि बीते दिनों संगठन के कर्मठ कार्यकर्ता सुनील जायसवाल के आकस्मिक निधन हो जाने की सूचना मिलने पर शोक व्यक्त कर मृतात्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के उपाध्यक्ष रणजीत तिवारी एवं महामंत्री कृष्ण कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से कहा कि श्री जायसवाल का संगठन से लगाव और सक्रियता सदैव संगठन कार्यकर्ता के लिए स्मरणीय रहेगा और इस अपूरणीय क्षति की भरपाई कभी नहीं की जा सकती। शोक सभा में आलोक पांडे, करामात अली, श्यामजी मिश्रा, परवेज अहमद, जय शुक्ला, गुड़िया, राजवंती देवी, रेखा, तारकेश्वर शुक्ला, राजू भारती, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# पारदर्शिता के साथ ससमय पूर्ण करें विकास कार्य : सीडीओ

**बैठक**

**सीएम के विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की सीडीओ ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की समीक्षा**


बैठक को संबोधित करती सीडीओ

**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की सीएम डैशबोर्ड पर कार्यों की प्रगति की बिंदूवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सीएम डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की।

सीडीओ ने डीसी एनआरएलएम विभाग द्वारा समूह की महिलाओं को बैंकों द्वारा ऋण वितरण की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर डीसीएनआरएलएम को कार्य पद्धति में सुधार लाने व ऋण वितरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार से मुख्य विकास अधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत धनराशि भुगतान की प्रगति समीक्षा में भुगतान की प्रगति धीमी पायी, जिस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये, निर्माण कार्य को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये, अन्यथा की स्थिति में जिस स्तर से कमी पायी जायेगी उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर पर पत्राचार किया जायेगा। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल देव पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# संत कीनाराम महिला पीजी कॉलेज शिक्षा का प्रकाश स्तम्भ: राधिका पटेल


मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते डॉ. गोपाल सिंह

**सोनभद्र।** संत कीनाराम महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राबर्ट्सगंज का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका सिंह पटेल ने मां सरस्वती व संत कीनाराम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अघोराचार्य संत कीनाराम महोत्सव के आलोक में आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने जबरदस्त भागीदारी सुनिश्चित करते हुए लोगों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि संत कीनाराम महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय जनपद में महिला शिक्षा का एकमात्र प्रकाश स्तम्भ है। जब कोई लड़की शिक्षित होती है तो उससे दो परिवार शिक्षित होते हैं। महिला को शिक्षित करने का काम बड़े यज्ञ को संपन्न करने जैसा है। अध्यक्षता कर रहे निदेशक डा. गोपाल सिंह ने कहा कि बालिकाओं की सुविधा के लिए इस महाविद्यालय को शहर के मध्य में स्थापित किया गया है, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर समाज व राष्ट्र के विकास में अपनी सशक्त भागीदारी दे सकें। कहा कि महिला महाविद्यालय की स्थापना के समय यह प्रयास था कि नक्सल प्रभावित पिछड़े जिले में उच्च शिक्षा की नींव डाली जाय, जिससे यहां की छात्राएं भी समाज की मुख्यधारा में जुड़ सकें। शिक्षित समाज ही निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। इस दौरान हरियाणा का हरियाणवी, गुजरात का डांडिया, मिर्जापुर की कजरी, बिहु, रासलीला, कत्थक, लघु-नाटिका, नृत्य नाटिका, गीत-संगीत के साथ स्थानीय परिवारिक लोक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष, आरएसएस के विभाग प्रचारक उपेंद्र व जिला कार्यवाह बृजेश व को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर निदेशक ने सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सैब्या सिंह, अर्चना त्रिपाठी, महिमा मिश्रा, संजू मिश्रा, खुशबू, चंचल केशरी, सुधा पाण्डेय, सीमा मौर्या, सुमन तिवारी, कुसुम पटेल, दीपिका त्रिपाठी, दीपाली पाण्डेय ने सहयोग दिया।

# जरूरतमंदों को कम्बल वितरित कर मनाया 68वां जन्मदिन



महिला को कंबल देतीं सुरेंद्रा कुमारी धीमान

**बीजपुर।** हिमांचल प्रदेश के कांगड़ा जनपद निवासी पूर्व सेनाधिकारी ने अपनी 68 वर्षीय पत्नी सुरेंद्रा कुमारी धीमान का जन्मदिन रविवार को परिवार संग सिरसोती गांव में गरीबों के बीच कम्बल वितरण कर मनाया। सेनाधिकारी अपने पुत्र एवं पुत्र वधू के यहां एनटीपीसी रिहंद परियोजना में दो माह के लिए अवकाश पर आए हैं। इस बीच जन्मदिन के अवसर पर परिवार के साथ सिरसोती गांव में गरीब और जरुरतमंदों के बीच कम्बल वितरित किया। बता दें कि सुरेंद्रा कुमारी धीमान पति पूर्व सेनाधिकारी नरेश कुमार धीमान के पुत्र अमित धीमान एवं पुत्रवधू हिमलिनी धीमान एनटीपीसी रिहंद परियोजना में उप महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। सुरेंद्रा धीमान ने समाज को सार्थक संदेश दिया, बल्कि समाज के गरीब और असहाय वर्ग की मदद करने का संकल्प भी लिया। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना है और गरीबों की मदद कर उन्हें ठंड से राहत दिलाना है।

# मेडिकल चेकअप कैंप में 37 मरीजों की हुई जांच

जनसंदेश न्यूज


कैंप में मरीजों की जांच करते चिकित्सक

**डाला।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन सेक्टर सी हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को महामना हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर द्वारा नगर निवासी किरन कुमारी के नेतृत्व में फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान हड्डी रोगियों के घुटना दर्द, पुराना से पुराना कमर दर्द, गला दर्द, स्पाईन सर्जरी, साइटिका, हीप रिप्लेसमेंट, लिगामेंट सर्जरी के 137 मरीजों का चेकअप कर दवा वितरण किया गया। डा. विशाल वर्मा एमबीबीएस, एमएस ऑर्थो ने बताया कि महामना हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर अशोक पुरम कालोनी डाफी वाराणसी द्वारा यह फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया है, जिसका उद्देश्य गरीब असहाय लोगों की सेवा करना है।

आगे भी जनपद के विभिन्न क्षेत्रो में समय-समय पर निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर डा. विशाल वर्मा, सुमित पांडेय, संदीप तिवारी, अक्षय कुमार सिंह, कमलेश मौर्या, सीमा मौर्या, किरन कुमारी, प्रदीप, सुमंत कुमार मौर्या, सुभाष राव अम्बेडकर, सुधीर पाठक, कुमारी पूजा, आरती कुमारी, नागेंद्र पासवान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# नकलविहीन संपन्न करायी गई राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा

**परीक्षा सपन्न**

**प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट रहे तैनात**


राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज की ओर से आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा रविवार को जिले में नकलविहीन सकुशल सम्पन्न करायी गई। इस दौरान पंजीकृत 3840 के सापेक्ष प्रथम पाली में 1617 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं द्वितीय पाली में 1611 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। सभी केंद्रों पर शुचिता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी गई। वहीं सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट निगाह बनाए रहे।

जिले में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण कराने के लिए कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में करायी जाएगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक हुई। इस दौरान पंजीकृत 3840 के सापेक्ष प्रथम पाली में 1617 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 2223 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। जबकि द्वितीय पाली में 1611 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया और 2229 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे पुलिस कर्मियों और केन्द्रों पर ड्यूटरत कर्मियों ने बकाएदे परीक्षार्थियों के मूल पहचान प्रमाण पत्र और प्रवेश पत्रों का मिलान किया। इसके बाद ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगा रहा। उच्चाधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का चक्रमण भी किया।

# अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व व कृत्यों पर डाला प्रकाश

जनसंदेश न्यूज


पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में निबंध बोलती छात्रा

**चंदौली।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह के तहत पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में जनपद स्तरीय एकल काव्य-पाठ, भाषण, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका शुभारम्भ प्राचार्य डा. सुकृति मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद प्रतियोगिता विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। साथ ही अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर एकल काव्य-पाठ प्रतियोगिता में पंडित कमलापति पीजी कालेज की आदिशक्ति ने प्रथम, दिव्य शक्ति ने द्वितीय और अनामिका पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में शहीद हीरा सिंह राजकीय पीजी कोज के अत्कर्ष सिंह प्रथम, पंडित कमलापति त्रिपाठी कालेज की दिव्य शक्ति द्वितीय और राजकीय महिला महाविद्यालय सैयदराजा की खुशी सिंह को तृतीय स्थान मिला। जबकि निबंध प्रतियोगिता में उच्च माध्यमिक विद्यालय पचोखर के अंकित प्रथम, राजकीय इंटर कालेज चकिया के आदित्य नारायण द्वितीय और किसान इंटर कालेज सैदूपुर की शिल्पी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्य डा. सुकृति मिश्रा ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। वहीं विजेता प्रतिभागियों की घोषणा किया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व व कृत्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विजेता प्रतिभागियों को शासन की तरफ से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके तहत प्रथम स्थान पाने वाले को 10 हजार, द्वितीय स्थान को 5 हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को 2500 रुपए घोषित की गई है। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की स्वामी जयंती पर वितरित किया जाएगा। इस मौके पर डा. रीतू खरवार, डा. अरविंद कुमार, अशोक यादव, कन्हैया लाल भारती, रवींद्र यादव, अमित कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. रविकांत भारद्वाज और धन्यवाद ज्ञापित प्रोफेसर डा. पंकज कुमार झा ने किया।

## संक्षेप

### आरपीएफ ने डॉग स्क्वायड के साथ चलाया चेकिंग अभियान



**डीडीयू नगर।** स्टेशन पोस्ट रेलवे सुरक्षा बल ने डॉग स्क्वायड के साथ के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान रेलवे स्टेशन के साथ ही अप और डाउन की ट्रेनों में भी संदिग्धों व्यक्तियों व सामानों की तलाश की गई। यात्रियों को सावधान रहने और किसी प्रकार की लावारिश वस्तु अथवा संदिग्ध व्यक्ति की सूचना सुरक्षा बलों को देने का आह्वान किया। आरपीएफ डीडीयू पोस्ट निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में आरपीएफ के जवानों ने डॉग स्क्वायड के साथ रेलवे स्टेशन के आठों प्लेटफार्म, आने जाने वाली गाड़ियों, प्रतीक्षालय, फूट ओवर ब्रिज, पार्सल कार्यालय, सकुर्लेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया में जांच की गई। अभियान में एसआई अर्चना मीणा, एएसआई मिथिलेश कुमार सिंह, आरक्षी भूपेंद्र यादव, अशोक यादव, रमेश पाल आदि काफी संख्या में जवाब शामिल रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**डीडीयू नगर।** नगर क्षेत्र के शाह कुटी श्री काली मंदिर स्थित अन्नपूर्णा वाटिका सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर रविवार को प्रातः दस बजे से संस्कृति संजीवनी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग पांच सौ लोगों ने शुगर ,ईसीजी, खून जांच सहित स्वास्थ्य जांच करा दवा वितरण किया गया। व्यास पीठ से श्रीमद् भागवत व श्री मानस मर्मज्ञ अखिलानन्द महाराज ने भगवान के सुंदर चरित्र का वर्णन किया। मौके पर उपेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह, संतोष शर्मा, यज्ञनारायण सिंह, कन्हैयालाल जायसवाल, छाया पाण्डेय, रेखा अग्रवाल, विकास चौबे, आलोक पांडेय, वैभव तिवारी बेचन पांडेय, भागवत नारायण चौरसिया, बंटी सिंह, मिथलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। संतोष पाठक, मनोज श्रीवास्तव, अतुल दूबे, सुमित सिंह, विकास चौबे, आदि लोग उपस्थित रहे।

### एसपी ने 6 उपनिरीक्षकों का कार्य क्षेत्र बदला

**चंदौली।** कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए शनिवार को एसपी ने 6 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया साथ ही सभी उपनिरीक्षकों को अपने- अपने कार्य क्षेत्र में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया। इस दौरान नवही चौकी प्रभारी सूरज सिंह को इलिया कस्बा चौकी प्रभारी बनाया गया। वही सदर कोतवाली ने तैनात अमित कुमार मिश्रा को मोहर गंज चौकी प्रभारी बनाया गया। अलीनगर जफर पुरवा चौकी तैनात मनीष कुमार को नौगढ़ थाना क्षेत्र के अमहदा चौकी प्रभारी बनाया गया। थाना चकिया पर तैनात गिरीश चंद्र राय को जफर पुरवा चौकी प्रभारी बनाया गया। मोहर गंज चौकी प्रभारी सूर्य प्रताप को चकिया थाने में तैनात किया गया। पुलिस लाइन में तैनात संतोष तिवारी को चौकी प्रभारी नवही बनाया गया। साथ ही सभी उपनिरीक्षकों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया।

### 15000 रुपये का इनामिया गिरफ्तार

**नियामताबाद।** प्रभारी निरीक्षक अलीनगर विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अलीनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अलीनगर पर वांछित अभियुक्त व 15000 रुपये का इनामिया अभियुक्त अजय साहनी उर्फ अनन्त साहनी पुत्र सुक्खू साहनी निवासी मुडादेव थाना रोहनिया जनपद वाराणसी को महादेव मन्दिर धवपुर जिला वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अरविन्द सोनकर तेज बहादुर राम सम्मिलित रहे।

### कम्पनी के उत्पादों व नवीन शोधों की दी जानकारी


समारोह में डायरेक्टर डा. विजेंद्र प्रताप सिंह सम्मानित करते लोग

**चंदौली।** होम्योपैथिक एमडी होमियो लैब गाजीपुर एवं आरोग्य स्टोर्स चंदौली द्वारा मुख्यालय स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें जिले के 50 से अधिक होम्योपैथिक चिकित्सकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कम्पनी के डायरेक्टर डा. विजेंद्र प्रताप सिंह ने कम्पनी के उत्पादों एवं नवीन शोधों की जानकारी दी। वहीं एनडीएचएल की डाक्यूमेंट्री वीडियो भी दिखाई गई। समारोह में डा. विजेंद्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. अभय कुमार सिंह, डा. संतोष तिवारी, डा. उस्मान आरिफ, डा. सत्येंद्र यादव, डा. कन्हैया लाल मौर्या, डा. गणेश पांडेय सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। अध्यक्षता आरोग्य होमियो स्टोर के प्रोफेसर सुहैब अहमद एवं गुड्डू ने संयुक्त रूप से किया।

### सकलडीहा में अज्ञात वाहन और बुलेट की आमने सामने टक्कर, एक की मौत दो घायल, मचा कोहराम

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के नरैना गांव के समीप बुलेट और अज्ञात वाहन की टक्कर हो गई है।इसमे एक बुलेट सवार एक कि मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल।तीनो को एम्बुलेस की मदद से सकलडीहा सीएचसी पर लाया गया।जहा चिकित्सक के इलाज के दौरान जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हृदयपुर गांव निवासी तीनो मित्र रविकांत कुमार (31) पुत्र राजू अभिषेक कुमार (24)पुत्र राजेन्द्र,व चंद्रदेव कुमार (30) पुत्र सुरेंद्र अपने करीबी रिस्तेदार धनउर से अपने घर हृदयपुर जा रहे थे।की जैसे ही नरैना गांव के समीप पहुचे।किसी चार पहिया अज्ञात वाहन से आमने-सामने की इनकी टक्कर हो गई।जिसमें तीनो बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े।आनन-फानन में ग्रामीणो के सहयोग से सकलडीहा सीएचसी लाया गया जहां तीनो को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद रविकान्त (31)को मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर में एक कि मौत हुई है व दो बुरी तरह जख्मी है।

# कंपोजिट विद्यालय दैथा में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

जनसंदेश न्यूज


कंपोजिट विद्यालय दैथा में वार्षिकोत्सव छात्रा को सम्मानित करते अतिथिगण।

**कंदवा।** चहनियां पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय दैथा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महंत सुदर्शन दास ने मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण समारोह को प्रारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक एवं ग्रामवासी ने हर्षोउल्लास के साथ विद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने कलाओं का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुदर्शन दास ने बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को विद्यालय और समाज के मध्य एक आवश्यक कड़ी के रूप में इंगित किया। विशिष्ट अतिथि आदर्श शिक्षक बलराम पाठक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। और विद्यालय परिवार समाज के साथ परस्पर सहभागी होता है।

साथ ही साथ शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक परस्पर एक दूसरे की संपर्क और सहयोग में होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमरनाथ राम, साहब पांडेय, ममता उपाध्याय, जगजीवन राम, अख्तर आजाद, उधम सिंह, अभय कुमार, राकेश कुमार, अखिलेश यादव, शिव जन्म पांडेय, अवधेश श्रीवास्तव, संदीप कुमार, मंगला प्रसाद, गोपाल प्रसाद अरमदन यादव आदि उपस्थित रहे।

### बरठी के महेश्वर सिंह रेलवे बोर्ड में बने महानिरीक्षक

**धीना।** सकलडीहा विकास खंड के बरठी ग्राम के निवासी तथा भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा (आई आर पी एफ एस) के 1998 बैच के वरिष्ठ अधिकारी महेश्वर सिंह पदोन्नति के उपरान्त रेलवे बोर्ड भारत सरकार में महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित किए गए हैं। महेश्वर सिंह ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा राष्ट्रीय विद्या मंदिर, बरठी एवं सकलडीहा इंटर कॉलेज से पूर्ण करने के उपरांत इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की एवं सिविल सेवा परीक्षा, 1998 के माध्यम से भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा में चयनित हुए ।वे पूर्व में रेलवे सुरक्षा बल के जोधपुर, दानापुर, सोनपुर, खड़गपुर तथा रांची मण्डलों में मण्डल सुरक्षा आयुक्त तथा जबलपुर एवं रेलवे बोर्ड में उपमहानिरीक्षक पद पर पदस्थापित रहे हैं। जिनको 2006 में डीजी इनसिग्निया 2008 में भारतीय रेलवे का सर्वोच्च पुरस्कार नेशनल अवार्ड फॉर आउटस्टैंडिंग सर्विस तथा इसी वर्ष 2024 में भारतीय पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। इन्हें विभिन्न मंडलों में कुल 8 बार सिक्योरिटी शील्ड मिला है। जो कि एक रिकॉर्ड बड़े भाई राजेश्वर सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के राजस्थान कैडर के अधिकारी हैं व हाल ही में राजस्थान रेवन्यू बोर्ड के चेयरमैन पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

# पेयजल सप्लाई की पाइप एक पखवाड़े से क्षतिग्रस्त



**नियामताबाद।** आलमपुर गांव में पेयजल की पाइप एक पखवाड़ा से टूट जाने के कारण मुख्य मार्ग पर पानी पसरने के साथ-साथ दूषित पानी दे रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। अलीनगर पानी टंकी से अलीनगर सहित आलमपुर में भी पेयजल सप्लाई लगभग डेढ़ दशक से किया जा रहा है। लेकिन इन दिनों आलमपुर गांव में ही पेयजल सप्लाई की पाइप लगभग एक पखवाड़ा से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे पानी मुख्य मार्ग से बह रहा है। इसके साथ ही पूरी क्षमता से गांव में पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। वही दूषित पानी पीने को ग्रामीण मजबूर है। जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से किया लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसको लेकर गांव के सुरेश मास्टर,नंदलाल यादव, कैलाश एड ,आजाद यादव, राकेश यादव, नंदलाल, रामराज सहित दर्जनों लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए चेताया कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

# गर्म खाना व गुनगुना पानी बच्चों के लिए लाभदायक

जनसंदेश न्यूज



**चंदौली।** ठंड के मौसम में बच्चों की सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। खासकर छोटे बच्चों के लिए यह मौसम बहोत खतरनाक होता है। ठंड के मौसम में बच्चों की इम्यून सिस्टम ठीक तरह से विकसित नहीं होती है। जिससे वो सामान्य बीमारियों की चपेट ने आ सकते हैं। ठंड मौसम में परिजनों को सुबह-शाम बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उक्त बातें आदित्य मैटर्निटी हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति विशेषज्ञ डॉ विजय लक्ष्मी पांडेय ने कही।

उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों को गर्म खाना और गुनगुना पानी देना लाभदायक होता है। पानी की कमी से बच्चों को बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए तरल पदार्थ जैसे दूध, सूप और पानी अधिक मात्रा में दें। शिशु के संपूर्ण विकास के लिए पोषण का विशेष ध्यान रखें इस मौसम में बच्चों को को गर्म कपड़े पहनाना और उनके हाथ-पैर को ढककर रखना बेहद जरूरी है। ठंड के मौसम में बच्चों के माता पिता दोपहर में गर्मी महसूस होते ही उनको ठंडे पानी से नहला देते हैं। और शाम को अचानक सर्दी शुरू होते ही तो वे ठंड की चपेट में आ जाते है। इससे उनको खांसी और बुखार जैसी बीमारियां होने लगती है। इस पर बच्चों पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। साथ ही ठंडे पानी और ठंडी हवा से चाहिए। बच्चों की नाजुक त्वचा को सर्दी में होने वाले चकतों से बचाने के लिए त्वचा की नमी को बनाए रखें। छोटे बच्चों को घर के अंदर रखें। बस छत पर धूप सेंकने के लिए भेजे।

### एसडीओ व जेई बिजली उपभोक्ताओं को करेंगे जागरूक

**चंदौली।** विद्युत वितरण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत सोमवार को बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेने व उनको जागरूक करने के लिए जिले के विभिन्न गांवों में कैम्प आयोजित किया जाएगा 23 दिसंबर को बिजली अधिकारियों द्वारा सिकरी बरियाॅ जन्सो कि मडई देवई तारापुर धनऊर चंदाइत बबुरी सिकन्दरपुर मुबारकपुर बरबसपुर प्रीतमपुर पखनपूरा अमांव गांव में बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। अधिशासी अभियंता अरबिंद कुमार यादव ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेने के लिए अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कैंप लगाया जा रहा है। जिससे बिजली उपभोक्ता छूट का लाभ मिल सकें। इस दौरान उपखंड अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव, अमर सिंह पटेल, संतोष कुमार, मिथलेश कुमार बिन्द, अवर अभियंता सुनील कुमार पासवान, अभिषेक सिंह, दीपक दास, अमीत शेखर, राज कुमार, मोहम्मद शाहीद, प्रदीप कुमार यादव, जयप्रकाश, मनोज कुमार विश्वकर्मा, रवि शंकर प्रजापति, उपेन्द्र कुमार, मेराज खान, संजीव कुमार, विनोद कुमार, मौजूद रहेंगे।

# 400 मीटर चकरोड का निर्माण कार्य शुरू


ककरही कला में चकरोड का कार्य करते मजदूर

**नियामताबाद।** शासन द्वारा मनरेगा के तहत गांव के विकास के साथ-साथ मजदूरों को रोजगार से जोड़ने का मुहीम चलाया था। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण धीरे-धीरे मनरेगा से लोगों का मोह भंग होता जा रहा है। बावजूद इसके विकास खंड सकलडीहा के तारापुर ग्राम पंचायत के ककरही कला गांव में ग्राम प्रधान द्वारा गांव को रिंग रोड से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बनाने का काम इन दिनों युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन के साथ-साथ खेती बाड़ी में काफी लाभ मिलेगा। विकास खंड सकलडीहा के तारापुर ग्राम पंचायत के ककरही कला गांव के पास से रिंग रोड गुजर रही है। लेकिन गांव को जोड़ने वाला रिंग रोड से एक भी मार्ग नहीं था। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम प्रधान विनीता देवी ने रामाश्रय के खेत से रिंग रोड को जोड़ने के लिए लगभग 400 मीटर चकरोड का निर्माण शुरू कर दिया है। इसमें लगभग 50 मजदूर प्रतिदिन कार्य भी कर रहे हैं। मनरेगा द्वारा कराये जा रहे इस कार्य से गांव को एक मुख्य मार्ग मिल ही रहा है साथ में मजदूरों को रोजगार भी मुहैया कराया जा रहा है। जिससे अवागमन के साथ-साथ ग्रामीणों को खेती-बाड़ी करने में भी काफी आसानी हो जाएगी। अब तक ग्रामीणों को रिंग रोड पर जाने के लिए काफी दूरी तय कर आवागमन करना पड़ता था। काम में लगे मजदूर अरुण कुमार, धनंजय, ओम प्रकाश, नखडू यादव, मुन्नू चौहान, तेतरा देवी आदि ने बताया कि गांव के विकास के साथ-साथ हम लोगों को रोजगार भी गांव में ही मिल रहा है।

# बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च में शामिल होने के लिए फूंका बिगुल


नगर भ्रमण करते कांग्रेसी

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेसजनों ने काली महाल, शाहकुटी, हनुमानपुर, लाठ 2 में जन चौपाल लगाया। कांग्रेस ने भ्रमण कर लोगों से मंगलवार 24 दिसंबर को बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च में शामिल होने का अनुरोध किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने बीते दिनों संसद की गरिमा को जिस तरह आहत किया। उससे भाजपा का लोकतंत्र एवं संविधान विरोधी चेहरा एक बार फिर बेनकाब हो गया है। राहुल गांधी पर झूठी एफ आई आर दर्ज करवाकर भाजपा समझती है।

कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के हमारे संकल्प को तोड़ देगी। यह उसकी गलत फहमी है। देश को एकता, समानता और अखंडता के सूत्र में बांधने वाले हमारे संविधान की रक्षा के लिए, बाबा साहेब के आदर्शों की रक्षा के लिए कांग्रेस अडिग होकर खड़ी है। कांग्रेस जनों ने मांग किया कि गृह मंत्री को तत्काल देश के इतने अहम पद से बर्खास्त करना चाहिए और अमित शाह को देश से माफी मांगना चाहिए। इस दौरान रामजी गुप्ता, नेहाल अख्तर, डा.नंदलाल, तारिक अब्बास, धर्मवीर, नितेश जैश, सुनील कुमार, प्रेम नाथ जैस, अजीत पासवान, कमलेश जैस, सचीन जैस, अभिषेक कुमार, पिंटू कुमार, विश्वकर्मा रावत, राहुल रावत, अखिलेश कुमार, अंकित कुमार, लल्लन राम, राजेन्द्र, शान्ती देवी, कलावती देवी, महेश कुमार, सिराजुद्दीन, अमरनाथ, सुरेन्द्र कुमार, मुन्ना, राजेन्द्र प्रसाद, अनिल कुमार, बंसलाल नेहाल अख्तर आदि लोग उपस्थित थे।

### तीन माह से धंसी सड़क कस्बावासियों में आक्रोश

**इलिया।** कस्बा स्थित मदरसा के समीप सड़क बीच में धंस गया है। तीन माह बीत गए मगर इसे मरम्मत किए जाने की दिशा में आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे कस्बा के आसपास रहने वाले लोगों का जीवन नारकीय बना हुआ है। वहीं सड़क बीच में धसने से दुर्घटना होने का खतरा भी बना हुआ है। लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले वर्ष मदरसा के समीप सड़क का निर्माण किया गया था। उस वक्त लोगों के घरों के पानी निकासी के लिए सड़क के बीच से सर्विस पाइप लगाया गया था। निर्माण के वक्त मानक के विपरीत कार्य करने से सड़क बीच में धंस गई। जिसके कारण सर्विस पाइप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। जिससे गंदे नाली का पानी पाइप द्वारा निकालना मुश्किल हो गया है। पिछले तीन माह से पानी जाम रहने से नालियां बजबजाने लगी हैं।वहीं सड़क धंसने से आवागमन करने वाले लोगों को दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। कस्बा के कैलाश मोदनवाल, अजय मोदनवाल, ओमप्रकाश मोदनवाल, अशोक गुप्ता, छेदी सोनकर, नितेश गुप्ता, खुर्शीद हाफिज, पारस सिंह मैं चेतावनी दिया है कि टूटे सर्विस पाइप तथा मार्ग का निर्माण शीघ्र नहीं कराया गया तो आंदोलन करने को विवश होना पड़ेगा।

# जमीन विवादः दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे आधा दर्जन लोग घायल

**नौगढ़।** भरदूआं गांव में रविवार को जमीन संबंधी पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे से मारपीट हो गई। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए जाने पर एक महिला की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया रेफर कर दिया। नौगढ़ थाना क्षेत्र के भरदुआ गांव में रविवार को जमीन संबंधी पुराने विवाद को लेकर गांव निवासी जितेन्द्र यादव व लक्षिमन यादव के बीच हुई कहासुनी में लाठी डंडे से मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के रामविलास 45 वर्ष पुत्र हीरामन यादव अजय 30 वर्ष पुत्र राजेंद्र बिरंजी देबी 50 वर्ष पत्नी कालीचरण अमरावती 30 वर्ष पत्नी अनिल कुमार रमाशंकर 25 वर्ष पुत्र श्यामलाल हीरावती 30 वर्ष पत्नी विजय कुमार व दूसरे पक्ष से पुष्पा देवी 48 वर्ष पत्नी लक्ष्मण यादव उम्र लगभग 48 वर्ष घायल हो गए। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ में भर्ती कराये जाने पर पुष्पा देवी पत्नी लक्षिमन यादव की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा। सीओ आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि भरदूआं गांव के समीप आरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा दखल करने को लेकर के दोनों पक्षों में कायम पुराने विवाद में करीब एक पखवाड़े पूर्व दोनों पक्षों से लगभग दो दर्जन लोगों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया गया था। पूर्व में एक पक्ष के 19 व दूसरे पक्ष के 13 लोगों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई किया गया है।

### मेलबर्न में कोहली खत्म कर देंगे सचिन की बादशाहत



**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने जब क्रिकेट को अलविदा कहा तो सभी के मन में एक सवाल था। सवाल ये था कि सचिन ने दो रिकॉर्ड बनाए हैं उन्हें कौन तोड़ेगा? वक्त के साथ इस रेस में एक नाम सबसे आगे रहा है। वो नाम है भारत के ही विराट कोहली। कोहली अपने आदर्श सचिन के कई रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं और कई रिकॉर्ड तोड़ने की राह पर हैं। ऐसा ही एक रिकॉर्ड कोहली मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जाने वाले मैच में अपने नाम कर सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुरू हो रहा है। इस बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच में सभी की नजरों में एक बार फिर कोहली होंगे।

# राहुल के बाद अब चोटिल हुए कप्तान रोहित



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चोटिल हो गए हैं। रोहित को रविवार को अभ्यास के दौरान घुटने में चोट लगी है। दरअसल, रोहित थ्रो डाउन विशेषज्ञ के साथ अभ्यास कर रहे थे, तभी गेंद उनके पैड को छूते हुए घुटने पर जा लगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में 26 दिसंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा मुकाबला खेला जाना है और इसके चार दिन पहले ही रोहित का चोटिल होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय टीम की नजरें अगले टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज में बढ़त हासिल करने पर टिकी होगी। रोहित से पहले भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल भी अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे। राहुल के हाथ में चोट लग गई थी जिसके बाद फिजियो को मैदान पर आना पड़ा था।

सोशल मीडिया पर रोहित की तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें वह अपने घुटने में आईस पैक लगाते दिख रहे हैं। रोहित इस सीरीज में फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। अभी तक यह पता नहीं चला है कि रोहित की चोट कितनी गंभीर है, लेकिन अभ्यास के दौरान वह दर्द में दिखे। वहीं, राहुल की चोट को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है और टीम प्रबंधन ने भी इस बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है कि उन्होंने चिकित्सा सहायता क्यों मांगी। राहुल मौजूदा दौरे पर फॉर्म में हैं, उन्होंने छह पारियों में 47 के प्रभावशाली औसत से 235 रन बनाए हैं।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने रोहित और राहुल की चोट को लेकर चिंताओं को खारिज किया है। अभ्यास सत्र के दौरान जब आकाश दीप से रोहित की चोट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हो तो चोट लगती ही है। यह चिंता का विषय नहीं है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया पर भारी है। पिछले 10 वर्षों में टेस्ट में यह ग्राउंड भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर 2014 से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल तीन मुकाबले खेले हैं और उसे दो में जीत मिली है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। वहीं, पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम पिछले 10 वर्षों में एमसीजी पर भारत के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी है। यह आंकड़े भारत के लिए राहत देने वाले हैं क्योंकि टीम की नजरें बढ़त हासिल करने पर टिकी हुई हैं।

## पूर्व मुख्य कोच शास्त्री ने रोहित शर्मा को दी सलाह

**रणनीति में बदलाव कर आक्रामक रुख अपनाने कहा**

**शास्त्री बोले - रक्षात्मक मानसिकता से दूर रहें रोहित**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने मेलबर्न टेस्ट से पहले कप्तान रोहित शर्मा को सलाह दी है। शास्त्री का कहना है कि रोहित को स्पष्ट मानसिकता के साथ उतरना चाहिए और अपनी रणनीति में बदलाव कर आक्रामक रुख अपनाना चाहिए। मालूम हो कि रोहित पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में प्रभावित नहीं कर पाए हैं।

रोहित ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में नहीं खेले थे क्योंकि वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पितृत्व अवकाश पर थे। रोहित की अनुपस्थिति में पहले टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल ने पारी का आगाज किया था। इन दोनों की जोड़ी हिट रही थी जिसके बाद रोहित ने इस संयोजन को नहीं छेड़ने का फैसला किया था। रोहित दूसरे मैच से पहले टीम से जुड़े थे और उन्होंने एडिलेड तथा गाबा टेस्ट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी, लेकिन वह सफल नहीं हुए थे।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू कार्यक्रम में कहा, मैं रोहित शर्मा को अच्छा करते हुए देखना चाहूंगा। उनकी रणनीति में थोड़ा बदलाव होना चाहिए क्योंकि वह अब भी इस छठे नंबर पर बेहद खतरनाक हो सकते हैं। मुझे लगता है कि उसे अपनी मानसिकता में बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि वह मैदान पर जाकर विपक्षी टीम पर आक्रमण करे और किसी और चीज की चिंता नहीं करे।

शास्त्री को लगता है कि रोहित को रक्षात्मक मानसिकता से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा, आप उनसे बस यही चीज नहीं चाहते कि उनके मन में दो तरह के विचार रहें कि उन्हें बचाव करना है या आक्रमण करना है। मुझे लगता है कि उन्हें आक्रमण करना चाहिए। उन्हें इस नंबर पर विपक्षी टीम पर आक्रमण करना चाहिए क्योंकि अगर वह पहले 10-15 मिनट तक क्रीज पर टिके रहते हैं तो वह अपना स्वाभाविक खेल क्यों नहीं खेलते? उन्हें प्रतिद्वंद्वी टीम के गेंदबाजों पर आक्रमण करना चाहिए।



उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह फॉर्म में वापसी करने का ही नहीं बल्कि भारत के लिए मैच जीतने का भी सबसे अच्छा तरीका होगा क्योंकि यह महत्वपूर्ण नंबर है। दुनिया में सर्वश्रेष्ठ छठे नंबर के बल्लेबाज जानते हैं कि जवाबी हमला कैसे करना है। वे हालात को अच्छी तरह से समझते हैं। लेकिन अगर बहुत विकेट गिर गए हैं तो शायद थोड़ी देर के लिए आपको सावधान रहना होगा। आक्रामकता में बहुत देर नहीं होनी चाहिए।

## 'गाबा टेस्ट के बाद बढ़ा है भारतीय टीम का आत्मविश्वास'

### आकाश दीप ने सीरीज को लेकर रखी राय

**मेलबर्न।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप का कहना है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम दो टेस्ट से पहले सीरीज बराबरी पर है जिस कारण दोनों टीमों के चांस 50-50 है। आकाश दीप ने रविवार को अभ्यास सत्र के दौरान मीडिया से बातचीत की और टीम के माहौल के बारे में बताया। भारतीय तेज गेंदबाज का कहना है कि ब्रिसबेन के गाबा में खेले गए तीसरे टेस्ट के बाद टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। आकाश दीप ने कहा कि गाबा में फॉलोऑन बचाने के बाद टीम का माहौल चियरफुल है। भारतीय टीम पर गाबा टेस्ट में हार का खतरा मंडरा रहा था और टीम ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी में काफी पीछे थी। एक समय टीम के सामने फॉलोऑन का खतरा था, लेकिन आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह ने अंतिम विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी कर फॉलोऑन बचाया था जिससे ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस मैच में बारिश का साया रहा और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

### दो ट्रकों की आपस में टक्कर, चालक की मौत, एक गंभीर

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चांदपुर गांव के निकट पोल संख्या 337 पर दो ट्रकों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में एक चालक की मौत हो गई। वहीं दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। बतादें, देवरिया जिले के थाना बघौत घाट के कोटवा मिश्र निवासी चालक आलियास अंसारी पुत्र गुमानी अंसारी उम्र लगभग 45 वर्ष देवरिया से बालू लेने के लिए बक्सर बिहार जा रहे थे। उनके साथ देवरिया जिले के कोपरपट्टी दूसरा चालाक सत्य प्रकाश राव उम्र 28 वर्ष भी जा रहे थे। इस बीच पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चांदपुर गांव के निकट पोल संख्या 337 पर अज्ञात ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में चालक आलियास अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा चालाक सत्य प्रकाश राव बुरी तरह से घायल हो गया। जिसका इलाज गोरखपुर में किया जा रहा है।सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक मालिक अनिल कुमार सिंह ग्राम मुरार छापर थाना बघौत जिला देवरिया ने थाना में अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दी है।

### बालिका वर्ग में खुशबू, बालक वर्ग में प्रेम कुमार ने मारी बाजी

**हलिया।** स्थानीय विकासखंड के भटवारी स्थित अडंगा नगर पहाड़ी पर रविवार को खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन कुश्ती, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन हुआ। आयोजक बीओ पीआरडी विमलेश कुमार वैश्य व ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने विजेता व उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र व मेंडल देकर सम्मानित किया। जूनियर वर्ग में 45 किलों वजन के हिसाब से बालिका वर्ग की कुस्ती में खुशबू विजेता व संध्या उपविजेता रही। 55 किलों बालक वर्ग में प्रेम कुमार विजेता व सोनू उपविजेता रहे। 57 किलों बालक वर्ग में राकेश विजेता व आदित्य उपविजेता रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगधारी प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रबंधक अयोध्या प्रसाद यादव तथा अध्यक्षता ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने कार्यक्रम समापन की घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र व मेंडेल दे कर खिलाडियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक बीओ पीआरडी विमलेश कुमार वैश्य ने बताया कि आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। खेल कूद प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में कुलदीप शुक्ला, गौरीशंकर यादव, राम सकल यादव, धीरेंद्र कुमार, प्रशांत, रामबाबू, राम भुवन, रतनेश रहे। प्रथम दिन कुल 20 विद्यालय व गांव के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला घायल

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर स्थित अहरौरा डीह गांव के सामने रविवार को वाराणसी से सोनभद्र जा रही कार की चपेट में आने से स्कूटी से रोड क्रास कर रही महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचीं पुलिस एव परिजन घायल महिला को उपचार के लिए लेकर निजी अस्पताल में चले गए। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बिंदपुरवा कला निवासी 33 वर्षीय आरती देवी पत्नी लोकनाथ जो मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक एनजीओ मे कार्य करती हैं। फील्ड से काम करके घर को वापस लौट रहीं थी कि कुदारन से आकर अपनी घर की तरफ जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। उसी दौरान वाराणसी से सोनभद्र जा रही कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई।

### बाइक पर सवार दर्शनार्थी को बदमाशों ने उठाया

**चील्ह मीरजापुर।** मिजार्पुर औराई मार्ग पर पुरजागीर गांव के पास बाइक से जा रहे एक दर्शनार्थी को चार बाईक पर आठ लोगों ने बाइक लर सवार दो में से एक दर्शनार्थी व बाईक की चाभी निकाल कर उठा ले गए। पुलिस के हस्तक्षेप पर लगभग दो घंटे बाद उक्त दर्शनार्थी को शास्त्री ब्रिज के पास छोड़कर फरार हो गए। जलालपुर जौनपुर निवासी निलेश कुमार कनौजिया पुत्र राम रक्षा कनौजिया अपने चार साथी रवि कनौजिया, कृष्णा कनौजिया ,अमित कनौजिया ,राज यादव के साथ रविवार की शाम साढ़े छः बजे मां विंध्यवासिनी का दर्शन कर बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे जैसे ही चील्ह थाना क्षेत्र के पुरजागीर गांव के पास पहुंचे थे कि अचानक चार बाइक पर 8 लोग सवार होकर आए और सभी बाइक सवार दर्शनार्थी साथियों को रोक कर उसमें से एक यूवक निलेश कनौजिया को अपने साथ बाइक पर बैठा कर मिजार्पुर की तरफ ले गए । घटना को देखते हुए निलेश का साथी एक बाइक का नंबर नोट कर लिए और घटना की जानकारी चील्ह पुलिस की दिया । चील्ह पुलिस ने घटना की जानकारी पाते ही बाइक नंबर के आधार पर बदमाशों से बातचीत किया। पीड़ित निलेश कुमार कनौजिया ने बताया की मिजार्पुर के किसी गली से होते हुए अनजान जगह पर ले गए और फोन करके किसी एक को बुलाया और पहचान कराया। पहचान न होने की दशा में उसे पुनः शास्त्री पुल के पास छोड़कर बाइक सवार फरार हो गए। घटना के संबंध में चील्ह थाना प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि बाइक सवार दर्शनार्थी को ले जाने वाले लोगों से किसी से विवाद हो गया था अनजाने में दर्शनार्थि को उठा ले गए थे। जिसे बाद में सकुशल छोड़ दिए । फिर भी बाइक सवार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रधानों व चौकीदारो संग की बैठक

**नौगढ़।** थानाध्यक्ष चकरघट्टा भूपेंद्र कुमार निषाद की अध्यक्षता में रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्राम पंचायतों के प्रधान व प्रतिनिधि एवं ग्राम चौकीदार मौजूद रहे।

बैठक में क्षेत्र कायम शांति व्यवस्था के बारे में आवश्यक जानकारी लेकर के ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया गया। थानाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था करना पुलिस प्रशासन का कर्तव्य व दायित्व है। जिसमें व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर के जेल भेजे जाने की कार्रवाई किया जाएगा। कहा कि गठित ग्राम सुरक्षा समितियों के सदस्य किसी भी समय थाना क्षेत्र में असुरक्षा प्रदान करने वालों के बारे में पुलिस को सूचना दे सकते हैं। जिससे तत्काल पुलिस के जवान मौके पर पहुंच कर के आवश्यक जांच पड़ताल कर अवांछनीय तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने की पहल कर सकेंगें। थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार को एक दम नहीं होने दिया जाएगा। जिसमें संलिप्तता बरतने वालों को चिन्हित कर के कार्रवाई होगी। मौजूद ग्राम प्रधानों को बताया कि गांवो में किसी पर संदिग्ध प्रतीत होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दिया जाए।



थाना परिसर में बैठक करते थानाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार निषाद

## अज्ञात वाहन और बुलेट की आमने-सामने टक्कर में एक की मौत, दो अन्य घायल

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के नरैना गांव के समीप बुलेट और अज्ञात वाहन की टक्कर हो गई है।इसमे एक बुलेट सवार एक कि मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल।तीनो को एम्बुलेस की मदद से सकलडीहा सीएचसी पर लाया गया।

जहा चिकित्सक के इलाज के दौरान जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हृदयपुर गांव निवासी तीनो मित्र रविकांत कुमार (31) पुत्र राजू अभिषेक कुमार (24)पुत्र राजेन्द्र,व चंद्रदेव कुमार (30) पुत्र सुरेंद्र अपने करीबी रिस्तेदार धनउर से अपने घर हृदयपुर जा रहे थे।की जैसे ही नरैना गांव के समीप पहुचे।किसी चार पहिया अज्ञात वाहन से आमने-सामने की इनकी टक्कर हो गई।जिसमें तीनो बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े।आनन-फानन में ग्रामीणो के सहयोग से सकलडीहा सीएचसी लाया गया जहां तीनो को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद रविकान्त (31)को मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर में एक कि मौत हुई है व दो बुरी तरह जख्मी है। जिसकी पूरी जांच की जा रही है।



### सीएम आरोग्य मेले में 1550 मरीजों का हुआ इलाज

**चंदौली।** जनपद के दो शहरी और 21 ग्रामीण स्वास्थ्य केदो पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां पर जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र के गरीबों का मुफ्त में इलाज किया गया। इसमें कल 1550 मरीज का चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रविवार को स्वास्थ्य केंद्र पर मेला का आयोजन कर गरीबों को उपचार की व्यवस्था की गई थी। इसमें कुल 1550 मरीज का इलाज किया गया। जिसमें पुरुष 671, महिला 615, बच्चे 264, संदिग्ध टीवी के नौ, स्क्रीन के 294, ब्लड प्रेशर के 44, फीवर के 69 व शुगर के 214 मेले में आए। वही मलेरिया के 28 मरीज संदिग्ध मिले,लेकिन जांच में कोई भी मरीज पॉजिटिव नहीं आया।

## बॉलीवुड न्यूज

### इंडियन आइडल 15 पर, मानसी घोष ने खास मेहमान पैराडॉक्स को दुविधा में फंसाया



**मुंबई ।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर बहुचर्चित सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल सीजन 15, क्रिसमस कॉन्सर्टनामक अपने स्पेशल एपिसोड के साथ उत्सव की खुशियां फैलाएगा। इस एपिसोड में कई सेलेब्रिटीज सीक्रेट सांताके रूप में शामिल होंगे, जो अपने पसंदीदा प्रतियोगियों के लिए उपहार लेकर आएंगे। इन सेलेब्रिटीज में मधुबंती बागची, पैराडॉक्स, भूमि त्रिवेदी, ऋषभ शर्मा, पापोन, निकिता गांधी, प्रियांक शर्मा, मियांग चांग और सीआईडी की प्रसिद्ध टीम एसीपी प्रद्युमन (शिवाजी साटम), सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत (आदित्य श्रीवास्तव), और सीनियर इंस्पेक्टर दया (दयानंद शेट्टी) शामिल हैं। इस एपिसोड के मुख्य आकर्षणों में एक प्रतियोगी मानसी घोष का खास मेहमान पैराडॉक्स को खेल-खेल में दुविधा में डाल देना था, जब उन्होंने उनसे पूछा कि उन्हें किसके साथ काम करने में ज्यादा मजा आता है बादशाह या हनी सिंह। पैराडॉक्स के हार्दिक जवाब ने दर्शकों का दिल जीत लिया: मैंने उन सभी से बहुत कुछ सीखा है। मैं आज जो भी रचनात्मकता सामने लाता हूं, उसका काफी श्रेय उन्हें जाता है। बादशाह ने भी यह बताया, हमारे बीच, हमारा सीन जो भी है, हमारे बाद जो भी आए, वो सब हमें एक ही यूनिट मानते हैं। अगली पीढ़ी के लिए, हम एक यूनिट के रूप में साथ खड़े हैं, जो आगे वाली पीढ़ी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पैराडॉक्स रफ़्तार भाई से भी सीखा है, हनी से भी सिखाया है, मुझसे भी सीखा है और ये हर किसी से सीखा है। वह जानता है कि कल्चर कैसे काम करता है, और यही इस गेम के सच्चे छात्र की पहचान है।

### होम्बले फिल्म्स ने प्रभास की फिल्म सलारः पार्ट 1 सीजफायर का मनाया जश्न



**मुंबई।** पूरे देश में सलारः पार्ट 1 सीजफायर की सफलता के बाद प्रशांत नील से बातचीत की गई। बताया कि प्रभास का एक इनपुट था, जिसने फिल्म के ड्रामे को पूरी तरह से बदल दिया। क्या आप अब वह इनपुट साझा कर सकते हैं, जो उन्होंने दिया था? प्रशांत नील का कहना है कि नहीं, मैं वह शेयर नहीं कर सकता क्योंकि वह दूसरे पार्ट में आता है। दरअसल, प्रभास ने वरदा और देव के रिश्ते को लेकर एक नया नजरिया दिया। और उसका एक हिस्सा मैंने पहले पार्ट में लिया है। सच कहूं तो, वह ड्रामा के मामले में वाकई बेहतरीन हैं। उन्हें यह समझ में आता है कि मैं केजीएफ से आया हूं। इसलिए, वह फिल्म के अहम पल पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं, बल्कि हमेशा ड्रामा पर फोकस करते हैं। फिल्म कैसे शुरू होती है और कैसे खत्म होती है, इस पर वह ध्यान देते हैं। और वह फिल्म की एंडिंग को लेकर बहुत खास था, जो अब सलार 2 बन गया है, क्योंकि हम इसे एक फिल्म के रूप में बनाने की शुरूआत कर चुके थे। वह उस एक पल को लेकर बहुत ही पर्टिकुलर थे, जो फिल्म के एंड में आता है, और उस पल ने पूरे ड्राफ्ट को बदल दिया। इस वजह से मैं और कुछ नहीं बता पाऊंगा। मैं कह रहा हूं, हम फिल्में बनाना शुरू करते हैं सिर्फ इंसानी रिश्तों को दिखाने के लिए। चाहे आप इसे भविष्य में कहीं दूर सेट करें या अतीत में, हर फिल्म रिश्तों पर आधारित होती है। और मुझे लगता है कि जैसे कहानी दोस्ती के बारे में उतनी ही मासूम है, वैसे ही जब वे दुश्मन बनते हैं, तो वही मासूमियत बनी रहती है। और यही सबसे दिलचस्प हिस्सा है जो मैंने लिखा है। और मुझे लगता है, मैं सलार के साथ पूरा महसूस नहीं करता, क्योंकि मैंने दूसरा हिस्सा नहीं बताया है। मैं चाहता हूं कि मुझे वह दूसरा हिस्सा बताने का मौका मिले, क्योंकि जैसा आपने कहा, मैं भी उस खास इमोशन को दिखाने के लिए बहुत ग्रीडी हूं। और मुझे लगता है कि जब वे अलग होते हैं और दुश्मन बन जाते हैं, तो वह मेरे लेखन का सबसे अच्छा हिस्सा है। वह मेरे लिए भी एक बहुत ही इमोशनल पल है। आपने इसे बहुत ही दिलचस्प तरीके से कहा। दोस्त होते वक्त जो मासूमियत है, वही मासूमियत दुश्मन बनने पर भी रहती है। मासूमियत और दुश्मन प्रशांत नील ने कहा कि हां, मैं समझता हूं, दोस्तों को कैसे अलग किया जा सकता है वह एक पल होना चाहिए। या तो यह कोई गलतफहमी होनी चाहिए, और अगर गलतफहमी है, तो वह बहुत बड़ी गलतफहमी होनी चाहिए। वरना, आप भाइयों को, बेटे और पिता को कैसे अलग कर सकते हैंअब मैं इसे एक मां और बेटे के बीच की भावना के रूप में देखता हूं। उन्हें अलग करना लगभग नामुमकिन है, चाहे जो भी गलतफहमी हो।

## किसानों के हित में स्व. जगदीश सिंह का रहा ऐतिहासिक योगदान

**नियामताबाद।** क्षेत्र के महरखा गांव निवासी किसानों के मसीहा कहे जाने वाले भाकियू के पूर्व मंडल अध्यक्ष स्व जगदीश सिंह यादव की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वही उनके व्यक्तित्व व कृत्य पर प्रकाश डाला। क्षेत्र के विश्वनाथ सिंह पीजी कॉलेज महरखा मे स्थापित भाकियू के पूर्व मंडल अध्यक्ष किसानों के मसीहा व छोटे टिकैत कहे जाने वाले स्व जगदीश सिंह यादव की दसवीं पुण्यतिथि इनके मूर्ति पर किसानों ने माल्यार्पण कर इनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का काम किया। इस दौरान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर तमाम ऐतिहासिक कार्य किए हैं। भूपौली पंप कैनाल का निर्माण कराकर क्षेत्र ही नहीं बल्कि नरवन तक पानी पहुंच कर असिंचित भूमि को सिंचित करने का काम किया है। भूपौली में पावर हाउस के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को बिजली देने का भी इन्होंने ही काम किया। इसके साथ-साथ किसानों के हित में तमाम ऐतिहासिक योगदान देकर किसानों की खुशहाली में अपना एक कदम आगे बढ़ने का काम किया करते थे। इन्होंने भारतीय किसान यूनियन के छोटे टिकैत के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर ली थी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से प्रबंधक सुभाष सिंह यादव, बद्री यादव, राम सुधार यादव, राम नगीना शर्मा, अशोक कुमार, विजय कुमार,आदित्य कुमार, जितेंद्र पासवान सहित तमाम किसान शामिल रहे।



किसान नेता स्व जगदीश सिंह यादव की दसवीं पुण्यतिथि मनाते लोग

## फुटबॉल मैच से खिलाड़ियों का होता है सर्वांगीण विकासः विजय बहादुर

**चहनियां।** बाबा कीनाराम स्पोर्टिंग क्लब रामगढ़ के तत्वाधान में चल रहे पंद्रह दिवसीय फुटबॉल मैच प्रतियोगिता के चौथे दिन मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी पूर्व शिक्षक विजय बहादुर पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि सुबास सिंह फौजी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। फुटबॉल प्रतियोगिता का चौथे दिन का मैच नादी बनाम धराव के बीच खेला गया। इस खेल के दौरान 40 मिनट का हाफ खेल गया। दोनों टीमों ने संघर्ष पूर्ण जबरदस्त मुकाबला खेला दूसरे हाफ मे नादी द्वारा धराँव को लगातार दो गोल मार कर जीत दर्ज की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाण्डेय ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल मे हार व जीत लगा रहता है। खिलाड़ियों को मैदान मे खेल भावना प्रदर्शित करना चाहिए। आज के समय में युवा परंपरागत खेलों से दूर होता जा रहा है। इस प्रकार के खेलों का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने में बेहतर अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुंशी साहनी, दीना नाथ शर्मा संतोष सिंह, रमेश सिंह अमृत प्रकाश सिंह अन्नू, दीपक साहनी पप्पू गोंड़, जय सिंह, विनय सिंह, बबलू सिंह, अशोक मौर्य, सिंपू पाण्डेय, नंदू गुप्ता, संदीप (छोटू) बरनवाल अनूप सिंह, अमित सिंह ,संदीप पाटिल, अकरम अली, सुशांत सिंह, विकास सिंह तथा समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# कड़ी सुरक्षा के बीच नौ केंद्रों पर पीसीएस (प्री) की परीक्षा संपन्न

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** कालीन नगरी में रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 कराई गयी। नौ केंद्रों पर परीक्षा में 18 मजिस्ट्रेट संग एक-एक सह केंद्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई। भदोही में 4032 परीक्षार्थियों को परीक्षा की व्यवस्था की गई थी। 12-12 अभ्यर्थियों पर एक-एक कक्ष निरीक्षक के हिसाब से कुल 336 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

बता दें कि लोक सेवा आयोग की ओर से पीसीएस प्री की परीक्षा के लिए जिले में नौ केंद्र बनाए गए थे। इसमें ज्ञानपुर, भदोही में चार-चार जबकि औराई तहसील में एक केंद्र बना है। पीसीएस-प्री की परीक्षा के लिए ज्ञानपुर तहसील में काशी नरेश राजकीय पीजी महाविद्यालय ज्ञानपुर में दो केंद्र (ए-बी), विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर एवं जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर को केंद्र बनाया गया है। भदोही में श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज भदोही, एमए समद इंटर कॉलेज भदोही, ज्ञॉनदेवी इंटर कॉलेज, भदोही गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं औराई क्षेत्र में श्री काशिराज महाविद्यालय इंटर कॉलेज औराई को केंद्र बनाया गया था। परीक्षा को सकुशल तरीके से कराने के लिए हर केंद्र पर एक सेक्टर, एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा एक-एह सह केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाई गई है।

# रेलवे स्टेशन के टेक्नीशियन मिथुन को मिला अति विशिष्ट सेवा पुरस्कार




**गोपीगंज।** रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में गोपीगंज के ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर कार्यरत मिथुन कुमार सहित पूर्वोत्तर रेलवे के चार अधिकारियों कर्मचारियों सहित भारतीय रेल के कुल एक सौ एक समर्पित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय रेल सेवा पुरस्कार 2024 प्रदान कर सम्मानित किया। अपनी सेवा और निष्ठा से भारतीय रेल को सशक्त बनाने वाले ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत मिथुन कुमार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 प्रदान किया। मिथुन कुमार ने अपने कार्य काल मे शत प्रतिशत फिल्ड गियर अनुरक्षित असाधारण समर्पण भावना से कार्य किया।

## संक्षेप

### साइकिल यात्रा निकालकर पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**गोपीगंज।** भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से एक पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गयी। अताउल अंसारी की अध्यक्षता में निकली साइकिल यात्रा को समाजसेवी अशोक कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर सदर मोहल, रामपुर घाट होते हुए मिजार्पुर जनपद के नीबी गहरवार होते हुए भिलौरा ग्राम में समाजसेवी अवधेश यादव के आवास पर पहुंची। वहां पहुँचने पर समाजसेवी के आवास पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें और सभी साइकिल चालकों का फूल माला से जोरदार स्वागत किया। अवधेश यादव ने मौजूद लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी को सुबह उठकर कुछ न कुछ योग व्यायाम के साथ-साथ आसपास के काम साइकिल से करने चाहिए। शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ रखना जरूरी है। भदोही साइकिलिंग क्लब का कार्य बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय है जो दूर-दूर जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रम हमारे जनपद में भी होने चाहिए। साइकिल यात्रा में श्रीपति यादव, धीरज बिंद, वैभव बिंद समेत आदि रहे।

### डीआईजी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**भदोही।** पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। डीआईजी आर पी सिंह ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग की गई। भदोही पुलिस की सोशल मीडिया टीम व अभिसूचना तन्त्र पूर्ण रूप से सक्रिय रहें।

### परीक्षा के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन पर मुस्तैद रही पुलिस

**गोपीगंज।** उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज संतोष सिंह पुलिस टीम के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्र तक पहुंचने मे गैर जनपद से आए अभ्यर्थियो को परेशानी न हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने मे लगे रहे।शासन प्रशासन स्तर पर परीक्षार्थियों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए गए थे, ताकि यूपीपीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को निष्पक्ष ढंग से सकुशल संपन्न हो सके।

### 1200 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**भदोही।** दुगार्गंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिरी सूचना के आधार पर एचपी पेट्रोल पम्प ग्राम जद्दुपुर के पास से रविवार को गांजा बिक्री के अवैध कारोबार में लिप्त गिरोह के आरोपी महेन्द्र कुमार गौड़ पुत्र स्व. खिलोधर गौड़ निवासी मिश्राइनपुर को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तारशुदा आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के झोला में 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया।

### फार्मर रजिस्ट्री कैंप का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** सरकार किसानों को योजनाओं का पारदर्शी तरीके से त्वरित लाभ प्रदान कर उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए एग्री स्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री द्वारा किसान कार्ड बनवा रही है जिसके द्वारा किसान सम्मान निधि सहित कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को मिलने में सहूलियत होगी। जनपद में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के निर्देशन में प्रत्येक गाँवो में कैम्प आयोजित कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है। रविवार को जिलाधिकारी द्वारा हरबसपुर गांव स्थित सीएससी पर फार्मर रजिस्ट्री हेतु चल रहे कैम्प का औचक निरीक्षण किया गया। उपस्थित किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की उपयोगिता के बारे में विस्तार जानकारी दी गई साथ ही साथ जिले के सभी को फार्मर रजिस्ट्री में बढ़ चढ़कर काम करने के लिए निर्देशित किये गए। उन्होंने बताया कि जिले में सात लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि मिल रही है जिसमें से अभी केवल लगभग 60 हजार किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कराया गया है, उन्होंने किसानों से भी अपील किया है कि अधिक से अधिक की संख्या में फॉर्मर रजिस्ट्री कराए जिससे जनवरी तक 19 किस्त का लाभ प्राप्त कर सके। किसान कैम्प द्वारा अथवा सीएससी द्वारा अपना किसान कार्ड अवश्य बनवा ले अन्यथा अगली किसान सम्मान निधि अवरुद्ध हो जाएगी।

### पहलवान देवी प्रसाद पाठक का निधन

**जफराबाद।** क्षेत्र के सखोई गांव निवासी देवी प्रसाद पाठक पहलवान 80 वर्ष का शनिवार की रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। 80 के दशक के जाने-माने पहलवान देवी प्रसाद पाठक की क्षेत्र के माने जाने पहलवानों में गिनती हुआ करता थी। विगत कई दिनों से बीमारी के चलते स्वास्थ्य ठीक नहीं था। शनिवार की रात में हृदय गति रूक जाने से मौत हो गई। अपने पीछे एक पुत्र को छोड़कर चले गए हैं। सुबह सूचना पर क्षेत्र के पहलवान व ग्रामीण उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार रामेश्वरम घाट राजेपुर पर किया गया।

### देसी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**रामपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियांहू के कुशल पर्यवेक्षण तथा थाना अध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में शनिवार को उपनिरीक्षक रामाश्रय कुशवाहा मय हमराह द्वारा गोपालपुर मोड़ पर संदिग्ध व्यक्ति एव वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को तीन देशी नजायज बम के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त फिरोज अहमद पुत्र अशरफ अली निवासी सियरहा नइबस्ती थाना कोतवाली जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया।

### विद्युत विभाग ने कैम्प लगाकर वसूल किया तीस लाख

**केराकत।** क्षेत्र के नौ स्थानों पर आम जन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये कैश काउंटर बनाकर 387 उपभोक्ताओ से 30.1 लाख रुपए के राजस्व की वसूली विद्युत विभाग ने रविवार को शाम तक किया। गौरतलब है कि एक मुश्त समाधान योजना का लाभ अधिकतम उपभोक्ताओं को पहुंचाने के उदेश्य से विद्युत वितरण खण्ड-ग्रामीण केराकत में अधिशसी अभियंता दिव्य रंजन के नेतृत्व उक्त कैम्प का आयोजन किया गया था। इस दौरान 56 बड़े बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन भी काटा गया। साथ ही बकायेदार उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना में रजिस्ट्रेशन करा अधिकतम सरचार्ज में छूट का लाभ लेकर विद्युत कनेक्शन विच्छेदन से बचने का सुझाव दिया गया।

# वुडवर्ड स्कूल में आयोजित किया गया एनुअल फेट



**भदोही।** वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में रविवार को एनुअल फेट का आयोजन किया गया। आयोजित एनुअल फेट में बच्चों के साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी भागीदारी की। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित किए गए एनुअल फेट में छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा तमाम प्रकार के खाने-पीने वाले सामानों की दुकानें सजाई गई थी। मेले में 100 से अधिक दुकाने लगी थी, जिसमे छात्र और अध्यापको ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। खाने के स्टालो मे चाट, गोलगप्पे, बर्गर, पिज्जा, आलू टिक्की, बिरयानी, कोल्ड कॉफी आदि के साथ खेलो के स्टाल में मटकी फोड़, गनफायर, बाल थ्रो, म्यूजिक शो, के साथ मिक्की माऊस और झूलो ले साथ विशाल संख्या में स्टाल लगे हुए थे। जहाँ जनपद के सभी नागरिक भारी से भारी मात्रा में ₹सपरिवार आकर मेले का आनन्द लिया। मेले में उपस्थित मेहमानो ने बच्चो की तम्मयता तथा काम के प्रति उत्तरदायित्व को देख कर विद्यालय प्रबन्धन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से निश्चित रूप से बच्चो मे दायित्त्व के गुणो का विकास होता है, जो वह कम उम्र मे ही परिवारिक जिम्मेदारी को समझने लगते है। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक पुनीत मेहरा, प्रिंसिपल शालिनी मेहरा कालीन निर्यातक, छात्र-छात्राएं और काफी संख्या में उनके अभिभावक मौजूद रहें।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 19 जनवरी को

**जौनपुर।** राजपूत सेवा समिति की आवश्यक बैठक कलीचाबाद स्थित महाराणा प्रताप पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता डा. एनके सिंह ने किया। बैठक में सभी सदस्यों ने राजपूत समाज के उत्थान और विकास के लिए वृहद रूप से चर्चा की। मुख्य रूप से महाराणा प्रताप के नाम पर एक सभागार का निर्माण कराने को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। वहीं 19 जनवरी को अहमदपुर ग्राम स्थित हरगोविंद सिंह इंटर कालेज के प्रांगण में राजूपत सेवा समिति द्वारा निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में जनपद के कई माने-जाने चिकित्सक भाग लेंगे। शिविर में सभी मरीजों का निः शुल्क जांच करने के बाद दवाईयां वितरित की जायेगी। राजपूत समाज के विकास के लिए समिति के सभी सदस्यों ने अपना-अपना सुझाव दिया। कार्यक्रम में प्रदीप सिंह सफायर, डा. तेज सिंह, डा. वीरेन्द्र बहादुर सिंह नवाब, अशोक सिंह, पम्मू सिंह, देवेन्द्र सिंह, रवीन्द्रनाथ सिंह एडवोकेट, सिद्धार्थ सिंह, अजीत सिंह, विनोद सिंह, बच्चा सिंह, सर्वेश सिंह, उपेन्द्र सिंह समेत आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ सिंह एवं रवीन्द्रनाथ सिंह ने किया।

# परीक्षार्थियों के लिए रेलवे स्टेशन परिसर में बना रैन बसेरा बना सहारा

जनसंदेश न्यूज



**राहत**

**रैन बसेरा में परीक्षार्थियों की भीड़ देख ईओ ने ठंड से बचाव की अतिरिक्त व्यवस्था**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में परीक्षार्थी देर शाम रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। रेलवे स्टेशन परिसर में नगर पालिका की ओर से बने रैन बसेरा इनके लिए ठंड की रात में मददगार साबित हुआ। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने रैंक बसेरे में शरण ली। हालांकि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भदोही नरगिस अतहर अंसारी के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भदोही धर्मराज सिंह ने पहले से ही इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। रैन बसेरा में भारी भीड़ देखते हुए देर रात ईओ मौके पर पहुंचकर व्यवस्था संभाली। अतिरिक्त रजाई गद्दे, और चाय, नाश्ता पानी का इंतजाम कराया। गौरतलब है कि बढ़ती ठण्ड एवं शीतलहर के दृष्टिगत नगरीय निकायों में निराश्रित एवं दुर्बल वर्ग के आश्रयहीन व्यक्तियों को ठहरने रुकने हेतु सुरक्षित स्थान प्रदान किये जाने के लिए मूलभूत सुविधाओं सहित नये अस्थायी रैन बसेरों के जिले के प्रमुख स्थानों पर निर्माण किया गया है। भदोही रेलवे स्टेशन परिसर में बने अस्थायी रैन बसेरा में निराश्रित एवं दुर्बल वर्ग के आश्रयहीन व्यक्तियों के साथ ही शनिवार की शाम परीक्षार्थियों के लिए वरदान साबित हुआ।

# नहीं मिला आवास तो शौचालय बना सहारा

**सुविधा**

**खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है विधवा महिला**

**परिवार को जरूरत है अंत्योदय कार्ड की, बना है पात्र गृहस्थी कार्ड**

जनसंदेश न्यूज



**केराकत।** देश में चारों तरफ विकास की बयार बह रही है देश के लोग सरकार की तरफ से दी जा रही तमाम योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। ऐसे में एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसे देखकर आपको बेहद अफसोस और सरकारी योजनाओं पर तरस आएगा। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि राज्य में क्या सचमुच विकास हुआ है या यह बस एक छलावा है जो केवल कागजों तक ही सीमित है। क्या आप शौचालय में रहने वाले किसी परिवार की कल्पना कर सकते हैं? यह सुनकर ताज्जुब हो रहा होगा मगर यह आजाद भारत का कड़वा सच है इस परिवार की दुर्दशा देखकर एक बार शायद आपको भी दया आ जाएगी यह खबर किसी और प्रदेश की नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की है।

हम बात कर रहे हैं तहसील क्षेत्र अंतर्गत सेनापुर ग्रामसभा के दाऊदपुर पुरवे की रहने वाली गीता देवी पत्नी स्व. रामाश्रय यादव 50 वर्ष की जो अपने नाबालिक पुत्र रितेश यादव के साथ शौचालय में रहती है। परिवार की माली हालत काफी खराब है। गरीबी और रहने के लिए जगह के अभाव ने इस परिवार को शौचालय में ही गुजारा करने को मजबूर कर दिया है। चाहे भीषण ठण्ड हो या भीषण बारिश, शौचालय ही पनाहगार है और पेड़ ही उसकी छत। यह परिवार लगभग दस वर्षों से यहां अपना जीवन बसर कर रहा है। गीता देवी ने बताया कि पति का निधन हुए 14 वर्ष हो गए है पहले हम लोग मिट्टी के बने घर में रहते थे लेकिन बारिश के कारण उनका पूरा घर ध्वस्त हो गया जिसके बाद परिवार के पास रहने के लिए कोई जगह नहीं थी। थक-हारकर गरीब परिवार ने सरकारी शौचालय में रहने का रास्ता चुना इस शौचालय में पूरे परिवार के लिए गृहस्थी का सारा सामना रखा जाता है खुले आसमान के नीचे खाना पकाती है और खाती है फिर वही बगल में दो चारपाई के बीच में सो जाती है। शौचालय व राशन कार्ड के अलावा इस गरीब परिवार को किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। विडंबना तो देखिए कि इस परिवार को अंत्योदय कार्ड की जरूरत है मगर पात्र गृहस्थी कार्ड बनवाया गया है जिस पर यूनिट प्रति व्यक्ति पांच किलो राशन मिलता है। परिवार में दो सदस्य है और राशन कार्ड पर केवल एक ही सदस्य का नाम है। जरा सोचिए क्या पांच किलो राशन से महीने भर का भरण-पोषण हो सकता है। हालांकि गीता देवी का पुत्र इस समय शहर में रह रहा है। लेकिन असल में उन्हें राशन कार्ड से ज्यादा सरकारी आवास की जरूरत है।

# सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**मड़ियाहूं।** सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज कादीपुर में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (प्रतिस्पर्धा) का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद मछलीशहर प्रिया सरोज व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉक्टर लीना तिवारी द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलों की शुरूआत गॉड ऑफ आनर, वेलकम गेस्ट के साथ शुरू हुआ। मार्च पास्ट के बाद ऑक्टोपस रेस, दौड़, पूजा डांस आदि खेल प्रतियोगिताओं में एक दूसरे के साथ बच्चों ने प्रतिस्पर्धा दिखाई। छात्राओं ने बिजली बचाओ देश को आगे बढ़ाओ जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना किया। उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सांसद प्रिया सरोज ने कहा कि इस तरह के खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। मुख्य अतिथि प्रिया सरोज व विशिष्ट अतिथि डॉक्टर लीना तिवारी ने विद्यालय के छात्र तेजस्वी यादव, गुंजन देवी, आयुष्मान सेठ, स्वास्तिक सिंह और निदा खान को विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए अंशिका राय को सम्मानित किया। प्रिंसिपल मेरी फ्रैंक व प्रबंधक सिस्टर अनूपा ने बच्चों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दिया। इस अवसर पर डॉक्टर रुचि शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, नरेंद्र तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# समाजसेवी की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों में कंबल वितरित




**बदलापुर।** क्षेत्र के धन्नी गोपालपुर गॉव स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार को डा. राम प्रसाद कलावती देवी जन कल्याण समिति की तरफ से समाजसेवी स्व. कलावती देवी की प्रथम पुण्य तिथि पर विधवा, विकलांग, असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के प्रबंधक डा. अनिल कुमार यादव ने मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिव प्रताप सिंह ₹नाटे₹ साथ में अन्य आगंतुको का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने समाजसेवी स्व. कलावती देवी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया और माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि इस संस्था से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर संस्था द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। संस्था के प्रबंधक ने कहा कि संस्था हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करती है। कार्यक्रम में पधारे आगंतुकों के हाथ से भी कंबल का वितरण कराया गया। इस अवसर पर 200 विधवा, विकलांग, बुजुर्ग व जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। इस मौके पर ओम प्रकाश सिंह, इन्द्र पाल सिंह, डा. महन्थू सिंह, शीतला प्रसाद यादव, भगवान प्रसाद यादव, बाबुल नाथ मिश्र, अशोक कुमार मिश्र, राजेश शुक्ला, दिनेश कुमार सिंह, राम सिंह, राज कुमार यादव, डा. दिलीप सिंह, विजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, ऋषि देव यादव, सुजीत कुमार यादव, शोभनाथ पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। मंच संचालन शेष मैन यादव ने किया। अंत में कार्यक्रम के आयोजक डा. राम प्रसाद यादव ने सबका आभार व्यक्त किया।

# नवोदय विद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन संपन्न

**मड़ियाहूं।** रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में पुरातन छात्रों का एल्यूमिनी 2024 कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पुरातन छात्रों ने अपने छात्र जीवन से जुड़े अनुभवों को मौजूद छात्रों से बातचीत कर साझा किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया। मुख्य अतिथि के रूप में पुरातन छात्र एमएलसी बृजेश सिंह प्रिशु ने बच्चों के साथ अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि कभी पीछे मुड़कर मत देखना रुकना मत रास्ता खुद मिलता जाएगा। पढ़ाई को टारगेट बनाकर आगे जारी रखना और



अपने ड्रीम को विकसित करते रहना तभी आप आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पुरातन छात्रों का धर्म है कि अपने विद्यालय को अपने कर्मों के अनुसार सुंदर और व्यवस्थित बनाएं। उन्होंने विद्यालय के प्रांगण में बच्चों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए फरवरी 2025 तक ओपन जिम बनवाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा मुख्य मार्ग से विद्यालय तक टूटी सड़क व विद्यालय गेट को बनवाने का भी आश्वासन दिया। प्राचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हमें पुरातन छात्रों पर गर्व है, जिन्होंने विद्यालय को इस ऊंचाई तक पहुंचने में हमारी मदद किया। कार्यक्रम में प्रीति शुक्ला, संतोष तिवारी, विमल पाठक, बालकृष्ण ओझा सहित दो दर्जन से अधिक अल्युमिनी छात्र मौजूद रहे।

# क्रीड़ा प्रतिभा, चरित्र व ज्ञान का संगम स्थल है कुटीर संस्थान



**पराऊगंज।** क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर ने कुटीर संस्थान द्वारा आयोजित खेल चरित्र निर्माण राष्ट्र निर्माण विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा भारतवर्ष की खेल परंपरा अद्भुत है हमने पश्चात संस्कृति के अनुसरण में उन्हें विस्तृत कर दिया है।

क्रीड़ा भारती का प्रमुख उद्देश्य भारतीय खेलों के प्रति जागृत पैदा करना है। हम आधुनिक बने लेकिन दूसरी संस्कृति के अंधानुकरण से नहीं बल्कि अपनी स्वस्थ परंपराओं का निर्वहन करते हुए। संगोष्ठी दो सत्र में संपादित हुई प्रथम सत्र में छात्राओं ने राष्ट्रीय खेल पर विभिन्न गीतो पर नृत्य प्रस्तुत किए एवं मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ। वैदिक मन्त्रोच्चार डॉ. सचिन शर्मा रुद्रांश ने अपने मुखारविद से गायन किया। संगोष्ठी के अगले क्रम में डॉ. अजयेंद्र कुमार दुबे व्यवस्थापक कुटीर संस्थान ने कहा कि भारतीय खेलों की प्रतिस्पर्धा पदको के प्रति लालायित नहीं है अभी तो उत्तम स्वास्थ्य उत्तम चरित्र एवं उत्तम व्यक्तित्व और महान राष्ट्र के निर्माण का आधार है। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रोफेसर राघवेंद्र कुमार पांडे ने किया।

इस अवसर पर रजत दीक्षित पूर्वी क्षेत्र कीड़ा भारती, रवि सिंह, पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट, वीरेंद्रनाथ उपाध्याय, सोनी कुंवर, भरत सिंह, शरद मिश्र, त्रिलोकी नाथ मिश्र, धर्मेंद्र दुबे, राहुल अवस्थी, कैलाश सिंह, डॉ. सीबी पाठक समेत क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनामिका शुक्ल एवं गौरव मिश्र ने किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# कई जगह लटकते विद्युत तार बने जी का जंजाल

**वार्ड परिक्रमा**

## वार्ड नंबर-55 प्रह्लाद घाट में हैं तमाम समस्याएं जनता है परेशान

### खराब स्ट्रीट लाइटों से गलियों व सड़कों पर रहता है अंधेरा

### नियमित नही होती सफाई सीवर पाइप लाइन का अभाव, नहीं होती सुनवाई

**ओंकार तिवारी**






**वाराणसी।** नगर निगम प्रशासन लाख दावे करें कि उनकी सीमा में रहने वाले नागरिकों को हर मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो रही है। लेकिन मिनी सदन की बैठकों में जनप्रतिनिधि अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाते रहते हैं। समस्याओं का निदान कितना होता है, होता भी है या नहीं। वार्डों में रहने वाली जनता किन-किन समस्याओं से जूझ रही है। उसकी दुश्वारियों को दूर करने में नगर निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधि कितनी रुचि लेते हैं।

समस्याओं के निराकरण में भेदभाव तो नहीं किया जाता है। तमाम ऐसे ही सवाल हैं, जिनको लेकर 'जनसंदेश टाइम्स' जनता के बीच पहुंच रहा है। शुरुआत की है वार्ड नंबर-55 प्रह्लाद घाट से। इस वार्ड में तो समस्याओं का जखीरा ही नजर आया। कई जगहों पर लटकते विद्युत तार लोगों के लिए जी का जंजाल बन चुके हैं। खराब स्ट्रीट लाइटों से गलियों और सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है। वार्ड के मोहल्लों में नियमित सफाई नहीं होती है। कूड़ों का उठान भी रोजाना नहीं होता। सीवर पाइप लाइन है ही नहीं। जनता का कहना है कि कई वर्षों से इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। किससे अपना दुखड़ा सुनाया जाए। कहीं पुरसाहाल नहीं।

नगर निगम के वार्डों में प्रह्लाद घाट वार्ड एक बड़े वार्ड में शुमार है। इस वार्ड की आबादी अनुमानित 50 हजार से अधिक है। गंगा के तट पर स्थित इस वार्ड का नामकरण भक्त प्रह्लाद के नाम पर हुआ है। इस वार्ड में सदियों से चली आ रही विश्वविख्यात नरसिंह लीला का मंचन होता है, जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। नागरिकों का कहना है कि जगह-जगह लटकते विद्युत तारों से बराबर खतरा बना रहता है। विद्युत तारों को दुरुस्त करने के लिए कई बार विभाग में गुहार लगायी गयी, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। खराब स्ट्रीट लाइटों के चलते अंधकार से जहां लोग परेशान है, वहीं नियमित सफाई नहीं होने और सीवर की पाइप लाइन ही नही रहने से नागरिक मुसीबत झेल रहे हैं। दुर्घटना हो या मुसीबत कोई सुनने वाला नहीं है। नागरिकों की मानें तो बंगाली बाड़ा क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं होती है। स्ट्रीट लाइटों के खराब पड़े रहने से रात्रि में जहां अंधकार व्याप्त रहता है, वहीं विद्युत खम्बों पर लगे तार जगह-जगह लटकते रहते हैं। इसके कारण लोग आशंकित रहते हैं। सफाईकर्मी पहले अच्छे थे, अब नही हैं।

कामेश्वर महादेव में कूड़ा नियमित नहीं उठता है। जिससे लोग त्रस्त रहते हैं। वार्ड में जनहित का कार्य जिस तरह तेजी से होना चाहिए था, उस प्रकार से नहीं हो पा रहा है। लेकिन गति धीमी होने से परेशानी है। वार्ड में जुगुल टोला भी आता है। जहां भवन संख्या ए 22/76-1 वाले गली में सीवर पाइप लाइन ही नहीं है, जिसके कारण क्षेत्रीय लोग काफी दिनों से परेशान हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।







**वार्ड का संक्षिप्त परिचय**

**वार्ड में शाामिल मोहल्ले-** प्रह्लाद घाट, मुकीमगंज, कायस्थ टोला, सदर महाल, नचनी कुंआ, सक्काघाट, बंगाली बाड़ा, मच्छोदरी, गायघाट, कामेश्वर महादेव, लालघाट, तेलियानाला, गोलाघाट, त्रिलोचन महादेव, लालासुर की गली, लालासंड की गली, जुगुल टोला, जेलगुलर आदि।
**वार्ड की अनुमानित आबादी-**50000
**अनुमानित वोटरों की संख्या-**25000
**वार्ड की विशेषताएं-**यह वार्ड काशी का जहां प्रवेश द्वार हैं। वहीं, भक्त प्रहलाद के नाम से वार्ड का नामकरण हुआ है।
**सर्वाधिक जटिल समस्याएं-**विद्युत के लटकते तार, खराब स्ट्रीट लाइट और नियमित सफाई में लापरवाही।
**निदान के क्या हुए प्रयास-**वार्ड प्रहलादघाट में जहां पेयजल की पाइप लाइन लगवाई गई है, वहीं कई क्षेत्रों में चौका लगवाया गया।
**किस विद्युत उपकेंद्र से मिलती है बिजली-**काशी और मच्छोदरी उपकेंद्र से।
**रोजाना कितने घंटे होती है आपूर्ति-**लगभग अधिकतम समय
**पेयजलापूर्ति की स्थिति-**लगभग ठीक-ठाक
**नियमित कूड़ा उठता है या नहीं-**नहीं

### अधिकतर स्ट्रीट लाइटें खराब



बंगाली बाड़ा क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं होती है। स्ट्रीट लाइटों के खराब पड़े रहने से रात्रि में जहां अंधकार व्याप्त रहता है, वहीं विद्युत खम्बों पर लगे तार जगह-जगह लटका रहता है। इसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

**विनोद यादव गप्पू**

### नियमित कूड़ा उठान नहीं



सफाईकर्मी कभी-कभार आते हैं। कामेश्वर महादेव में कूड़ा नियमित नहीं उठता है। जिससे लोग परेशान रहते है। जगह-जगह कूड़ों के ढेर से उठती दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है।

**कुलदीप टंडन**

### विकास की गति धीमी



वार्ड में जनहित का कार्य जिस तरह से तेजी से होना चाहिए था, उस प्रकार से नहीं हो पा रहा है। धीमी गति से कार्य होने से जनता ने जो उम्मीद लगाई थी, हालांकि पहले से बेहतर कहा जा सकता है।

**रामेश्वर यादव**

### नहीं है सीवर लाइन



वार्ड में जुगुल टोला भी आता है। जहां भवन सख्या ए 22/76-1 वाले गली में सीवर पाइप लाइन ही नहीं है, जिसके कारण क्षेत्रीय लोग काफी दिनों से परेशान है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

**अम्बरीश कुमार**

### बेहतर कार्य हो रहा है



वार्ड के सक्काघाट में पहले से बेहतर कार्य हो रहा है। इसमें जहां ध्यान देने की जरूरत है वहीं तेजी लाने की आवश्यकता है।

**रवि रंजन**

### अधिकारियों का सहयोग मिले तो होगा और बेहतर काम



अधिकारी सहयोग करें तो जनता के लिए और बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जा सकता है, लेकिन नगर निगम प्रशासन से सहयोग नहीं मिलता।

**अभिजीत भारद्वाज लक्की-पार्षद**

### जनता ही दे पाएगी बखूबी जबाब

चुनाव आया और गया। वार्ड की मूलभूत सुविधाएं या समस्याओं के बाबत जहां तक सवाल है, मै बेहतर नही कह पाऊंगा। यहां की जनता से पूछिए, वह इस बारे में बखूबी जबाब दे पाएंगी।
**मिथिलेश साहनी उर्फ बच्चा, रनर प्रत्याशी**

# मैरी क्रिसमस पर सेंट जॉन्स लेढ़ूपुर में सजावट

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** मैरी क्रिसमस के उपलक्ष्य में रविवार को सेंट जॉन्स स्कूल लेढ़ूपुर में भव्य सजावट की गयी। प्रधानाचार्य फादर हेनरी ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी।

मैरी क्रिसमस के अवसर पर सेंट जॉन्स स्कूल लेढ़ूपुर में स्थित क्रिसमस ट्री को भव्य रूप से सजाया गया था, इसके साथ ही माता मरियम की झांकी भी सजायी गयी। विद्युत झालरों से सजा मिनी क्रिसमस गार्डेन सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। प्रधानाचार्य फादर हेनरी ने रविवार को विशेष प्रार्थना करते हुए सभी को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने विद्यालय के सभी स्टॉफ को प्रभु यीशु के संदेशों को बताया और कहा कि उनका जन्म मानवता के कल्याण के लिए हुआ था। समाज में बुराई पर अच्छाई को स्थापित करते हुए उन्होंने इस पृथ्वी को ईश्वरीय संदेशों का प्रचार प्रसार किया।



# गुरुजनों से मिल पुरानी यादों में खोये छात्र

**पुरातन छात्र सम्मेलन**

### सेंट जॉन्स स्कूल बरेका में जुटे पुरनिया छात्रों ने एक दूसरे को लगाया गले

### विद्यालय के प्रति दिखायी अपनी भावना, कहा-जरूरत पड़ने पर देंगे सहयोग



**वाराणसी।** सेंट जॉनस स्कूल बरेका में रविवार को पूर्व छात्र समागम का आयोजन किया गया, वर्ष 1999 बैच के जुटे पुरनिया छात्रों ने कई साल के बाद मिलने पर एक दूसरे गले लगाया और फिर पुरानी स्मृतियों को जीवंत करते हुए गुरूजनों का आर्शीवाद लिया।

पूर्व छात्र समागन समोरह का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि वाराणसी धर्म प्रान्त के प्रमुख बिशप यूजिन जोसेफी, एजुकेशन सेक्रेटरी फादर सी. थॉमस, विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर गुरु संतराज ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी विद्यालय के लिए सबसे बड़ी खुशी की बात होती है जब वहां का छात्र एक कामयाब व्यक्तित्व के रूप में अपने विद्यालय आये और गुरूजनों से आर्शीवाद ले। पूर्व छात्र मिलन समारोह किसी भी संस्था य्के लिए गर्व की बात होती है। पूर्व छात्रों के साथ पूर्व शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के आगमन से विद्यालय गौरान्वित रहा। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा मनभावन कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसने सबका मन मोह लिया। रंगारंग कार्यक्रमों के बीच पूर्व छात्रों द्वारा पीपीटी प्रजेंटेशन, क्वीज आदि कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जोश से भरे कार्यक्रमों के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर गुरू संतराज ने सभी पूर्व छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद एवं आभार प्रस्तुत किया।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**पिंडरा।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय ओदार का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर लोगों की वाहवाही लूटी और जमकर धमाल मचाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा व रविशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात बच्चों ने नृत्य व गीत के माध्यम से सरस्वती वंदना के साथ ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। इस दौरान विविध कार्यक्रमों में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओ को मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर सिंह ने कहा कि बच्चों को निखारने की जरूरत है, उनके अंदर प्रतिभा की कमी नहीं है। इस दौरान बीईओ विनोद कुमार मिश्रा, एआरपी रामसेवक यादव, कमलेश कुमार, संजय वर्मा, प्राधनाध्यापक शमशेर बहादुर, शिवदत्त त्रिपाठी, राममनोहर लोहिया, कमलकांत पांडेय, संतोष मौर्य, ममता यादव, बिंदु सिंह, रेखा पाल, गोपाल, आशुतोष, समेत अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

# त्रिपदा पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**पिंडरा।** गांगकला स्थित त्रिपदा पब्लिक स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ रविवार को क्षेत्रीय विधायक डाक्टर अवधेश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने मशाल लेकर दौड़ भी लगाया। खेलकूद के प्रथम दिन कबड्डी व 100 मीटर से लेकर 500 मीटर तक की दौड़ प्रतियोगिता हुई। खेलकूद का संचालन विष्णु दत्त मिश्रा व आर्या मिश्रा ने किया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिवार खेलकूद में शामिल रहा।

# महामना टाइगर्स और रामनगर ईगल्स की शानदार जीत

**खेल**

### स्व. हरिश्चंद्र श्रीवास्तव स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** भाजपा कैन्ट विधानसभा की ओर से आयोजित पूर्व मंत्री स्व हरिश्चंद्र श्रीवास्तव हरीश स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को जयनारायण इंटर कॉलेज ग्राउंड में दो मैच खेले गए। पहले मैच में श्यामाप्रसाद टाइगर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

श्यामाप्रसाद टाइगर्स की पूरी टीम 12 ओवरों में 82 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से चंद्रनाथ मुखर्जी ने 20 रन, आयुष और पीयूष ने 11-11 रन बनाए।

महामना लेपड्र्स की ओर से राजेश और मधुसूदन ने 2-2 विकेट लिए, शिवम और अभिषेक ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करते हुए महामना लेपड्र्स की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच 9 विकेट से जीत लिया। राजीव सिंह पटेल ने नाबाद 37, गोपाल ने नाबाद 20 और आयुष ने 19 रनों का योगदान दिया। शानदार प्रदर्शन के लिए राजीव सिंह पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। नगर निगम में भाजपा पार्षद दल के सचेतक, बंगालीटोला वार्ड के पार्षद चंद्रनाथ मुखर्जी ने राजीव सिंह पटेल को पुरस्कृत किया। दूसरे मैच में रामनगर ईगल्स और छावनी सोल्जर्स के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। रामनगर ईगल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। छावनी सोल्जर्स ने निर्धारित 12 ओवरों में 6 विकेट पर 141 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

टीम की ओर से चंद्रप्रकाश गुप्ता ने 42, संदीप ने 41 और महेश ने 20 रन बनाए। रामनगर ईगल्स के गेंदबाजों में संतोष ने 2, नंदलाल और रितेश राय ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रामनगर ईगल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। रितेश राय ने नाबाद 53, संतोष ने 28 और डी.पी. सिंह ने 26 रनों का योगदान दिया। छावनी सोल्जर्स की ओर से हिमांशु ने 2 और चंद्रप्रकाश ने 1 विकेट लिया।

# ज्योतिष और वास्तु सहित अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विवि के ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो. रमेश प्रसाद ने बताया कि ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र द्वारा वर्ष 2025 में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 24 दिसंबर से 31 जनवरी 2025 तक खोले गए हैं। उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनुदानित इस केंद्र में 10 विषयों में क्रमशः डिप्लोमा उपाधियां प्रदान की जाती हैं।

इस समय सभी विषयों के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश खोले गए हैं, जिनमें संपूर्ण पाठ्यक्रम का शुल्क मात्र दो हजार रुपये है। वार्षिक डिप्लोमा में कुल 180 कक्षाएं संचालित की जाती हैं। वर्ष 2024 में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा लोकार्पित इस केन्द्र में त्रैमासिक एवं षण्मासिक प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम तथा वार्षिक डिप्लोमा के पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इस केन्द्र की विशेषता यह है कि विना किसी पूर्व योग्यता के कोई भी व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने से ऑनलाइन माध्यम से इसमें प्रवेश प्राप्त कर सकता है तथा कक्षाएं, परीक्षाएं एवं प्रमाणपत्र आदि समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन ही की जाती हैं। केंद्र के निदेशक प्रो. रमेश प्रसाद ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लाइव कक्षाओं का समय शाम 6.30 से रात्रि 10 बजे के मध्य रखा जाता है। अधिकृत एप के माध्यम से अपनी सुविधानुसार अभ्यर्थी कक्षाओं का अवलोकन पाठ्यक्रम की अवधि में कभी भी कर सकते हैं।

# प्रशस्ति पत्र देकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान



**प्रतिष्ठा बढ़ाई**

### लखनऊ में विधानसभा घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के संघर्ष को पार्टीजनों ने सराहा

**वाराणसी।** लखनऊ में 18 दिसंबर को आयोजित 'विधानसभा घेराव' कार्यक्रम में बनारस के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सड़क पर किए गए संघर्ष की पार्टी के लोगों ने सराहना की और सम्मान किया। कार्यकर्ताओं को प्रशस्ती पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। विधानसभा घेराव के लिए 17 दिसंबर की रात कांग्रेस कार्यकर्ता कैंट स्टेशन से लखनऊ के लिए रवाना होने वाले थे पर योगी की पुलिस ने बलपूर्वक रोकते हुए कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया था।

रिहाई अगले दिन देर शाम हुई थी। इसी संदर्भ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। सम्मान का यह कार्यक्रम मैदागिन स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित हुआ। इस दौरान लखनऊ में पुलिस की पिटाई से मृत प्रभात पांडेय को कार्यकर्ताओं ने मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रजानाथ शर्मा भी उपस्थित रहे। अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व संचालन महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने किया। समारोह में फसाहत हुसैन बाबू, दुर्गाप्रसाद गुप्ता, डा. राजेश गुप्ता, वीरेन्द्र कपूर, सतनाम सिंह, अशोक सिंह, हसन मेहदी कब्बन, राजीव गौतम, संतोष मौर्य, आशीष केशरी, मयंक चौबे, आशीष गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# काले पत्थर से निर्मित है द्वारिकाधीश की दुर्लभ मूर्ति

**काशी की शोभा**

### शंख, चक्र, गदा व पद्म संग आदिकाल से विराजमान हैं प्रभु

### चारों धाम में भगवान द्वारिकाधीश का भी होता है दर्शन

### मंदिर परिसर में रामानंदाचार्य समेत अन्य देवविग्रहों की भी मूर्तियां हैं, काशी खण्डोक्त द्वारिकाधीश भगवान की है मूर्ति

**राधेश्याम कमल**








**वाराणसी।** काशी में वैसे तो न जाने कितने देव विग्रह विराजमान हैं। सभी का अपना अलग-अलग इतिहास है। इनमें शंकूधारा पोखरे के सामने अति प्राचीन भगवान द्वारिकाधीश की मूर्ति विराजमान है। यह मूर्ति काले पत्थर की है। यह मूर्ति कितनी प्राचीन है यह कहना मुश्किल है। इसको लेकर शोध भी चल रहा है।

कई लोग इस मूर्ति को लेकर शोध कर रहे हैं कि आखिर यह मूर्ति कितनी साल पुरानी है। वैसे इसका उल्लेख गर्ग संहिता ब्रह्मवमीवत्र पुराण मे भी उल्लेख है। इसके साथ ही काशीखण्ड में भी इसका जिक्र है। इससे प्रमाणित होता है कि यह मंदिर हजारों साल पुराना है। यहां पर भगवान द्वारिकाधीश की दिव्य व चतुर्भुजा वाली प्रतिमा विराजमान है।

भगवान के चारों हाथों में शंख, चक्र, गदा व पद्म है। इनके साथ रुक्मिणी व सत्यभामा भी विराजमान है। इस प्राचीन मंदिर के महंत रामादासाचार्य महराज हैं। वे बताते हैं कि यह मंदिर अति प्राचीन है। इसका अनुमान हजारों साल पुराना लगाया जा सकता है। यह मंदिर जैसे पहले था आज भी उसी तरह विराजमान है। इस मंदिर में किसी ने प्रतिमा के साथ कोई बदलाव नहीं किया। मंदिर में द्वारिकाधीश के बगल में छह फुट की राम-जानकी की मूर्ति है, जो हम सभी के इष्टदेव हैं। द्वारिकाधीश के बायीं ओर वैष्णव समाज के आदि रामानंदाचार्य की डेढ़ फुट की मूर्ति है। परिसर में द्वारिकारेश्वर महादेव भी विराजमान हैं। यहां पर भोर में मंगला आरती होती है। इसके साथ ही मंदिर का पट खुलता है। मंदिर में दर्शन पूजन रात्रि तक चलता रहता है। यहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आगमन हो चुका है।

### हरिशयनी एकादशी को लगता है कष्टहरि का मेला

रामदासाचार्या बताते हैं कि यहां पर हरिशयनी एकादशी को कष्टहरि का मेला लगता है। यह मेला हर साल 17 जुलाई को लगता है। वे बताते हैं कि यहां पर मंदिर के सामने शंकूधारा पोखरे के पास दैत्य शंकासुर रहता था। इसको लेकर लोग काफी त्रस्त थे। देवताओं ने इससे लोगों की रक्षा करने की भगवान शिव से प्रार्थना की। शिव ने कहा कि वह हमारा शिष्य है। हम कुछ नहीं कर सकते। इस पर शंकरजी ने भगवान द्वारिकाधीश को भेजा। जिस पर द्वारिकाधीश काशी आये और उस दैत्य का वध कर दिया। तभी से यहां पर सभी का कष्ट दूर हुआ और यहां पर कष्टहरि मेला शुरू हो गया। जब कर्क राशि पर भगवान सूर्य आते हैं तब शंकूधारा तीर्थ का महत्व और भी बढ़ जाता है। अपभ्रंश होते-होते इस मेले का नाम कटहरिया मेला पड़ गया। इस मेले में कटहल का कोआ खूब बिकता है। मंदिर में आगामी 6 जनवरी से अपराह्न एक बजे से रामकथा होने जा रही है। यहां पर राजेश कुमार गुप्ता, चन्द्रकिशोर चतुर्वेदी, अनिल शुक्ल, रमेश द्विवेदी, नेहा समेत न जाने कितने ही शिष्य इस मंदिर से जुड़े हुए हैं।

### पति को धर्म के मार्ग पर ले जाने वाली ही धर्मपत्नी : राघव

**वाराणसी।** ऋषि आश्रम सेवा समिति, वाराणसी के तत्वावधान में उर्मिला उपवन, नुआंव, नरायनपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा एवं महालक्ष्मी पूर्णाभिषेक के तृतीय दिवस रविवार को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्तापूज्य राघव ऋषि ने कहा कि हम सम्पूर्ण जीवन संसार को खुश करने में लगे रहते है जिसका कोई लाभ नहीं, यदि खुश करना ही है तो उस परमात्मा को करो जो हमारे जीवन का आधार है। देशभर से आये बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए राघव ऋषि ने कहा कि भगवान जब जीव पर कृपा करते है तो इस जगत को देखने का नजरिया ही बदल जाता है। बुद्धि सद्बुद्धि में बदल जाती है, सबमें ईश्वर का अंश ही नजर आने लगता है। कहा कि आंखें शुद्ध रखो क्योंकि पाप प्रथम आंख से प्रविष्ट होता है। आंख बिगड़ी तो मन बिगड़ा, मन बिगड़ा तो जीवन और नाम भी बिगड़ जाएगा। मनुष्य शरीर की अपेक्षा मन से पाप करता है।